उज्जैन
गुरुवार
12
मार्च, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-127
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



मोनालिसा ने मुस्लिम बॉयफ्रेंड फरमान खान से शादी की परिवार के विरोध के बाद पुलिस से मांगी सुरक्षा, महाकुंभ मेले में हुई थीं वायरल

पेज- 8

## ट्रम्प के पास जंग खत्म करने का कोई प्लान नहीं, ईरान की ताकत का गलत अंदाजा लगाया



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प 18 फरवरी को जब यह तय कर रहे थे कि ईरान पर हमला किया जाए या नहीं, तब ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने एक इंटरव्यू में कहा था कि उन्हें यह चिंता नहीं थी कि अगर युद्ध हुआ तो मिडिल ईस्ट से तेल की सप्लाई पर असर पड़ेगा या तेल के बाजार में बड़ी गड़बड़ी होगी। राइट ने कहा था कि पिछले साल जून में जब इजराइल और अमेरिका ने ईरान पर हमले किए थे, तब भी तेल बाजार पर ज्यादा असर नहीं पड़ा था। उनके मुताबिक उस समय तेल की कीमत थोड़ी बढ़ी थी, लेकिन जल्द ही नीचे आ गई थी। ट्रम्प के दूसरे सलाहकार भी निजीतौर पर इसी तरह की राय रखते थे। उनका मानना था कि चेतावनियां बढ़ा-चढ़ाकर दी जा रही हैं और ईरान शायद ही इस बार तेल ले जाने वाले समुद्री रास्तों को बंद करेगा, जिनसे दुनिया की लगभग 20% तेल सप्लाई गुजरती है।

## ओमान के सलालाह पोर्ट में तेल स्टोरेज पर ड्रोन अटैक

**तेल अवीव/तेहरान।** ओमान के दक्षिणी शहर सलालाह के पोर्ट पर तेल स्टोरेज टैंकों पर ड्रोन हमला हुआ है।ओमानी सरकारी मीडिया के मुताबिक ड्रोन हमले के बाद पोर्ट के फ्यूल स्टोरेज टैंकों में आग लग गई, हालांकि किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। हमले के पीछे किसका हाथ है, यह अभी साफ नहीं है। समुद्री सुरक्षा कंपनी एम्ब्रे ने बताया कि इस घटना में पोर्ट पर मौजूद किसी व्यापारी जहाज को नुकसान नहीं हुआ। घटना के बाद ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक अल-सईद ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान से फोन पर बात की और ओमानी क्षेत्र पर हो रहे हमलों पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि ओमान अपनी सुरक्षा और स्थिरता बनाए रखने के लिए सभी जरूरी कदम उठाएगा।

## रेपिस्ट आसाराम रामलला का दर्शन करने अयोध्या पहुंचा



**अयोध्या।** रेप केस में सजायाफ्ता आसाराम मंगलवार शाम अयोध्या पहुंचा। वह सरयू तट पर घूमा। इस दौरान तमाम लोग उसके सामने हाथ जोड़ते नजर आए। आसाराम ने कहा, भगवान रामलला के दर्शन करूंगा, इसलिए यहां आया हूं। आसाराम ने कहा, भारत में कई ऐसे तीर्थ स्थान हैं, जहां प्राण त्यागने या जाने मात्र से मनुष्य का कल्याण होता है। शास्त्रों में सात मोक्षदायी स्थान बताए गए हैं। इनमें अयोध्या, मथुरा, माया (हरिद्वार), काशी, कांची, अवंतिका और पुरी हैं। मानव शरीर में वात, कफ और पित्त तीन दोष होते हैं और तीर्थ स्थलों पर जाने से इन दोषों का प्रभाव कम होता है।

## रूस से 3 करोड़ बैरल कच्चा तेल खरीदेगा भारत

**नई दिल्ली।** ईरान-इजराइल में जारी जंग के बीच स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज रूट बंद हो गया है। ऐसे में कच्चे तेल की सप्लाई बंद होने के बाद भारत करीब 3 करोड़ बैरल कच्चा तेल रूस से खरीदेगा। यह दावा ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट में किया गया है। रिपोर्ट में बताया कि इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी कंपनियों ने रूस से तेल के एग्रीमेंट किए हैं। हाल ही में अमेरिका ने समुद्र में फंसे रूसी तेल के शिपमेंट्स खरीदने के लिए भारत को 30 दिन (3 अप्रैल तक) की छूट देने का दावा किया था। हालांकि, इस पर भारतीय अधिकारी कह चुके हैं कि भारत तेल खरीदने के लिए किसी भी देश की इजाजत पर निर्भर नहीं है। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका और इजरायल के ईरान पर हमलों के बाद 'स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज' के जरिए होने वाली तेल की सप्लाई प्रभावित हुई है।

## मध्यप्रदेश में एक साल में 19वीं बार उधारी, आखिर क्यों बढ़ रहा एमपी पर कर्ज का बोझ?

# 5800 करोड़ फिर कर्ज लेगी मोहन सरकार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मोहन यादव की मध्य प्रदेश सरकार ने एक बार फिर तीन किस्तों में 5800 करोड़ रुपये का कर्ज लेने का फैसला किया है। इससे पहले होली के दौरान भी सरकार ने 6300 करोड़ रुपये का कर्ज लिया था।

मध्य प्रदेश सरकार मंगलवार को एक बार फिर तीन किस्तों में 5800 करोड़ रुपये का कर्ज लेने जा रही है, जो भारतीय रिजर्व बैंक के माध्यम से लिया जाएगा। बता दें, इससे पहले होली के दौरान भी सरकार ने 6300 करोड़ रुपये का कर्ज लिया था। इस तरह से देखा जाए तो प्रदेश के ऊपर कुल देनदारी 5,06,000 करोड़ रुपये के करीब हो जाएगा।




### 1 साल में 19वीं बार उधारी

वित्त विभाग के अधिकारियों के अनुसार, 10 मार्च यानी मंगलवार को तीन किस्तों में 1900 करोड़, 1700 और 2200 करोड़ रुपए का कर्ज लिया। इस कर्ज के का उपयोद सरकार विकास परियोजना और आर्थिक गतिविधियों को गति देने के लिए करेगी। खास बात यह है कि इस वित्तीय वर्ष में सरकार अबतक पहले ही 18 बार कर्ज ले चुकी है, वहीं नए कर्ज को मिलाकर यह 19वीं उधारी है।

- इन नए कर्जों के साथ चालू वित्तीय वर्ष में एमपी सरकार द्वारा लिया गया कुल कर्ज करीब 84,900 करोड़ रुपए तक पहुंच जाएगा। वहीं, प्रदेश पर कुल देनदारी बढ़कर लगभग 5 लाख 6 हजार 640 करोड़ रुपए हो जाएगी। विशेषज्ञों के मुताबिक, इस उधारी के पीछे कई बड़े कारण हैं।
- पहला कारण है केंद्र सरकार द्वारा राज्यों को दिया जा रहा 50 साल का ब्याज मुक्त कर्ज।
- इस कर्ज का इस्तेमाल पूंजीगत खर्चों को बढ़ाने के लिए किया जा रहा है।
- इसके अलावा, मध्य प्रदेश में चल रही कई योजनाएं, कृषि और उद्योगों में निवेश।
- सबसे अहम कारण है, पुराने कर्जों का मूलधन और ब्याज चुकाने के लिए सरकार को बड़ी राशि की जरूरत पड़ रही है।

### पिछले वित्त वर्ष का कर्ज

इससे पहले सरकार ने होली से एक दिन पहले सरकार ने चार अलग-अलग कर्ज लेकर कुल 6300 करोड़ रुपए जुटाए थे, जो एक ही दिन में चालू वित्त वर्ष का सबसे बड़ा कर्ज माना गया। वहीं, 17 फरवरी को भी राज्य सरकार ने चार अलग-अलग कर्ज लिए थे। बता दें, 31 मार्च 2025 तक यानी पिछले वित्तीय वर्ष में मध्य प्रदेश पर कुल कर्ज 4 लाख 21 हजार 740 करोड़ रुपए था, जो अब लगातार नई उधारी के कारण तेजी से बढ़ता जा रहा है।

### सरकारें क्यों ले रही इतना कर्ज?

दरअसल, केंद्र सरकार राज्यों को पूंजीगत खर्च बढ़ाने के लिए 50 साल का ब्याज-मुक्त कर्ज उपलब्ध करा रही है, जिसके कारण राज्यों ने वित्त वर्ष की पहली तिमाही से ही पहले के मुकाबले ज्यादा उधारी लेना शुरू कर दिया है।

## जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम फारूक अब्दुल्ला पर फायरिंग

### सुरक्षाकर्मियों ने बचाया, हमलावर बोला- उन्हें 20 साल से मारना चाहता था

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जम्मू

नेशनल कॉन्फ्रेंस अध्यक्ष और जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला पर बुधवार रात एक व्यक्ति ने फायरिंग कर दी। गनीमत रही कि गोली उन्हें नहीं लगी। अधिकारियों के मुताबिक फारूक जम्मू में एक शादी समारोह में पहुंचे थे। उनके साथ राज्य के डिप्टी सीएम सुरिंदर चौधरी भी थे।

घटना का सीसीटीवी भी सामने आया है। इसमें देखा जा सकता है कि 70 साल के हमलावर कमल सिंह जामवाल ने पीछे से आकर फारूक के सिर पर रिवॉल्वर तान दी। सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत हमलावर का हाथ हटाया जिससे फायर हवा में हो गया।

आरोपी को पकड़ लिया गया है और हमले के कारणों का पता लगाया जा रहा है। हमलावर कमल ने पुलिस को बताया- मैं पिछले 20 सालों से फारूक अब्दुल्ला को मारना चाहता था। यही मेरा मकसद था। पुलिस के मुताबिक, हमलावर पिछले कई सालों से लाइसेंसी हथियार इस्तेमाल कर रहा है। फारूक अब्दुल्ला, सुरिंदर चौधरी और दूसरे बड़े नेता नेशनल कॉन्फ्रेंस के कार्यकर्ता सुरजीत सिंह के बेटे की शादी में शामिल हुए थे। हमलावर सुरजीत सिंह का कजिन है। वह बिजनेसमैन है और उसकी पुराने शहर में कुछ दुकानें हैं।


## इंदौर में केले से भरा आयशर ट्रक से टकराया, ड्राइवर- क्लीनर की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के कनाडिया थाना क्षेत्र में बिचोली हाप्सी ब्रिज पर बुधवार देर रात सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। केले से भरा आयशर वाहन हाईवे पर खड़े ट्रक से पीछे से टकरा गया। टक्कर में आयशर चालक और क्लीनर की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार आयशर वाहन राऊ की ओर से देवास की तरफ जा रहा था। इसी दौरान बिचोली हाप्सी ब्रिज के पास सड़क किनारे खड़े ट्रक से उसकी तेज टक्कर हो गई। हादसे के समय ट्रक पर एक जेसीबी मशीन खड़ी थी। टक्कर इतनी तेज थी कि आयशर का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार दोनों लोग केबिन में फंस गए। हादसे में आयशर चालक रमेश उर्फ राजेश पुत्र फूलचंद गोयल निवासी बड़वानी और क्लीनर राजू उर्फ राजेश निवासी बोधवाड़ा, धार की मौके पर ही मौत हो गई।

### चैत्र नवरात्र से जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरूआत

## तालाब, बावड़ी, नदियों और नालों से सख्ती के साथ अतिक्रमण हटाया जाएगा



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मप्र शासन के नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान-2026 में पूरे प्रदेश के साथ ही उज्जैन जिले में भी जल संपदा को सहेजने और नगरीय क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास हेतु सुदृढ़ रणनीति तैयार की गई है। चैत्र नवरात्र से जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरूआत होगी। इस अभियान के तहत शहरी क्षेत्रों में तालाब, बावड़ी, नदियों और नालों से सख्ती के साथ अतिक्रमण हटाया जाएगा।

साथ ही जल स्त्रोतों के जीर्णोद्धार और अमृत 2.0 के तहत विकास कार्यों पर 760 करोड़ रुपए से अधिक खर्च किए जाएंगे। इसके लिए सभी जिलों के कलेक्टरों और नगरीय निकायों के आयुक्त व सीएमओ को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दिशा-निदेशों के अनुरूप तैयार इस कार्य योजना का मुख्य ध्येय नगरीय निकायों में पारंपरिक जल स्त्रोतों का पुनरुद्धार करना और पर्यावरण संतुलन को बनाए रखते हुए नागरिकों के लिए बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करना है। इस अभियान में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए शासन ने सभी नगरीय निकायों को निर्देशित किया है कि वे नदियों, तालाबों, बावड़ियों और नालों के किनारों पर किए गए अतिक्रमण को चिह्नित कर तत्काल हटाने की प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें। जल संरचनाओं को अतिक्रमण मुक्त बनाने से न केवल उनके प्राकृतिक स्वरूप को लौटाया जा सकेगा। साथ ही वर्षा जल के निर्बाध प्रवाह से भू-जल स्तर में भी आशातीत वृद्धि होगी। नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार पारंपरिक जल स्त्रोतों के पुनरुद्धार के लिए नदियों, तालाबों, बावड़ियों और नालों के किनारों पर किए गए अतिक्रमण को चिन्हित कर तत्काल हटाने की कार्रवाई की जाएगी। विभाग का मानना है कि जल संरचनाओं को अतिक्रमण मुक्त करने से उनके प्राकृतिक स्वरूप की पुनर्स्थापना होगी और वर्षा जल से भू-जल स्तर में भी वृद्धि होगी।

## महाराष्ट्र विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

महाराष्ट्र विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद परिसर में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी की स्थिति बन गई और कर्मचारी गेट के पास जमा हो गए।

पुलिस पूरे परिसर की जांच कर रही है और धमकी वाले ईमेल की भी जांच की जा रही है। फिलहाल विधान भवन की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। महाराष्ट्र विधानसभा का इन दिनों बजट सत्र चल रहा है। इसी वजह से कई मंत्री और विधायक भी परिसर में मौजूद थे। एहतियात के तौर पर कर्मचारियों और अधिकारियों को इमारत से बाहर निकाला गया है।



## खबर एक नजर...

### दिन महसूस हुई गर्म हवा, तापमान 38 के करीब

**उज्जैन।** होली-रंगपंचमी के बाद से तापमान में लगातार तेजी आ रही है। बुधवार को दिन में गर्म हवा महसूस होने लगी थी। धूप भी काफी तीखी थी इस बीच शासकीय जीवाजीराव वेधशाला पर अधिकतम तापमान 37.7 डिग्री दर्ज किया गया। सीजन में अब तक का सबसे अधिक रहा। धूप तीखी होने पर दिन में आर्द्रता का प्रतिशत 22 हो गया था। दिन में हवा 4 से 5 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चली। जहां अधिकतम तापमान बढ़ रहा है, वहीं न्यूनतम तापमान में उतार-चढ़ाव बना हुआ है। पिछले एक सप्ताह से रात में तापमान 14 से 15 डिग्री के आसपास दर्ज हो रहा है। मौसम वैज्ञानिकों की माने तो अब गर्मी की पूरी तरह से शुरूआत हो चुकी है। मार्च माह के अंत तक तापमान 42 डिग्री को पार कर सकता है।

### मायके में रहने वाली महिला ने लगाई फांसी

**उज्जैन।** पति से अलग होने के बाद मायके में रह रही महिला ने फांसी लगा ली। बुधवार सुबह उसका शव फंदे पर लटका मिला। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। चिमनगंज थाना क्षेत्र के अतिरिक्त विश्वबैंक कालोनी में रहने वाले रियाज एहमद की 35 वर्षीय पुत्री निलोफर ने रात में फांसी लगा ली थी। सुबह पिता उसे जगाने के लिये कमरे में पहुंचे तो उसे फंदे पर लटका देखा। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पहुंची और शव फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल लाया गया। इस दौरान परिजनों ने बताया कि निलोफर की शादी 8 साल पहले शाजापुर में हुई थी, लेकिन पारिवारिक विवाद के चलते वह कुछ महिनों बाद ही मायके आ गई थी, जिसके बाद वापस नही लौटी थी। वह मायके में रहकर ब्यूटी पार्लर में काम कर रही थी। रात में सबकुछ ठीक था, ऐसा लगा नहीं कि वह परेशान है और इतना बढ़ा कदम उठा लेगी। पुलिस के अनुसार फिलहाल मर्ग कामय किया गया है। परिजनों के बयान दर्ज कर जांच शुरू की जायेगी।

### अब तक 13 केंद्रों पर लगे 1283 किशोरियों को एचपीवी के टीके

**उज्जैन।** किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए जिले में एचपीवी टीकाकरण अभियान लगातार जारी है। अभियान के तहत अब तक जिले में 1283 से अधिक किशोरियों को निःशुल्क एचपीवी टीका लगाया जा चुका है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार यह अभियान अगले तीन माह तक जारी रहेगा। सीएमएचओ डॉ. अशोककुमार पटेल ने बताया जिले में 13 स्वास्थ्य संस्थानों पर यह टीकाकरण निःशुल्क किया जा रहा है। इनमें आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज, जिला चिकित्सालय चरक भवन, सिविल अस्पताल माधवनगर, जीवाजीगंज के अलावा अन्य तहसील के केंद्र शामिल है।,

### इस बार गेहूं बेचने के लिए रिकॉर्ड 1.25 लाख पंजीयन

**उज्जैन।** सरकार को समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने के लिए उज्जैन जिले में इस बार रिकॉर्ड 1.25 लाख किसानों ने पंजीयन करवा लिया। किसानों के पंजीकृत 3 लाख हेक्टेयर रकबे के हिसाब से इस बार खरीदी का रिकॉर्ड भी संभवतः टूटेगा ही। यह पहला मौका है जब समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने के लिए किसानों ने इतना उत्साह दिखाया है। इससे पहले पंजीयन का यह आंकड़ा 70 हजार से लेकर 97 हजार तक ही रहता आया है। पहले से 197 खरीदी केंद्र बनाने वाले अधिकारियों ने अब खरीदी संसाधन बढ़ाने की तैयारी शुरू कर दी है, क्यों?कि पिछले साल की तुलना 97 हजार पंजीकृत किसानों की तुलना इस साल 28 हजार किसान बढ़ गए हैं। जिन्होंने 3 लाख हेक्टेयर रकबा दर्ज करा दिया है। रकबे के हिसाब से खरीदी का आंकड़ा 80 से 90 लाख क्विंटल तक पहुंचने का अनुमान है। आपूर्ति नियंत्रक शालू वर्मा ने बताया कि पंजीयन का आंकड़ा पिछले रिकॉर्ड के मुताबिक अब तक का सबसे ज्यादा है। केंद्र व भंडारण के इंतजाम बढ़ा रहे हैं। जिन किसानों ने 2025 में भावांतर योजना के लिए पंजीयन नहीं कराया उन्हें 500 से 700 रुपए प्रति क्विंटल नुकसान हुआ। उन्हें भावांतर की राशि नहीं मिली। इसलिए किसानों ने सरकार द्वारा फिक्स दाम 2625 रु. का लाभ पक्का करने पंजीयन करा लिया।

# चिंतामन गणेश मंदिर में अव्यवस्था

## लापरवाही जो हादसे को दे सकती है जन्म

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ पं. राहुल शुक्ल.उज्जैन







चैत्र मास के बुधवार को प्रसिद्ध चिंतामन मंदिर में दर्शन का बहुत महत्व है। धार्मिक मान्यतानुसार चैत्र मास के बुधवार को भगवान गणेश की पूजन व दर्शन से सभी मनोरथ पूर्ण होते हैं। इसी अभिलाषा से सैकडों श्रद्धालु चिंतामन गणेश मंदिर पहुंचते हैं। बुधवार को श्रद्धालुओं की तादाद अधिक होने से यहां विशेष इंतजाम होना प्रासंगिक हैं किन्तु कल मंदिर मे लापरवाही व अनियमितता नजर आई। भीड़ अधिक होने पर भी न तो व्यवस्थित कतार लगवाने वाला कोई जिम्मेदार दिखाई दिया और न ही निर्गम द्वार पर तैनात पुलिसकर्मी निर्गम द्वार से प्रवेश रोक पा रहा था। मात्र कुछ पुलिस जवान व्यवस्थाओं को कायम रखने पर नाकाम साबित हो रहे थे।

**संकरे स्थान पर घुटन-** मंदिर के सभा मंडम में एकसाथ कई श्रद्धालुओं के जमघट से कुछ लोगों को घुटन का अनुभव हुआ। सभा मंडप में व्यवस्था बनाने के लिए कोई भी पुलिस कर्मी या स्वयंसेवी नजर नहीं आया। निर्गम द्वार पर जरूर एक जवान तैनात था जिसका रवैया लचर था।

**रसूखदार व पैसेवालों के लिए निर्गम द्वार से प्रवेश-** मंदिर के प्रांगण में जहां आम दर्शनार्थी देर तक लाइन में लगकर दर्शन की बाट जोह रहे थे वहीं पैसेवाले व रसूखदार लोग निर्गम द्वार से बेरोकटोक सीधे मूर्ति के सामने पहुंच रहे थे। इस दौरान कुछ पंडित भी अपने यजमानो को वी आई पी बनाकर निर्गम द्वार से ले जाते नजर आए।

**लापरवाही बजा रही खतरे की घंटी-** अनुशासन की कमी के चलते मंदिर के बाहर चार कतार श्रद्धालुओं ने स्वयं बना ली और मंदिर के संकरे मंडप में ढेर सारे लोग एकसाथ एकत्र होते रहे। इसी दौरान धक्का मुक्की भी होती रही। ऐसे मे वृद्ध व महिलाओं को संतुलन बनाए रखने मे काफी दिक्कत होती रही। तापमान अधिक होने से संकरे मार्ग पर घुटन का खतरा भी बना रहा। देखने मे ये आता रहा है कि प्रशासन की नींद तब खुलती है जब कोई अप्रिय घटना घटित हो जाती है। हादसे के बाद प्रशासन सतर्क होता है किन्तु समय रहते व्यवस्थाओं में सुधार नहीं किया जाता। चिंतामन मंदिर शहर से दूर भी है ऐसे में यदि भगदड़ मच जाए तो स्थिति गंभीर हो सकती है।

**बेतरतीब वाहनो का जमावड़ा -** मंदिर के बाहर भी वाहन बेतरतीब खड़े थे जिससे मंदिर के प्रवेश द्वार तक पहुंचना ही एक बड़ी जंग जीतने जैसा था। मंदिर के बाहर यातायात अवरूद्ध होता रहा क्योंकि बाहर कोई ट्रेफिक पुलिस जवान नजर नहीं आ रहा अभी इतनी अव्यवस्था है तो आनेवाले सिंहस्थ महापर्व पर स्थिति कैसे नियंत्रित हो पाएगी ये एक यक्ष प्रश्न है।

# महाकाल दर्शन करने पहुंचे डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य

## 'कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर और अभिनेत्री निधि अग्रवाल ने भी किए दर्शन

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन

उज्जैन स्थित महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में बुधवार को उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, कथा वाचक देवकीनंदन ठाकुर और अभिनेत्री निधि अग्रवाल ने दर्शन किए।

केशव प्रसाद मौर्य ने भगवान महाकाल की संध्या आरती में शामिल होकर दर्शन किए। मंदिर पहुंचने पर श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से सहायक प्रशासक हिमांशु कारपेंटर ने उनका स्वागत और सम्मान किया। उपमुख्यमंत्री मौर्य ने मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर बाबा महाकाल का आशीर्वाद लिया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि प्राचीन नगरी उज्जैन को अवंतिका नगरी कहा जाता है और यहां के राजा स्वयं महाराजाधिराज बाबा महाकाल हैं, जो सभी के रक्षक हैं। उन्होंने कहा कि बाबा महाकाल की कृपा से उन्हें कई बार उज्जैन आने का सौभाग्य मिला है। उन्होंने मध्यप्रदेश सरकार द्वारा विकसित महाकाल लोक की भी सराहना करते हुए कहा कि पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह महाकाल लोक का निर्माण हुआ है, वह अत्यंत दिव्य और दर्शनीय है, जिसकी प्रशंसा के लिए शब्द कम पड़ जाते हैं।

**देवकीनंदन ठाकुर ने कहा- अद्भुत शांति मिली-** कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर ने मंदिर में पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर प्रबंध समिति की ओर से उनका स्वागत और सत्कार किया गया। दर्शन के बाद कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर ने कहा कि महाकाल के दरबार में आकर उन्हें अद्भुत शांति मिली। उन्होंने भगवान महाकाल से सभी के लिए सुख, समृद्धि, सद्बुद्धि और भक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

**निधि अग्रवाल ने मांगी मनोकामना-** फिल्म अभिनेत्री निधि अग्रवाल ने भी ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर के दर्शन किए। उन्होंने नंदी गृह से भगवान से हाथ जोड़कर मनोकामना मांगी और पंडितों के मंत्रोच्चार के साथ जल अर्पित किया। इस दौरान वह महाकाल की भक्ति में लीन दिखाई दीं। निधि अग्रवाल एक भारतीय फिल्म अभिनेत्री और डांसर हैं, जो मुख्य रूप से तेलुगु, तमिल और हिंदी फिल्मों में काम करती हैं। उन्होंने वर्ष 2017 में टाइगर श्रॉफ के साथ फिल्म 'मुन्ना माइकल' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था, जिसके लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ महिला डेब्यू का जी सिने पुरस्कार मिला था। इसके बाद उन्होंने 'इस्मार्ट शंकर' और 'ईस्वरन' जैसी फिल्मों में भी अभिनय किया है।

# धन्वंतरि अस्पताल में 16 से शाम को भी ओपीडी

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन

शासकीय धन्वंतरि आयुर्वेद अस्पताल में 16 मार्च सोमवार से शाम की भी ओपीडी शुरू की जा रही है। अस्पताल में ओपीडी का समय सुबह 8 से रात 8 बजे तक रहेगा। 12 घंटे तक चलने वाली इस व्यवस्था से खासतौर पर नौकरीपेशा व व्यापारी मरीजों को उपचार की सुविधा मिल सकेगी।

अस्पताल प्रबंधन के अनुसार पहले ओपीडी का समय सुबह 8 से दोपहर 2 बजे और फिर दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक था। दो शिफ्ट में कार्य होता था, नए बदलाव के बाद भी शिफ्ट दो रहेंगी। अब दोपहर का समय 2 से शाम 8 बजे तक रहेगा। वर्तमान में अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन करीब 350 से 400 मरीज इलाज के लिए आते हैं, जिनमें सुबह सबसे अधिक भीड़ रहती है। वहीं दोपहर के समय ओपीडी में संख्या कम रहती है।

# नहाते हुए वीडियो बनाया, हनीट्रैप की साजिश रची

## बनारस से जिस महिला को बुलाया उसने उगले राज, खुद महामंडलेश्वर बनना चाहती थी मंदाकिनी

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन

उज्जैन के प्रसिद्ध चारधाम मंदिर के महामंडलेश्वर शांति स्वरूपानंद महाराज को हनीट्रैप में फंसाकर रेप के झूठे केस में ब्लैकमेल करने की साजिश के मामले में नया खुलासा हुआ है। जिस महिला को इस हनीट्रैप के लिए लाया गया था, पुलिस ने अब उसी को फरियादी बना लिया है।

महिला ने पुलिस को दिए बयान में कई अहम राज खोले हैं। महिला का आरोप है कि साजिश रचने वाली पूर्व महामंडलेश्वर साध्वी मंदाकिनी ने उसके नहाते समय अश्लील वीडियो बना लिए थे। बाद में इन वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर उसे घनश्याम पटेल से मिलवाया गया और महामंडलेश्वर को फंसाने की योजना समझाई गई।

महिला के मना करने पर उसे 50 हजार रुपए का लालच भी दिया गया। इस मामले में पुलिस ने साध्वी मंदाकिनी और घनश्याम पटेल के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। वहीं, घनश्याम पटेल ने अग्रिम जमानत के लिए उज्जैन कोर्ट में आवेदन लगाया था, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया।

**8 मार्च को दत्त अखाड़ा परिसर में हुई मुलाकात-** 8 मार्च को बनारस से आई महिला से मिलने के लिए घनश्याम पटेल उज्जैन के दत्त अखाड़ा परिसर पहुंचा था। वह महिला का बयान रिकॉर्ड कराने की बात को लेकर दत्त अखाड़ा के महंत आनंदपुरी महाराज के पास गया था। इसी दौरान वहां पंडित लोकेश शर्मा और संजय गोस्वामी भी पहुंचे।

उन्होंने पूरे मामले की जानकारी ली और सच्चाई सामने आने पर इसकी सूचना उज्जैन के एसपी प्रदीप शर्मा को दी। मामले को गंभीर मानते हुए एसपी ने तत्काल पुलिस अधिकारियों को जांच के निर्देश दिए।

इसके बाद महिला ने घनश्याम पटेल और साध्वी मंदाकिनी पर हनीट्रैप की साजिश रचने के आरोप लगाए। महिला के आरोपों के आधार पर पुलिस ने साध्वी मंदाकिनी और घनश्याम पटेल के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

### महिला बोली- शिप्रा परिक्रमा के दौरान हुई थी मुलाकात

बनारस से आई महिला शिल्पा (परिवर्तित नाम) ने बताया कि साल 2024 में शिप्रा परिक्रमा के दौरान उसकी मुलाकात कई संतों से हुई थी। इसी दौरान साध्वी राजराजेश्वरी माता जी ने उसे मुसाध्वी मंदाकिनी से मिलवाया। महिला के अनुसार, साध्वी मंदाकिनी ने उसे बताया कि उनके यहां काम करने के लिए किसी की जरूरत है और उसे वहीं रुकने के लिए कहा। इसके बाद उसका वहां आना-जाना शुरू हो गया। महिला होने के कारण उसने साध्वी मंदाकिनी पर विश्वास कर लिया। महिला ने बताया कि साध्वी खुद को पूरे भारत की सबसे बड़ी तांत्रिक बताती थीं। क्योंकि वह पूजा-पाठ में बहुत विश्वास करती है, इसलिए उसने उनकी बातों पर भरोसा कर लिया।

### महिला ने बताया नहाते समय न्यूड वीडियो बनाए

शिल्पा ने कहा- जनवरी 2026 में मैं मंदाकिनी से पूजा-पाठ सीखना चाहती थी, इसलिए उन्होंने मुझे काम पर रख लिया। इस दौरान मेरा आना-जाना उनके घर होता रहा। गुप्त नवरात्रि में मैं एक हफ्ते उनके घर रही। इस दौरान जब मैं नहा रही थी, तो मंदाकिनी ने मेरे बिना कपड़ों का एक फोटो अपने मोबाइल से लिया, जो सामने का था। मैंने कहा, दीदी, ये क्या कर रही हो? मंदाकिनी ने कहा कि ऐसे ही लिया है और मुझसे ऐसी बातें की कि मैं कैमरे पर बोल भी नहीं सकती। जब मैंने इसका विरोध किया, तो उन्होंने कहा कि फोटो डिलीट कर दूंगी।

उज्जैन
गुरुवार
12
मार्च, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

सुखार्थं सर्वभूतानां मताः सर्वाः प्रवृत्तयः।
सुखं नास्ति विना धर्मं तस्मात् धर्मपरो भव।।
अर्थः सभी प्राणियों की प्रवृत्ति सुख की है और धर्म के बिना सुख नहीं है। इसलिए तुम पवित्र बनते हो।

## खबर एक नजर...

### सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ओए इंदौरी ने तोड़े ट्रैफिक रूल्स

**इंदौर।** इंदौर के चर्चित सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ओए इंदौरी उर्फ रॉबिन जिंदल विवादों में आ गए हैं। मामला ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन से जुड़ा है। उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह सड़क पर वाहन चलाते समय ट्रैफिक नियमों की अनदेखी करते नजर आ रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद यूजर्स ने नाराजगी जताई है। कई लोगों का कहना है कि जिन लोगों को लाखों लोग फॉलो करते हैं, उन्हें सड़क पर नियमों का पालन कर दूसरों के लिए उदाहरण पेश करना चाहिए। बताया जा रहा है कि वायरल वीडियो में ओए इंदौरी वाहन चलाते समय सुरक्षा नियमों की अनदेखी करते दिखाई दे रहे हैं। रॉबिन जिंदल पहले बुलेट को बिना हेलमेट के चला रहे हैं। इतना ही नहीं, इसके बाद वह बाइक की टंकी पर बैठे नजर आते हैं। फिर फिल्मी अंदाज में बुलेट की टंकी पर एक युवती को बैठाकर बाइक चलाते दिखाई दे रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, यदि जांच में ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन पाया जाता है तो उनके खिलाफ चालानी कार्रवाई की जा सकती है। फिलहाल यह वीडियो सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है और लोग इस पर अलग-अलग प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं।

### इंदौर में आज से सनातन क्रिकेट लीग की शुरूआत

**इंदौर।** शहर में चार दिवसीय सनातन प्रीमियर लीग (एसपीएल) का आयोजन 12 से 15 मार्च तक नेहरू स्टेडियम में होगा। इसमें आठ टीमें भाग लेंगी। आज यानी 12 मार्च को उद्घाटन सत्र है। इसके बाद 13, 14 और 15 को सुबह नौ बजे से तीन-तीन मैच होंगे। आयोजन की तैयारियां पूरी हो चुकी है। इसमें चयनित 125 युवा भाग ले रहे हैं। आयोजन का नेतृत्व कथावाचक देवकीनंदन देवकीनंदन ठाकुर ठाकुर कर रहे हैं। इसमें खेल के साथ संस्कारों की बात होगी। एसपीएल के फाउंडर विजय शर्मा एवं योगेश शर्मा ने बताया कि उद्घाटन सत्र में जनप्रतिनिधियों के साथ अभिनेता और साधु-संत भी भाग लेंगे। आयोजन के द्वारा प. प्रदीप मिश्रा व इंदेश महाराज का आगमन भी होगा। आयोजन का उद्देश्य युवाओं को सनातन संस्कृति के प्रति रुचि जागृत करना है। आयोजन के माध्यम से आधुनिक खेलों के माध्यम से शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति युवाओं को जागरुक करना है। चयनित खिलाड़ियों के आवास सहित अन्य व्यवस्था आयोजन समिति द्वारा की जाएगी।

### इंदौर ग्रामीण के तीन दिवसीय दौरे पर रहेंगे जीतू पटवारी

**इंदौर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी गुरुवार से तीन दिवसीय इंदौर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे चार विधानसभा क्षेत्रों में कार्यकर्ता सम्मेलन और बैठकों में शामिल होंगे। इन बैठकों में पंचायत स्तर तक के कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया है। इन बैठकों के माध्यम से ब्लॉक स्तर के कार्यकर्ताओं का सम्मेलन भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें संगठन के कार्यों की समीक्षा की जाएगी और आगामी रणनीति को लेकर कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया जाएगा। दौरे की शुरुआत सिमरोल के चोरल ब्लॉक से होगी। महू विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सिमरोल ब्लॉक की बैठक चोरल में पानी की टंकी के पास आयोजित की जाएगी, जबकि महू शहर ब्लॉक की बैठक मोहन टॉकीज के पास स्थित बालाजी का बगीचा में होगी। मानपुर ब्लॉक की बैठक महाकाल गार्डन में और महू ग्रामीण ब्लॉक की बैठक भाटखेड़ी गांव में रखी गई है। इसके बाद शाम को राऊ विधानसभा क्षेत्र के राऊ ब्लॉक की बैठक केट रोड स्थित दीया गार्डन में आयोजित होगी।

---

**होटल-रेस्टोरेंट के 12 हजार से ज्यादा छोटे-बड़े खानपान कारोबारी प्रभावित, शादी सीजन पर संकट**

# इंदौर में चाय-पोहे की दुकानें बंद होने के कगार पर

ब्रह्मास्त्र » इंदौर



### 2500 लोगों के खाने के लिए 40 सिलेंडर चाहिए

- कैटरर नीरकांत समदानी के मुताबिक अभी सबसे बड़ी चिंता आने वाले आयोजनों की है। उन्होंने कहा, 2500 लोगों के आयोजन में करीब 40 सिलेंडर लगते हैं। स्टॉल कम करने पर भी 14-15 सिलेंडर चाहिए। ऐसे में अचानक सप्लाई रुकने से आयोजन करना मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने सुझाव दिया कि सरकार कीमत बढ़ा दे या सीमा तय कर दे, लेकिन सिलेंडर की उपलब्धता सुनिश्चित करे।
- व्यावसायिक सेक्टर- 400 केटरर्स, 100 होटल्स, 250 से ज्यादा बड़े रेस्टोरेंट, 12000 से ज्यादा छोटे-बड़े रेस्टोरेंट और खान-पान कारोबारी संकट में।
- छोटे-बड़े उद्योग झ करीब 2000, इसमें भी दो तरह के उपयोगकर्ता है। एक जिनको बल्क एलपीजी की जरूरत, दूसरे कमर्शियल सिलेंडर का उपयोग कर रहे जैसे फेब्रिकेशन, ऑटो मोबाइल, सामान्य वेल्डिंग कारोबारी
- घरेलू गैस की स्थिति - फिलहाल परेशानी नहीं, तीनों कंपनियों के करीब 11 लाख कनेक्शन, 22-24 हजार सिलेंडर प्रतिदिन सप्लाय हो रहे, गर्मी से डिमांड में भी 20 फीसदी कमी आई, 3 से 4 दिन में वेटिंग क्लीयर हो रही।

अगर आपके पास एक सिलेंडर है तो उसे डबल कराएं और वेटिंग की असुविधा से बचें।"

प्लांट से माल की कमी होने से 10 दिन की वेटिंग चल रही है। 8 दिन पुरानी बुकिंग होने पर ही सिलेंडर दिया जाएगा। इंस्टेंट बुकिंग पर सिलेंडर नहीं दिया जाएगा।"

यह बातें एमपी के अधिकांश गैस एजेंसी के बाहर एजेंसी संचालकों ने पोस्टर लगाकर चस्पा कर रखी है।

ईरान-इजराइल के बीच चल रहे तनाव का असर अब शहर की रसोई और खान-पान कारोबार पर दिखने लगा है। तेल कंपनियों ने कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग और डिलीवरी पर फिलहाल रोक लगा दी है। इसका सीधा असर इंदौर में रोजाना सप्लाई होने वाले 3000 से 3200 कमर्शियल सिलेंडरों पर पड़ेगा। इससे करीब 8 हजार से ज्यादा होटल, रेस्टोरेंट, केटरर्स और छोटे कारोबारियों की बुकिंग प्रभावित होगी। इंदौर के खानपान कारोबारियों का कहना है कि अगर जल्दी सप्लाई शुरू नहीं हुई तो चाय-पोहे की छोटी दुकानों से लेकर रेस्टोरेंट तक एक-दो दिन में बंद होने लगेंगे। दूसरी ओर मार्च में शादियों का सीजन शुरू होने से मैरिज गार्डन और होटलों में करीब 1000 से 1200 शादियां तय हैं, जिन पर भी इसका असर पड़ सकता है। तेल कंपनियों के फैसले के बाद मंगलवार शाम केटरर्स और रेस्टोरेंट संचालक प्रशासन और खाद्य विभाग के अधिकारियों से मिलने पहुंचे। कनेक्टर शिवम वर्मा और केटरर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी उमेश जैन, अजय जैन और नितिन खटोड़ ने बताया कि अचानक सप्लाई रोकने से पूरा खान-पान कारोबार संकट में आ गया है। कारोबारियों का कहना है कि हालात को देखते हुए वे मेन्यू में आइटम कम करने, एक ही किचन में खाना बनाकर अलग-अलग जगह भेजने जैसे विकल्प अपनाने की कोशिश कर रहे हैं। जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक एमएल मारू ने बताया कि फिलहाल जरूरी संस्थानों और सेवाओं के लिए कमर्शियल सिलेंडर उपलब्ध कराने के निर्देश मिले हैं और आपूर्ति व्यवस्था बनाने की कोशिश की जा रही है।

---

# 18 जुआरी गिरफ्तार, 13 लाख से ज्यादा कैश जब्त

## महिला आईएएस के फार्म हाउस पर जुआ, टीआई, एसआई और एएसआई सस्पेंड

ब्रह्मास्त्र » इंदौर



महू के मानपुर थाना क्षेत्र में बुधवार तड़के पुलिस ने अवलीपुरा स्थित एक फार्म हाउस पर दबिश देकर बड़े जुआ अड्डे का भंडाफोड़ किया। पुलिस ने मौके से 18 जुआरियों को गिरफ्तार किया, जबकि 5 अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 13.67 लाख नकद, ताश के पत्ते, 30 मोबाइल फोन व दो कारें जब्त कीं। जब्त सामान की कीमत 28.67 लाख बताई गई है।

पुलिस को फार्म हाउस में बड़े स्तर पर जुआ खेले जाने की सूचना मुखबिर से मिली थी। पुलिस टीम ने तड़के दबिश दी थी। पुलिस के अनुसार, यह फार्म हाउस आईएएस वंदना वैद्य और उनके पति अम्बरीश वैद्य के नाम पर है। वंदना वैद्य अभी इंदौर में मप्र वित्त विकास निगम की प्रबंध संचालक (एमडी) हैं। शहडोल कलेक्टर भी रह चुकी हैं। एसपी यांगचेन डोलकर भूटिया के अनुसार जुए के अड्डे का मुख्य संचालक राजगढ़ निवासी जगदीश राठौड़ उर्फ कुबड़ा है, जो फरार है। पकड़े गए 18 आरोपियों को बुधवार दोपहर एसडीएम कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। जांच में फार्म हाउस के केयरटेकर रंजीत चौधरी की आरोपी से मिलीभगत सामने आई है, जो रुपए लेकर फार्म हाउस जुए की पार्टियों के लिए उपलब्ध कराता था। मानपुर में बड़े स्तर पर चल रहे जुए की सूचना आला अधिकारियों को पहले ही मुखबिर से मिल गई थी। फिर भी मानपुर पुलिस ने कार्रवाई में देरी की। मामले में लापरवाही पर मानपुर टीआई लोकेन्द्र सिंह हिरवे, एसआई मिथुन ओसारी और एएसआई रेशम गिरवाल को सस्पेंड कर दिया गया है।

---

# निगम की जमीन मत बेचों सरकार से इंदौर का पैसा मांगो

ब्रह्मास्त्र » इंदौर

इंदौर नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने कहा है कि इंदौर नगर निगम को अपनी जमीन बेचने की कोशिश नहीं करना चाहिए। निगम को तो चाहिए कि वह राज्य सरकार से अपना बाकी पैसा मांगे। चौकसे ने आज यहां जारी एक बयान में कहा कि महापौर पुष्यमित्र भार्गव के नेतृत्व में नगर निगम के द्वारा चार स्थानों की नगर निगम की जमीन को बेचने का फैसला लिया जा रहा है। यह फैसला अत्यंत निराशाजनक है। हम शुरू से कह रहे हैं कि महापौर की नाकामी इंदौर नगर निगम और इंदौर शहर पर भारी पड़ रही है। इस समय इंदौर नगर निगम के राज्य सरकार पर 400 करोड़ रुपए से ज्यादा बाकी है। इसमें चुंगी क्षतिपूर्ति की राशि के साथ ही प्रवेश कर के पैसे भी बाकी है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव को चाहिए कि वह इंदौर नगर निगम की जमीन बेचने के बजाय प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के पास जाकर कहें की इंदौर को उसके अधिकार का पैसा दिया जाएं। चौकसे ने कहा कि यदि इंदौर को उसके अधिकार का पैसा मिल जाता है तो नगर निगम की स्थिति सुधर जाएगी। निगम को कोई जमीन बेचने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उन्होंने कहा कि महापौर के नेतृत्व में इंदौर नगर निगम की हालत इतनी खराब हो गई है कि विकास कार्य के लिए जारी होने वाले टेंडर भी कोई ठेकेदार लेने को तैयार नहीं होते हैं। ठेकेदारों के द्वारा दो-तीन साल पहले जो काम किया गया उसका पैसा भी उनको अभी तक नहीं मिल पाया है। आने वाले समय में भी यह पैसा उन्हें कब मिलेगा यह कोई नहीं जानता है। ऐसा लगता है की महापौर भार्गव अपने कार्यकाल में निगम को पूरी तरह बर्बाद करके ही जाएंगे।

---

# जमीनों की ऑनलाइन बिक्री और पार्किंग कॉम्प्लेक्स होंगे ठेके पर

ब्रह्मास्त्र » इंदौर



**निगम की आर्थिक सेहत सुधारने की तैयारी**

आर्थिक संसाधनों को मजबूत करने के लिए नगर निगम अब अपनी संपत्तियों के मोनेटाइजेशन की तैयारी में जुट गया है। पहली बार निगम लगभग 65 हजार स्क्वेयर फीट जमीन को ऑनलाइन नीलामी करने जा रहा है। इस प्रक्रिया से निगम ने करीब 25 करोड़ रुपये से अधिक की आय का लक्ष्य तय किया है।

बताया जा रहा है कि बिक्री के लिए प्रस्तावित जमीनें सिरपुर, खजराना, जूनी इंदौर और पिपलियाहाना क्षेत्रों में स्थित हैं। इन संपत्तियों की ऑनलाइन नीलामी का प्रस्ताव महापौर परिषद की आगामी बैठक में मंजूरी के लिए रखा जाएगा। मंजूरी मिलते ही निगम इन जमीनों की ई-नीलामी की प्रक्रिया शुरू करेगा। इसी बैठक में शहर के मल्टीलेवल पार्किंग कॉम्प्लेक्स को ठेके पर देने का प्रस्ताव भी रखा जा रहा है। फिलहाल तीन पार्किंग कॉम्प्लेक्स के टेंडर स्वीकृति के लिए पेश किए जाएंगे, जबकि शहर के अन्य करीब आधा दर्जन पार्किंग कॉम्प्लेक्स के लिए भी जल्द टेंडर जारी किए जाने की तैयारी है। इससे पहले भी निगम इन कॉम्प्लेक्स को निजी एजेंसियों को सौंपने की कोशिश कर चुका है, लेकिन उस समय प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई थी। इसके साथ ही नगर निगम सार्वजनिक शौचालयों के उपयोग शुल्क में बढ़ोतरी करने पर भी विचार कर रहा है। इन शौचालयों के संचालन और रखरखाव के लिए भी निजी एजेंसियों को ठेका देने की योजना बनाई जा रही है, ताकि सुविधाओं का बेहतर संचालन सुनिश्चित किया जा सके।

नगर निगम अधिकारियों का कहना है कि संपत्तियों के मोनेटाइजेशन और सेवाओं के बेहतर प्रबंधन से निगम की आय में बढ़ोतरी होगी और शहर के विकास कार्यों के लिए अतिरिक्त संसाधन उपलब्ध हो सकेंगे।

## खबर एक नजर...

### गीता कॉलोनी में 20 को मनेगा भगवान झूलेलाल का जन्मोत्सव

**उज्जैन।** सिंधी समाज के आराध्य देव भगवान झूलेलाल का जन्मोत्सव (चेटीचंड महापर्व) शहर में आस्था और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। गीता कॉलोनी स्थित समाज के प्राचीन श्री वरुण देव अखंड ज्योति मंदिर में 20 मार्च, शुक्रवार को इसे लेकर विशेष और भव्य आयोजन किए जाएंगे।

श्री वरुण देव अखंड ज्योति मंदिर समिति के अध्यक्ष मोहन वासवानी ने बताया कि चेटीचंड महापर्व के पावन अवसर पर मंदिर में सुबह से ही धार्मिक अनुष्ठानों का दौर शुरू हो जाएगा, जो देर शाम तक चलेगा। पर्व की शुरूआत सुबह 8:45 बजे मंदिर परिसर में ध्वजारोहण के साथ होगी। इसके पश्चात सुबह 9:30 बजे भगवान की महाआरती की जाएगी और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाएगा। इसके बाद सुबह 10 बजे मंदिर परिसर से एक विशाल रैली निकाली जाएगी। यह रैली शहर के टावर चौक पहुंचेगी, जहां यह समाज की मुख्य रैली के साथ सम्मिलित होकर आगे बढ़ेगी। शाम के आयोजनों की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि शाम 4:30 बजे से मंदिर में पूज्य बहिराणा साहब का कार्यक्रम और भजन-कीर्तन शुरू होंगे। यह संगीतमय आयोजन सुंदर लालवानी के संयोजन में रखा गया है। इसके पश्चात शाम 7:30 बजे भगवान झूलेलाल की महाआरती होगी और फिर उपस्थित श्रद्धालुओं में महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। चेटीचंड के इस महापर्व पर आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर भगवान झूलेलाल का आशीर्वाद प्राप्त करें और धर्म लाभ लें।

### अखाड़ों द्वारा दी जा रही उपाधियों पर अखाड़ा परिषद अध्यक्ष ने साफ की स्थिति

**उज्जैन।** जगतगुरु,महामंडलेश्वर की उपाधि दिए जाने के मामले पर अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष डॉ. रविंद्र पुरी महाराज ने साफ किया कि जिस तरह से विश्वविद्यालय द्वारा डॉक्टरेट ,एमफिल सहित अन्य उपाधियां प्रदान की जाती है इस तरह से सनातनी 13 अखाड़ो को भी यह अधिकार है कि इस तरह कि उपाधि मापदंडों पर खरे उतरने वाले उच्च कोटि के संतो दि जा सकती है, इसमें कोई एतराज की बात नहीं हैं।

### दूल्हा-दुल्हन के वेश में सजीं युवतियां; क्षीरसागर से कार्तिक चौक तक पुष्प वर्षा से हुआ स्वागत

# अवंतिका में गणगौर पर्व की धूम: राठौर समाज की महिलाओं ने निकाला भव्य फूलपाती चल समारोह

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

धार्मिक राजधानी अवंतिका में इन दिनों गणगौर और फूलपाती उत्सव की चहुंओर धूम है। इसी क्रम में बुधवार को राठौर क्षत्रिय महिला मंडल द्वारा श्रीमती निर्मला चौहान के नेतृत्व में भव्य 'फूलपाती चल समारोह' निकाला गया। समाज की महिलाओं और युवतियों ने पारंपरिक उत्साह के साथ इस आयोजन में सहभागिता की।



### शिव-पार्वती विवाह का प्रतीक है पर्व

गणगौर पर्व भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह प्रसंग से जुड़ा है। यह वैवाहिक सुख और अखंड सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए चल समारोह में युवतियों को दूल्हा-दुल्हन बनाकर 'बाना' निकाला गया। मान्यता है कि अविवाहित कन्याएं अच्छे वर के लिए और विवाहित महिलाएं पति की लंबी आयु व सुख-समृद्धि के लिए गणगौर माता की प्रार्थना करती हैं।

### बैंड-बाजों और बग्घियों के साथ निकला कारवां

चल समारोह का शुभारंभ क्षीरसागर स्थित गांधी उद्यान से हुआ। यहाँ से बैंड-बाजों और बग्घियों के साथ शुरू हुआ कारवां कंठाल, कमरी मार्ग, गोपाल मंदिर, पटनी बाजार और गुदरी होते हुए कार्तिक चौक स्थित राठौर समाज धर्मशाला पहुंचा। मार्ग में जगह-जगह समाजजनों द्वारा पुष्प वर्षा कर चल समारोह का भव्य स्वागत किया गया। धर्मशाला पहुंचकर गणगौर माता का पूजन किया गया और पारंपरिक झाले दिए गए।

मंचीय कार्यक्रम के दौरान दूल्हा-दुल्हन बनी युवतियों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही प्रश्न-उत्तर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें महिलाओं और बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सही जवाब देने वाले प्रतिभागियों को उपहार भेंट किए गए। ट्रस्टी संजय राठौर ने बताया कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज की सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत रखना है। इस अवसर पर राठौर क्षत्रिय समाज ट्रस्ट के संरक्षक शिवनारायण राठौर, अध्यक्ष पुरुषोत्तम राठौर, सचिव धर्मेंद्र मगरवा, कोषाध्यक्ष मदन लाल राठौर, युवा अध्यक्ष दीपक राठौड़, पूर्व युवा अध्यक्ष जीतू राठौर और राजेंद्र परमार उपस्थित रहे। महिला मंडल की ओर से अध्यक्ष श्रीमती निर्मला चौहान, परामर्शदाता शारदा राठौर व संतोष राठौर, संरक्षक अनिता राठौर, सचिव मधु राठौर, कोषाध्यक्ष अनुराधा राठौर, पूर्व अध्यक्ष दुर्गा राठौर, पूर्व कोषाध्यक्ष पर्वती राठौर, उपाध्यक्ष सुनीता राठौर, किरण राठौर, मीना राठौर (इंदिरा नगर), बृजबाला राठौर, उषा राठौर, कृष्णा राठौर, लता राठौर और किरण राठौर मौजूद थीं। साथ ही सदस्य पूर्णिमा राठौर, माधुरी राठौर, पिंकी राठौर, अलका राठौर, नीतू राठौर, कवयित्री सुनीता राठौर और उषा वर्मा सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

# सुरों की महफिल, पूजा मोटवानी के शो में दिखेगी सिंधी संस्कृति की झलक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

आगामी चेटीचंड महापर्व को इस वर्ष ऐतिहासिक और भव्य तरीके से मनाया जाएगा। पर्व की रूपरेखा तैयार करने के लिए सिंधी साहिती पंचायत और राष्ट्रीय सिंधु मंच के संयुक्त तत्वावधान में धनवानी हॉल में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम के संयोजक महेश परवानी के नेतृत्व में होने जा रहे चेटीचंड पर्व के फोल्डर का विमोचन किया गया।

### 15 मार्च को होगा ऐतिहासिक आयोजन

दीपक बेलानी ने बताया कि 15 मार्च (रविवार) को भव्य कार्यक्रम होगा। पिछले 10 सालों से समाज को जिसका इंतजार था, वह अब पूरा होने जा रहा है। मुंबई के विश्व विख्यात सिंगर मोहित लालवानी उज्जैन में अपनी प्रस्तुति देंगे। इसके साथ ही सिंधी युवा-युवतियों को अपनी जड़ों से जोड़ने के लिए मुंबई की कलाकार पूजा मोटवानी द्वारा सिंधी पारंपरिक परिधानों पर आधारित एक विशेष 'फैशन शो' प्रस्तुत किया जाएगा।

बैठक में समाज के कई गणमान्य नागरिक शामिल हुए। इनमें मुख्य रूप से पुरुषोत्तम रामसिंघानी, नरेश धनवानी, महेश गंगवानी, रमेश गजरानी, डॉक्टर जितेंद्र जेठवानी, विशाल चन्दनानी, ललित लुल्ला, विनोद लुल्ला, रवि डोडानी, राजकुमार मेघनानी, राजू दरयानी, जयकिशन कृपलानी, लोकेश आडवाणी, कपिल बासानी, गोपाल बलवानी, अजय अरोरा, दीपक राजवानी, ईश्वरचंद्र चंचलानी और महेश कुकरेजा मौजूद रहे।

# शिविर में 200 लोगों की हुई जांच, जोड़ों के दर्द और शुगर-ब्लड प्रेशर से मिली राहत

### अंचित संस्था और अरुषा क्लिनिक का आयोजन; प्रसव पूर्व-पश्चात फिजियोथैरेपी की दी गई जानकारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में कंचनपुर सामुदायिक भवन में महिलाओं और आमजन के स्वास्थ्य को समर्पित एक वृहद फिजियोथैरेपी शिविर का आयोजन किया गया। अंचित सामाजिक संस्था एवं अरुषा फिजियोथैरेपी क्लिनिक के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस मेगा शिविर में लगभग 200 लोगों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। शिविर में फिजियोथैरेपी परामर्श के साथ-साथ शुगर और ब्लड प्रेशर (इढ) की जांच भी नि:शुल्क की गई।

### जटिल समस्याओं का विशेषज्ञों ने किया निदान

शिविर के दौरान विशेषज्ञों ने गर्दन, कमर, घुटनों के दर्द और गठिया जैसी सामान्य समस्याओं के साथ-साथ लकवा, साइटिका, स्लिप डिस्क, नसों में सुन्नपन और लिगामेंट सर्जरी के बाद की जटिलताओं का परीक्षण कर उपचार बताया। हड्डी टूटने के बाद जाम हुए जोड़ों और जोड़ प्रत्यारोपण (खङ्गल्ल३ फीस्र्ृील्ल३) के बाद की फिजियोथैरेपी के बारे में भी मरीजों को जागरूक किया गया। विशेष रूप से महिलाओं के लिए प्रसव पूर्व और प्रसव के बाद की फिजियोथैरेपी सेवाओं पर जोर दिया गया।

### पोस्ट-कोविड रिकवरी पर रहा फोकस

शिविर में कोरोना से उबर चुके मरीजों के लिए फेफड़ों को मजबूत बनाने वाली विशेष फिजियोथैरेपी एक्सरसाइज भी बताई गईं। संस्था की अध्यक्ष नीलू वर्मा के नेतृत्व में विशेषज्ञों की टीम ने मरीजों को बेहतर जीवनशैली और दर्द निवारण के टिप्स दिए।

### स्वच्छता टीम ने भी बढ़ाया हाथ

सेवा के इस कार्य में स्वच्छता अभियान की जनजागरण टीम भी सहभागी बनी। नगर निगम उज्जैन की ओर से ओम साईं विजन इंचार्ज अरुण पटेल, हिमांशी वर्मा, डॉ. मनीष नामदेव, विशाल और निर्मल ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। आयोजन को सफल बनाने में संस्था की टीम से अंबिका यादव, संगीता, ज्योति यादव, विनीत शर्मा, निर्मला यादव और अरुण पटेल की टीम का सक्रिय योगदान रहा। शिविर के समापन पर सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया।

# दुष्कर्म के दोषियों को मिले सिर्फ एक सजा, 'सजा-ए-मौत'- डॉ. सतिंदर कौर

### बैंकर्स साहित्यिक संस्था ने मनाया महिला दिवस; कविता और विमर्श के बीच बेटियों की सुरक्षा का उठा मुद्दा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

बैंकर्स साहित्यिक संस्था 'प्राची' द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 'नारी शक्ति सम्मान' समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध मानव एवं महिला स्वास्थ्य संरक्षक डॉ. सतिंदर कौर सलूजा उपस्थित रहीं। उन्होंने समाज में बढ़ रही दुष्कर्म और घरेलू हिंसा की घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए सरकार से मांग की कि ऐसे अपराधियों के लिए कानून में केवल एक ही कड़ा दंड होना चाहिए– सजा-ए-मौत। विशेष अतिथि आकाशवाणी उज्जैन की केंद्र निदेशक मेडम अनामिका चक्रवर्ती ने कहा कि भारत भूमि पर स्त्री और पुरुष मनु-शतरूपा की तरह एक सभ्य सृष्टि के निर्माण में एक-दूसरे के पूरक हैं, यही इस दिवस की सार्थकता है। संस्था के मुख्य संयोजक यू.एस. छाबड़ा ने कहा कि आज नारी विज्ञान, खेल और प्रबंधन सहित हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयां छू रही है। वहीं, स्वाति कालरा ने बच्चों को सनातनी संस्कार देने और गुरुओं के उपदेशों के पालन पर जोर दिया।




### काव्यमयी प्रस्तुतियों से बांधा समां

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सचिव गोपालकृष्ण निगम द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुई। अध्यक्ष मानसिंह 'शरद' ने बेटियों के सम्मान में कविता पढ़ी। समारोह में कवयित्रियों– डॉ. नेत्रा रावणकर, माया बधेका, संगीता तल्लेरा, आशागंगा शिरढोणकर, डॉ. अनामिका सोनी, मेडम रोमा पाण्डेय और मेडम प्रतिभा शर्मा ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। ख्यात कवि नरसिंह ईनानी और प्रदीप सक्सेना ने भी ओजस्वी काव्य पाठ किया।

आयोजन के दौरान श्रीमती अंजू यू.एस. छाबड़ा और मेडम प्रांजल मांदलिया का शाल-श्रीफल से सम्मान किया गया। कार्यक्रम में टी-20 विश्वकप विजेता बनने की खुशी में रंगपंचमी के अवसर पर एक-दूसरे को यश-तिलक लगाकर रंगोत्सव भी मनाया गया। राजेश सक्सेना ने 'रुक जाना नहीं तू कहीं हार के' गीत सुनाकर तालियां बटोरीं।

### इनकी रही गरिमामय उपस्थिति

संस्था चेयरमैन शशांक दुबे ने लिलीअन रोथ की आत्मकथा सुनाकर सबको भावुक कर दिया। इस अवसर पर संरक्षक बलरामजी बैरागी, शांतिलालजी जैन, परामर्श समिति के मुकेश नीम, व्यंग्यकार रमेशचन्द्र शर्मा, राम त्यागी, अशोक ज्ञानी और मीडिया प्रभारी डी.के. रावल सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## खबर एक नजर...

### पोरवाड़ समाज की नई कार्यकारिणी घोषित

**उज्जैन।** श्री चिंतामणि पार्श्वनाथ मंदिर खारा कुआं के श्री जैन श्वेतांबर बीसा पोरवाड़ समाज का 'होली मिलन समारोह' रविवार (8 मार्च) को मंगलनाथ रोड स्थित अनंत शुभ गार्डन पर हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर समाज की एकता और भविष्य की रूपरेखा तय करते हुए आगामी कार्यकाल के लिए नई कार्यकारिणी का निर्विरोध गठन किया गया। समारोह के दौरान पूर्व अध्यक्ष अभय जैन ने नए अध्यक्ष के रूप में नरेंद्र कुमार जैन के नाम का प्रस्ताव रखा। समाज के सभी उपस्थित सदस्यों ने करतल ध्वनि के साथ इस प्रस्ताव का समर्थन किया। इसके पश्चात कार्यकारिणी के अन्य प्रमुख पदों की घोषणा की गई, जिसमें संजय मेहता को सचिव, प्रशांत फागनिया को उपाध्यक्ष, मयंक जैन को कोषाध्यक्ष तथा अमित शाह को सहसचिव नियुक्त किया गया।

समाज को नई ऊर्जा देने के उद्देश्य से कार्यकारिणी में युवाओं को भी शामिल किया गया है। सदस्य के रूप में संदीप जैन, आशीष जैन, समीर जैन, क्षितिज जैन, नितिन जैन, दीपेश जैन, राहुल जैन, अंश जैन, श्रेयांक जैन और शुभ जैन को मनोनीत किया गया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर समाज के संरक्षक कांतिलाल शाह, पूर्व अध्यक्ष अभय कुमार जैन, अशोक गांधी, मानमल जैन, प्रफुल्ल फागनिया, प्रकाश फागनिया और प्रकाश गांधी सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठजन एवं समाजजन मौजूद थे। नवनियुक्त अध्यक्ष नरेंद्र कुमार जैन ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए समाज हित में निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

### प्रभु प्रेमी संघ का फाग महोत्सव 14 को; राधे-कृष्ण के संग फूलों और गुलाल से खेली जाएगी होली

**उज्जैन।** स्वामी अवधेशानंद गिरी महाराज के अनुयायियों की संस्था 'प्रभु प्रेमी संघ परिवार' द्वारा आगामी 14 मार्च (शनिवार) को शहर में भव्य फाग महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान संस्था के सभी अनुयायी राधे-कृष्ण के स्वरूपों के साथ फूलों और गुलाल की होली खेलेंगे। संस्था के अध्यक्ष अजय पाण्डे ने बताया कि फाग महोत्सव का यह रंगारंग आयोजन शाम 4:30 बजे से गऊ घाट स्थित गंगा गार्डन (जंतर-मंतर के आगे, होटल अथर्व के सामने) में किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान सत्संग और मधुर भजनों की प्रस्तुति भी दी जाएगी। भजनों की सरिता के बीच उपस्थित श्रद्धालु एक-दूसरे पर पुष्प वर्षा कर फूलों की होली खेलेंगे और फाग उत्सव का आनंद लेंगे। अध्यक्ष अजय पाण्डे ने संस्था के सभी अनुयायियों और धर्मप्रेमी बंधुओं से इस फाग महोत्सव में सपरिवार उपस्थित होकर उत्सव का आनंद लेने और धर्म लाभ उठाने का आग्रह किया है।

# बेटियों की वैज्ञानिक सोच से साकार होगा 'विकसित भारत' का सपना, कन्या पीजी कॉलेज में सात दिवसीय विज्ञान सप्ताह संपन्न

### वूमेन इन साइंस थीम पर हुआ आयोजन; वर्किंग मॉडल, क्विज और रील मेकिंग में छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

**ब्रह्मास्त्र** ›› उज्जैन

शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मध्यप्रदेश काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, भोपाल के सहयोग से आयोजित सात दिवसीय 'राष्ट्रीय विज्ञान सप्ताह' का भव्य समापन हुआ। इस वर्ष यह आयोजन ₹वूमेन इन साइंसः केटेलाइजिंग विकसित भारत₹ थीम पर केंद्रित रहा, जिसमें छात्राओं ने वैज्ञानिक नवाचारों और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया।




समापन समारोह में इंदौर के जिमी मेकगिलीगन सेंटर फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट की डायरेक्टर पद्मश्री डॉ. जनक पलटा मेकगिलीगन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब नीति निर्धारण में सतत विकास को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने आदिवासी महिलाओं के सशक्तिकरण के अपने अनुभवों को साझा करते हुए छात्राओं को प्रेरित किया। बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय, भोपाल की फामेर्सी विभागाध्यक्ष डॉ. रचना अखण्ड गिरी ने कहा कि आज भारतीय महिलाएं अंतरिक्ष, अनुसंधान, चिकित्सा और रक्षा जैसे हर क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दे रही हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. प्रशांत पुराणिक ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में अतिरिक्त संचालक डॉ. एच. एल. अनिजवाल और शासकीय माधव विज्ञान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हरीश व्यास उपस्थित रहे। विज्ञान सप्ताह के दौरान छात्राओं के लिए कई रोचक गतिविधियाँ आयोजित की गईंः शैक्षणिक भ्रमणः छात्राओं को उज्जैन प्लेनेटोरियम (तारामंडल) का भ्रमण कराया गया। फिल्म प्रदर्शनः विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए साइंस फिक्शन और डॉक्यूमेंट्री फिल्में दिखाई गईं। रचनात्मक प्रतियोगिताएंः वर्किंग व स्टैटिक मॉडल, पोस्टर मेकिंग, क्विज और रील मेकिंग प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपनी वैज्ञानिक सोच प्रदर्शित की।

### विजेता छात्राएं हुईं पुरस्कृत

विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को प्रमाण-पत्र एवं किट प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी डॉ. रश्मि भार्गव भी मौजूद रहीं। आयोजन का संयोजन प्राणीकी एवं जैवप्रौद्योगिकी विभागाध्यक्ष डॉ. प्रतिभा अखण्ड तथा सह-संयोजन डॉ. अर्चना अखण्ड द्वारा किया गया। आयोजन को सफल बनाने में शीबा खान, श्वेता गीद और साक्षी ठाकुर का विशेष सहयोग रहा।

# आज उज्जैन शहर के सभी शासकीय चिकित्सालयों में महाअभियान, अनुभवी हृदय रोग विशेषज्ञ रहेंगे मौजूद

### पूर्णिमाश्री सेवा संगठन का अभियान निरंतर जारी उन्हेल, खरसोदखुर्द एवं बामोरा में निःशुल्क हृदय जांच शिविर संपन्न

**ब्रह्मास्त्र** ›› उज्जैन

पूर्णिमाश्री सेवा संगठन द्वारा जिला प्रशासन के विशेष सहयोग से संपूर्ण उज्जैन जिले में 'दिल से कहो अपने मोहन है न' निःशुल्क हृदय जांच शिविर अभियान निरंतर जारी है। अभियान के अंतर्गत बुधवार को घट्टिया विधानसभा के उन्हेल, बड़नगर विधानसभा के खरसोदखुर्द एवं दक्षिण विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बामोरा में शिविर संपन्न हुए। इसी श्रृंखला में आज 12 मार्च, गुरुवार को उज्जैन शहर के सभी शासकीय चिकित्सालयों में शिविर आयोजित कर निःशुल्क हृदय जांच का महाअभियान आयोजित किया गया है।

अभियान के मुख्य संयोजक एवं भाजपा अजा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यनारायण खोईवाल ने विस्तार से बताया कि मध्य प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के उपलब्धियों भरे ऐतिहासिक 2 वर्षों के उपलक्ष्य में पूर्णिमाश्री सेवा संगठन द्वारा जिला प्रशासन के विशेष सहयोग से यह अभियान संपूर्ण उज्जैन जिले में मुख्यमंत्री की प्रेरणा से चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत बुधवार को घट्टिया विधानसभा के उन्हेल नगर में एसएन कृष्णा हॉस्पिटल उज्जैन, बड़नगर विधानसभा के ग्राम खरसोदखुर्द में अमलतास सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल देवास, एवं दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बामोरा में अरविंदो हॉस्पिटल इंदौर के सहयोग से शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में सैकड़ों नागरिकों ने अपने हृदय की जांच कराई एवं परामर्श व उपचार का लाभ लिया।

आज 12 मार्च, गुरुवार को महाअभियान

खोईवाल ने आगे बताया कि अभियान की श्रृंखला के अंतर्गत आज 12 मार्च, गुरुवार को उज्जैन शहर के सभी शासकीय चिकित्सालयों में आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज, अरविंदो मेडिकल कॉलेज इंदौर, एसएन कृष्णा हॉस्पिटल, अमलतास सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल देवास, इंडेक्स मेडिकल कॉलेज इंदौर व शहर के विभिन्न निजी चिकित्सालयों के सहयोग से निःशुल्क हृदय जांच का महाअभियान प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक चलाया जाएगा।

### कलेक्टर ने विभिन्न मामलों में जनसुनवाई की

**उज्जैन।** कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने मंगलवार को प्रशासनिक संकुल भवन के सभाकक्ष में विभिन्न मामलों में जनसुनवाई करते हुए प्रकरणों का समयसीमा में निराकरण करने के निर्देश अधीनस्थ अधिकारियों को दिए। माकडौन के ग्राम औरंगपुर निवासी इंदरसिंह ने आवेदन दिया कि गांव में पीएम आवास योजना के ब्लाक समन्वयक द्वारा योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को लाभ नहीं दिया जा रहा है तथा योजना के क्रियान्वयन में अनियमितता बरती जा रही है। इस पर तहसीलदार माकडौन को मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। तराना निवासी लाखनसिंह चौहान ने आवेदन दिया कि उनके द्वारा भवन के निर्माण के लिए एक संस्थान से सामान खरीदा गया था।

### मालवा-निमाड़ के 500 से अधिक सदस्यों ने लिया भाग

उज्जैन। शहर के वरई ग्रैंड रिजॉर्ट में मालवा एवं निमाड़ रीजन का संयुक्त अधिवेशन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस भव्य समारोह में 500 से अधिक सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और कई सार्थक पहल की गईं। सदस्यों के उत्साह और आयोजन की भव्यता को देखते हुए यह अधिवेशन फेडरेशन के 30 वर्षों के इतिहास में सबसे अनुपम, अद्वितीय और ऐतिहासिक साबित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ राजेश पटनी द्वारा ध्वजारोहण के साथ किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उज्जैन विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा और कुबेर ग्रुप के चेयरमैन गौतम मूणत उपस्थित थे। वहीं, प्रसिद्ध उद्योगपति जय सिंह जैन ने कार्यक्रम के मुख्य लाभार्थी के रूप में अपना महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। समारोह की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष जिनेश्वर जैन ने की। अधिवेशन में स्वागत भाषण संयोजक प्रभात चोपड़ा ने दिया, जबकि कार्यक्रम में पधारे अतिथियों और सदस्यों का आभार रीजन अध्यक्ष अशोक कुमार मोदी ने माना। इस अवसर पर मालवा के प्रतिष्ठित व्यक्तित्व प्रतीक डोसी के संयोजन में एक शानदार कवि सम्मेलन का आयोजन भी किया गया।

# माधव कॉलेज में महिला दार्शनिक परिषद के 16वें अधिवेशन का समापन; 11 राज्यों के प्रतिभागी हुए शामिल

### प्रोफेसर शुक्ला बोले-दर्शनशास्त्र के माध्यम से समाज निर्माण का प्रयास है यह परिषद, स्मारिका 'जिजीविषा' का हुआ विमोचन

**ब्रह्मास्त्र** ›› उज्जैन

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय माधव महाविद्यालय में आयोजित 'भारतीय महिला दार्शनिक परिषद' के तीन दिवसीय 16वें राष्ट्रीय अधिवेशन का सफलतापूर्वक समापन हो गया। इस गरिमामय अधिवेशन में 11 राज्यों से आए प्रतिभागियों ने अपनी हिस्सेदारी की और अत्यंत उत्कृष्ट शोध पत्र प्रस्तुत किए।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय (वर्धा) के पूर्व कुलपति प्रोफेसर रजनीश शुक्ला उपस्थित रहे। अपने संबोधन में प्रोफेसर शुक्ला ने कहा कि भारतीय महिला दार्शनिक परिषद समाज में एक अनोखा प्रयोग है। हम सभी दर्शनशास्त्र के माध्यम से समाज निर्माण के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं और इस अधिवेशन में प्रस्तुत किए गए शोध पत्र इसी दिशा में एक सार्थक कदम हैं।

### 'हम पुरुषों के विरोध में नहीं, साथ मिलकर जगा रहे हैं महिलाओं को'

परिषद की राष्ट्रीय अध्यक्ष (रांची) प्रोफेसर राजकुमारी सिन्हा ने अपने विचार रखते हुए स्पष्ट किया कि यह मंच कोई नारीवादी आंदोलन नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा, ₹हम पुरुषों के विरोध में नहीं हैं, बल्कि हम उनके साथ कदम से कदम मिलाकर चल रहे हैं। हम पुरुषों के साथ मिलकर ही महिलाओं को जगाना और सशक्त करना चाहते हैं।₹ इस अवसर पर राष्ट्रीय महामंत्री डॉक्टर विनीता अवस्थी ने भारतीय महिला दार्शनिक परिषद की मूल संकल्पना को विस्तार से प्रस्तुत किया। वहीं, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉक्टर पूनम सिंह ने तीन




दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन में संपन्न हुए विभिन्न अकादमिक सत्रों और संगोष्ठी के महत्वपूर्ण निष्कर्षों पर प्रकाश डाला।

परिषद की स्थानीय अध्यक्ष डॉक्टर आभा होलकर ने स्वागत वक्तव्य देते हुए वर्तमान परिवेश में संस्कृति के क्षरण पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति का पतन हुआ है और हमें इसे और आगे बढ़ने से हर हाल में रोकना होगा। रामायण और महाभारत हमारे डीएनए में रचे-बसे हैं; इन्हीं ग्रंथों की शिक्षा के आलोक में संस्कृति के क्षरण को रोकने की जिम्मेदारी हम सभी की है। अधिवेशन के दौरान प्राचार्य डॉक्टर कल्पना सिंह ने 16वें अधिवेशन की शोध स्मारिका 'जिजीविषा' का विमोचन किया। इसके साथ ही डॉक्टर सोनी शर्मा की लिखित पुस्तक 'पर्यावरणीय दर्शन' का भी विमोचन किया गया। कार्यक्रम में श्रेष्ठ शोध पत्र प्रस्तुत करने के लिए डॉक्टर कुमुदिनी पाठक, डॉक्टर प्रतिमा राय और उज्जैन की डॉक्टर किरण बंडेरिया को विशेष रूप से पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## खबर एक नजर...

### चिड़ार समाज का होली मिलन समारोह 15 मार्च को

**उज्जैन।** श्री चिड़ार समाज सांस्कृतिक एवं कल्याण समिति द्वारा 15 मार्च रविवार को भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम मंगलनाथ रोड, गयाकोटा स्थित श्री अग्रवाल पंचायत न्यास के श्री पुरुषोत्तम नारायण मंदिर परिसर (उत्तरामुखी हनुमान मंदिर के पीछे) में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 9:30 बजे से होगी।

समाज संरक्षक पुरुषोत्तम मगरे, पूर्व अध्यक्ष भगवानदास ब्राह्मनिया के मार्गदर्शन में संयोजक मोहन चंदेल, कमलेश धंधेरे, समाज के वरिष्ठ हरिश्चंद्र आठिया, सन्नी गोइया, नारायण आठिया, पवन गेहलोत द्वारा आयोजन की रूपरेखा तैयार की गई जिसके तहत इस बार होली मिलन समारोह को और अधिक रोचक बनाने के लिए समाजजनों के बीच विविध खेलकूद और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसमें मुख्य रूप से पुरुष वर्ग के लिए 'क्रिकेट प्रतियोगिता' आकर्षण का केंद्र रहेगी। इसके अलावा महिलाओं, बच्चों और युवाओं के लिए रंगोली, चित्रकला, मनोरंजक खेल, चेयर रेस, खो-खो, दौड़, गायन और नृत्य (डांस) जैसी कई प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी।समिति ने सभी समाज बंधुओं से अपील की है कि वे सपरिवार इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर समारोह में रंगारंग कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर आयोजन को सफल बनाएं।

### भारत विकास परिषद में नई नियुक्तियां

**उज्जैन।** भारत विकास परिषद, मध्य भारत पश्चिम प्रांत में वर्ष 2026-27 के लिए नवीन दायित्वों की घोषणा कर दी गई है। केंद्रीय एवं क्षेत्रीय नेतृत्व द्वारा मंदसौर के घनश्याम पोरवाल को प्रांतीय अध्यक्ष और विनोद काला को प्रांतीय महासचिव के पद पर पुनः जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, उज्जैन के चिराग शाह को प्रांत के वित्त सचिव का महत्वपूर्ण दायित्व दिया गया है।

केंद्रीय नेतृत्व ने परिषद के विस्तार और कार्यों को गति देने के लिए अन्य महत्वपूर्ण पदों पर भी मनोनयन किए हैं। उज्जैन के रविन्द्र सोनी को राष्ट्रीय गतिविधि सदस्य 'सेवा' और सुनील लवंगीकर को रीजनल संगठन सचिव मनोनीत किया गया है। इसके साथ ही, जावद के प्रदीप चौपड़ा को रीजनल संयोजक 'संस्कार' और संजय अग्रवाल को क्षेत्रीय संरक्षक का दायित्व सौंपा गया है। सभी नवीन दायित्वधारियों को परिषद के सदस्यों और इष्ट मित्रों ने बधाई प्रेषित की है। वर्ष 1963 से देश भर में सेवा और संस्कार की गतिविधियां संचालित कर रही भारत विकास परिषद की वर्तमान में 1700 शाखाएं हैं, जिनसे 1 लाख से अधिक परिवार जुड़े हुए हैं। पर्यावरण संरक्षण, जल संचयन और पीड़ित मानवता की सेवा में यह संस्था लगातार कार्य कर रही है। बीते वर्ष संस्था ने कई बड़े कीर्तिमान स्थापित किए। पूरे प्रांत में 101 जोड़ी नेत्रदान करवाए गए, जिससे 202 नेत्रहीनों के जीवन में फिर से नया उजाला आया। प्रांत की 23 विभिन्न शाखाओं ने स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से 15,000 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण और ऑपरेशन करवाए।

#### भारतीय ज्ञान परंपरा के बिना देश की शिक्षा प्रणाली की कल्पना भी संभव नहीं

# डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम विवि में खुला प्रदेश का पहला 'भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र', प्रो. मूर्ति ने किया शुभारंभ

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



नई पीढ़ी को भारत की समृद्ध और प्राचीन बौद्धिक विरासत से जोड़ने के उद्देश्य से डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम विश्वविद्यालय में प्रदेश के पहले 'भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र' का शुभारंभ किया गया। विश्वविद्यालय की कुलगुरु डॉक्टर दीपिका पाठक के अथक प्रयासों से स्थापित इस केंद्र का उद्घाटन भारत सरकार (नई दिल्ली) के भारतीय ज्ञान परंपरा के राष्ट्रीय समन्वयक प्रोफेसर गंती एस. मूर्ति के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।

प्रोफेसर मूर्ति ने विश्वविद्यालय परिसर में फीता काटकर केंद्र का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने रामचरितमानस का संक्षिप्त पाठ भी किया, जिसने वहां उपस्थित सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अपने संबोधन में प्रोफेसर मूर्ति ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा के बिना देश की शिक्षा प्रणाली की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। वर्तमान शिक्षा प्रणाली में इसका समावेश अति आवश्यक है, ताकि आज और भविष्य की पीढ़ी में ज्ञान के साथ-साथ भारतीय संस्कारों को भी गहराई से पिरोया जा सके।

कार्यक्रम के दौरान इस बात पर जोर दिया गया कि भारतीय ज्ञान परंपरा हजारों वर्षों से विकसित भारत की गतिशील और समग्र बौद्धिक विरासत है। यह केवल आध्यात्मिक नहीं है, बल्कि दर्शन, विज्ञान, आयुर्वेद, योग, गणित और कला का एक ऐसा अनूठा संगम है, जो लौकिक और पारलौकिक ज्ञान को जोड़ता है। यह पूरी तरह से वेदों, उपनिषदों और स्थानीय ज्ञान प्रणालियों से प्रेरित है।

कार्यक्रम की शुरूआत में कुलगुरु डॉक्टर दीपिका पाठक ने विश्वविद्यालय परिवार की ओर से प्रोफेसर मूर्ति का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। उनके साथ कुलानुशासक डॉक्टर करुणाकर शुक्ला, उप कुलपति डॉक्टर राजीव विश्वकर्मा, कुलसचिव संदीप गुप्ता, डॉक्टर मनीष मिश्रा और डॉक्टर दरवेश भंडारी ने भी मुख्य अतिथि की अगवानी की। इस ऐतिहासिक अवसर पर विश्वविद्यालय के अधिष्ठातागण एवं प्राचार्यगण प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉक्टर ए. रेवती गुप्ता, डॉक्टर राकेश जाटव, डॉक्टर जे. सी. शर्मा, डॉक्टर संदीप सिंह सेंगर, डॉक्टर मनीष मिश्रा, डॉक्टर प्रशांत श्रीवास्तव और डॉक्टर अमित मोदी ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

### सौरभ चौधरी ने कृषि नवाचार और खाद्य सुरक्षा पर रखे विचार

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

नई दिल्ली के ताज पैलेस में 'द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट' द्वारा आयोजित 'वर्ल्ड सस्टेनेबल डेवलपमेंट समिट 2026' का हाल ही में समापन हुआ। इस प्रतिष्ठित वैश्विक आयोजन में उज्जैन के सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कृषि विभाग के छात्र सौरभ चौधरी ने भी अपनी सक्रिय भागीदारी दर्ज कराई। उन्होंने देश-विदेश के दिग्गज नीति-निर्माताओं और पर्यावरण विशेषज्ञों के सामने कृषि नवाचारों पर बेबाकी से अपनी बात रखी।

शिखर सम्मेलन के विशेष सत्र 'युवा भागीदारी और नीति नवाचार' में सौरभ ने सतत कृषि (सस्टेनेबल एग्रीकल्चर) और जलवायु-लचीली (क्लाइमेट-रेसिलिएंट) खेती की आधुनिक तकनीकों पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि तकनीक के माध्यम से छोटे और सीमांत किसानों तक आधुनिक समाधान पहुंचाकर ही भविष्य की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है। वैश्विक मंच पर सौरभ की इस उपस्थिति ने यह साबित कर दिया है कि भारतीय शिक्षण संस्थानों के युवा जलवायु परिवर्तन जैसे गंभीर विमर्श में अपनी सक्रिय और अग्रणी भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

### चिंतामन गणेश की दूसरी जत्रा पर पंचामृत पूजन के बाद 56 भोग लगा, बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

**उज्जैन.** श्री चिंतामन गणेश मंदिर में चैत्र मास के दौरान आयोजित होने वाली पारंपरिक जत्रा के तहत बुधवार को दूसरी जत्रा का आयोजन हुआ। इस अवसर पर सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान गणेश के दर्शन के लिए मंदिर पहुंचे। इस साल कुल पांच जत्राएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें आने वाले तीन बुधवार को भी जत्रा का आयोजन होगा।

सुबह 4 बजे मंदिर के पट खुलने के साथ भगवान श्री गणेश का पंचामृत अभिषेक किया गया और उनका भव्य श्रृंगार किया गया। जत्रा को लेकर सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी थी। अनुमान है कि देर शाम शयन आरती तक हजारों भक्त दर्शन के लिए पहुंचेंगे। पंडित गणेश गुरु ने बताया कि चैत्र माह की दूसरी जत्रा पर किसान नया धान लेकर भगवान गणपति को अर्पित करने पहुंचे। किसान मंदिर में अर्पित किया हुआ धान घर ले जाकर रखते हैं। जत्रा के क्रम में मंदिर में पंचामृत पूजन, अभिषेक और भगवान को 56 भोग अर्पित किया गया। मंदिर के पुजारी जयंत शर्मा के अनुसार चैत्र मास की शाही जत्रा में श्रद्धालु भगवान चिंतामन गणेश के दरबार में अपनी मनोकामनाएं लेकर पहुंचते हैं। मान्यता है कि इस दिन की गई प्रार्थना अवश्य फल देती है।

# चांदी के रथ में निकले प्रथम तीर्थंकर प्रभु आदिनाथ

## भव्य रथयात्रा निकाली, गुरुदेव ने प्रभु आदिनाथ के जीवन और उनके संदेशों पर प्रकाश डालते हुए समाजजनों को धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी





ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

प्रथम तीर्थंकर प्रभु आदिनाथ का जन्म कल्याणक एवं दीक्षा कल्याणक महोत्सव जैन समाज द्वारा अत्यंत उत्साह और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। श्री जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक युवक महासंघ, उज्जैन के संयोजन में शहर में भव्य रथयात्रा निकाली गई। इसके पश्चात खाराकुआं स्थित बड़ा उपाश्रय में धर्मसभा का आयोजन हुआ और रंगमहल में समाजजनों के लिए साधर्मिक वात्सल्य रखा गया।

युवक महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष रितेश खाबिया और शहर अध्यक्ष राहुल सर्राफ ने बताया कि रथयात्रा परम पूज्य गुरु नवरत्न कृपा प्राप्त युवा हृदय सम्राट आचार्य विश्वरत्न सागर सूरीश्वरजी महाराजा साहेब के शिष्य, परम पूज्य गणीवर्य कीर्तिरत्नसागर जी म.सा. आदि ठाणा की पावन निश्रा में निकाली गई। इसमें परम पूज्य साध्वी प्रियदर्शनी जी की शिष्या हितदर्शन श्रीजी एवं चारूदर्शन श्रीजी आदि ठाणा भी शामिल हुए। रथयात्रा श्री सिद्ध चक्र आराधना केसरियानाथ तीर्थ खाराकुआं पेढ़ी से प्रारंभ हुई और शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए श्री विजय हीर सूरीश्वरजी बड़ा उपाश्रय पहुंची, जहां यह धर्मसभा में परिवर्तित हो गई।

धर्मसभा में गुरुदेव ने प्रभु आदिनाथ के जीवन और उनके संदेशों पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित समाजजनों को धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनोद बरबोटा ने दिया, जबकि राष्ट्रीय सचिव नरेंद्र बाफना और राजेश पटनी ने युवक महासंघ की सामाजिक व धार्मिक भूमिका पर विस्तार से बात की।

इस पावन अवसर पर रथयात्रा के लाभार्थी भैरव सिल्वर गोल्ड एंड डायमंड परिवार (लक्ष्मीदेवी अनूप कुमार-अनिल कुमार पावेचा) का विशेष रूप से बहुमान किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन राकेश वनवट ने किया। आयोजन में जैन समाज के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। प्रमुख रूप से जयंतीलाल जैन, नरेंद्र जैन, अश्विन चोपड़ा, अजेश कोठारी, अभय जैन (भैया), अशोक कोठारी, प्रसन्न जैन, मनीष गावड़ी, राजेंद्र पटवा, डॉक्टर संजीव जैन, प्रकाश गांधी, राहुल कटारिया, पुनीत जैन, अनिल कंकरेचा, गोलू सुराणा, धर्मेंद्र जैन, संजय कोठारी, श्रीपाल राजावत, अशोक चत्तर, विकास जैन, दिलीप मेहता, दीपक डगरिया, सोहन आचलिया, देवेंद्र कोठारी, प्रमोद जैन, राजेश जैन (राजू) और विमल भंडारी सहित सैकड़ों की संख्या में वरिष्ठ समाजजन एवं महिला मंडल की सदस्याएं मौजूद रहीं। कार्यक्रम के अंत में आभार अश्विन मेहता ने माना।

# आज लगेगा निःशुल्क मल्टीस्पेशलिटी शिविर, विशेषज्ञ डॉक्टर देंगे परामर्श

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

शहरवासियों के लिए एक अच्छी खबर है। तेजंकर हॉस्पिटल्स (उज्जैन), दीपज्योति वेलफेयर सोसायटी और शैल्बी हॉस्पिटल्स (इंदौर) के संयुक्त तत्वावधान में आज गुरुवार, 12 मार्च 2026 को एक विशाल 'निःशुल्क मल्टीस्पेशलिटी शिविर परामर्श शिविर' का आयोजन किया जा रहा है।

दीपज्योति वेलफेयर सोसायटी अध्यक्ष डॉक्टर दीपक जैन ने बताया कि यह शिविर सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक तेजंकर हॉस्पिटल्स (86 विश्वविद्यालय मार्ग, माधव क्लब रोड, तीन बत्ती चौराहे के पास, उज्जैन) में आयोजित होगा। मरीजों को बेहतर निदान के लिए अपनी पुरानी जांच रिपोर्ट साथ लाने की सलाह दी गई है। इसके अलावा, शिविर में आने वाले मरीजों को हॉस्पिटल में होने वाली जांचों और दवाइयों पर विशेष छूट का लाभ भी मिलेगा।

शिविर में दीपज्योति वेलफेयर सोसायटी, उज्जैन के विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा मरीजों की जांच की जाएगी। स्त्री एवं कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉक्टर नियति जैन शाह स्तन में परिवर्तन, असामान्य रक्तस्राव, पेट और श्रोणि में दर्द, वजन और भूख में अचानक बदलाव, लगातार थकान, त्वचा या पाचन में परिवर्तन और लगातार खांसी जैसी समस्याओं के लिए परामर्श देंगी। दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर प्रिंस कुशवाह दांतों में तेज या लगातार दर्द, मसूड़ों की समस्याओं (सूजन/संक्रमण), मुंह से दुर्गंध, हिलते हुए दांत और जबड़े की समस्याओं का निदान करेंगे।

इनके साथ ही शैल्बी हॉस्पिटल, इंदौर के प्रसिद्ध डॉक्टरों द्वारा भी अपनी सेवाएं दी जाएंगी। हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं जॉइंट सर्जन डॉक्टर अंकुश अग्रवाल घुटने या कूल्हे में दर्द, चलने में तकलीफ, चाल में बदलाव, सीढ़ियां चढ़ने-उतरने या उठने-बैठने में परेशानी और कूल्हे के फ्रैक्चर जैसी समस्याओं का परामर्श देंगे। मस्तिष्क एवं मिर्गी रोग विशेषज्ञ (न्यूरो फिजिशियन) डॉक्टर सावन अग्रवाल लकवा, मिर्गी व अन्य दौरे, माइग्रेन, सिरदर्द, मस्तिष्क में गठान, चक्कर और मांसपेशियों की कमजोरी के मरीजों को देखेंगे। वहीं, किडनी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मोहित नरेड़ी शरीर में सूजन, भूख में कमी, पेशाब की समस्या (जलन, दर्द, खून, झाग या प्रोटीन जाना), सांस फूलना और पेट या कमर में दर्द की स्थिति में अपना विशेष परामर्श देंगे। आयोजकों ने बताया कि मरीज असुविधा से बचने के लिए पहले से अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। अधिक जानकारी एवं अपॉइंटमेंट बुक करने के लिए हेल्पलाइन नंबर 70499 18753 और 83496 16161 पर संपर्क किया जा सकता है।

# ओलावृष्टि से नष्ट हुई फसलों के मुआवजे की मांग को लेकर मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस ने किया चक्काजाम

## किसानों के न्याय की लड़ाई जारी : जिला कांग्रेस अध्यक्ष गुर्जर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मल्हारगढ़

विगत दिनों झारड़ा सहित अंचल में बेमौसम बारिश और भारी ओलावृष्टि हुई थी। इससे किसान भाइयों की फैसले पूरी तरह से बर्बाद हो गई थी। कांग्रेस पार्टी ने लगातार यह मांग रखी कि सरकार ओलावृष्टि से बर्बाद हुई फसलों का किसानों को बिना सर्वे मुआवजे वितरण करे।लेकिन सरकार ने प्रशासन को बर्बाद हुई फसलों के सर्वे का आदेश दिया।

राजस्व विभाग की टीम ने ओलावृष्टि क्षेत्र का सर्वे पूरा कर सरकार को रिपोर्ट भी प्रस्तुत कर दी। उसके बावजूद ओलावृष्टि हुए 40 दिनों के बाद भी किसानों को मुआवजा राशि वितरण नहीं करी गई।

इसी के विरोध में मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मल्हारगढ़ , बूढ़ा ने झारड़ा बस स्टैंड पर किसान विरोधी प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन कर महामहिम राज्यपाल के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंप कर मांग करी कि तत्काल किसानों को मुआवजा वितरण करी जाएं।



धरने को संबोधित करते हुए मंदसौर जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेन्द्र सिंह गुर्जर ने कहा कि ओलावृष्टि से किसानो की फसलें शत प्रतिशत नष्ट हो चुकी हैं। ओलावृष्टि के बाद कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने किसानों के साथ खेतों में फसलों का मौका मुआयना किया । प्रभावित क्षेत्र में सर्वे की कोई जरूरत ही नहीं थी । सरकार को किसानों को बिना सर्वे मुआवजा देना था।लेकिन सरकार किसानों के इस संकट के समय कितनी असंवेदनशील है कि विधानसभा नेताप्रतिपक्ष उमंग सिंगार, सुसनेर विधायक ने ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों के मुआवजे की मांग उठाई तो जवाब मिलता है कि ओलावृष्टि तो हुई नहीं। सरकार के ऐसे गैर जिम्मेदाराना बयान से साफ जाहिर होता है कि यह सरकार किसान विरोधी है। प्रदेश कांग्रेस सचिव सिसोदिया ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव अपने आप को किसान पुत्र बताते हैं। लेकिन उन्हें इतना भी ज्ञान नहीं है वह कभी दूध का रकबा बढ़ाने की बात करते हैं तो कभी खेतों में गुड पैदा करने की बात करते हैं। हमारे क्षेत्र के विधायक उप मुख्यमंत्री बड़ी बाते करते कहते हमने रोड़ो का जाल बिछा दिया लेकिन यह रोड़ों का जाल नहीं भ्रष्टाचार का जाल है। ज्ञापन का वाचन करते हुए ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजेश मालेचा ने बताया कि ओलावृष्टि से किसानों की फसलें पूरी तरह से बर्बाद हो गई हैं। सरकार ने प्रशासन से प्रभावित फसलों का सर्वे भी करवाया। राजस्व विभाग ने सर्वे रिपोर्ट भी प्रस्तुत कर दी उसके बावजूद आज 40 दिन हो गए किसानों को मुआवजा वितरण नहीं किया गया। हमारे क्षेत्र के विधायक प्रदेश सरकार में उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने इतने भयंकर प्राकृतिक प्रकोप के बाद पहले तो वीडियो कॉल पर प्रभावित फसलों का मुआयना कर किया क्षेत्रीय विधायक होने के नाते कांग्रेस पार्टी ने इसका विरोध किया तो 4,5 दिन बाद क्षेत्र में आए और सिर्फ दो-तीन गांव में पहुंच कर ही इतिश्री कर ली। देवड़ा ने दौरे में किसानों से कहा कि फसलें पूरी तरह से नष्ट हो गई है मुख्यमंत्री मोहन यादव को अवगत करवाकर किसानों को मुआवजा वितरण करवाएंगे। लेकिन जब ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों के मुआवजे की बात विधानसभा सभा में उठती है तो उपमुख्यमंत्री के मुंह से किसानो के मुआवजे के नाम पर एक शब्द भी नहीं निकलता है। इससे किसानों के प्रति भाजपा सरकार की कथनी , करनी में अंतर साफ जाहिर होता है।किसान अभी भयंकर संकट के दौर से गुजर रहा है किसानों की न्यायोचित मांग के लिए आज ब्लॉक कांग्रेस मल्हारगढ़, बूढ़ा ने यह धरना प्रदर्शन कर महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन प्रस्तुत कर मांग करी है कि किसानों को तत्काल मुआवजा वितरण कर राहत प्रदान करें। मालेचा ने कहां की धरने के माध्यम से हमारी यह भी मांग हैं। कि प्रशासन ने फसल नुकसान की सर्वे रिपोर्ट भेजी है उसे किसानों के बीच में सार्वजनिक किया जाए। कांग्रेसजन सहित क्षेत्र से आए किसान सर्वे रिपोर्ट सार्वजनिक करने की बात पर करीब आधा घंटे तक अड़े रहे और चक्काजाम कर दिया।

ज्ञापन लेने आए नायब तहसीलदार पंकज जाट ने कहा कि जिस समय फसल नुकसानी का सर्वे हुआ था उसे समय में यहां नहीं था मैं उच्च अधिकारियों से इस संबंध में बात कर अवगत कराऊंगा।

धरने कार्यक्रम में विद्युत विभाग द्वारा बकाया बिलधारियों से जो मार्च माह में जो वसूली किसानों मजदूरों आमजन से की जा रही है नहीं देने पर घरेलू कनेक्शन काटे जा रहे हैं इसका भी विरोध किया गया।ज्ञापन के माध्यम से मांग करी की किसानों की फैसले अभी खेतों में है विभाग यह वसूली 15अप्रैल बाद शुरू करे। चक्काजाम के दौरान विनय कुमट शैतान सिंह कितुखेड़ी सहित किसानों का आक्रोश फूटा और उपमुख्यमंत्री देवड़ा के फोटो पर कालिक पोत कर स्थानीय विधायक का विरोध किया। संचालन वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामचंद्र करुण ने किया आभार किसान नेता गणपत सिंह चंद्रावत ने माना। इस अवसर पर बूढ़ा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सत्यनारायण पाटीदार, वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व जनपद उपाध्यक्ष गणपतलाल पवांर ,जिला पंचायत सदस्य भोपाल सिंह सोलंकी, अजीत कुंमठ, किसान नेता कमलेश पटेल, दिनेश गुप्ता, किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष बलवंत पाटीदार, अर्जुन गुर्जर, सुरेश पाटीदार, रामप्रसाद फरक्या, नंदलाल पाटीदार, किसान दीपक जोशी, हरि सिंह पवार, धरने कार्यक्रम को संबोधित किया इस मौके पर बड़ी संख्या में कांग्रेसजन ,किसान बंधु उपस्थित थे



## हिन्दी शुद्धि समूह की वर्षगाँठ पर हुए विविध कार्यक्रम

खंडवा। भाषा शुद्धि हेतु प्रयासरत हिन्दी शुद्धि समूह ने दो वर्ष पूर्ण होने पर स्थापना दिवस मनाया। समूह की संचालिका सरोज जैन द्वारा समूह की उपलब्धि एवं महिला दिवस की सार्थकता बताते हुए कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। रानी बोथरा व सोनल बोथरा द्वारा सुरीला तथा सोनाली मेहता व वैशाली मेहता द्वारा रंगीला स्वागत किया गया। सोहनी सुदीप और अंजलि बनवट ने होली गीत- गायन संपन्न करवाया। सीमा शाह व प्रियंका पंचोलिया द्वारा नारी की महानता विषय पर आधारित स्लोगन संग्रहित कर वाचन करवाया गया। सरोज जैन द्वारा विगत दो वर्षों में सीखे गए ज्ञान पर आधारित शुद्ध लेखन करवाया गया जिसमें नेहा चौरड़िया व अंजलि छाबड़ा सहयोगी रहीं। निर्मला बोथरा व सुनीता पाटनी ने इनरव्हील क्लब की चेयरमैन आरती छाबड़ा का स्वागत किया जिन्होंने शहर में हिन्दी शुद्धि हेतु गठित अनूठे समूह के कार्यों की सराहना करते हुए सरोज जैन को बधाई दी। इस अवसर पर नेत्रहीन बच्चों की परीक्षा में सहयोग के उद्देश्य से राइटर्स बैंक का गठन किया गया जिसकी संयोजक दर्शना जैन ने इसकी जानकारी दी। अदिति मेहता ,कीर्ति मेहता व प्रतिभा जैन ने हिन्दी आधारित गेम खिलवाये।

## संकल्प से समाधान अभियान के तहत छनेरा में शिविर संपन्न

खण्डवा । संकल्प से समाधान अभियान के तहत प्रत्येक व्यक्ति को उसकी पात्रता के अनुसार सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करने का प्रयास किया जा रहा है। इस अभियान के तहत नगर परिषद छनेरा में बुधवार को शिविर आयोजित किया गया। इस अभियान के तहत गत माह वार्ड वार दल गठित कर घर-घर जाकर आवेदन लिए गए थे, जिसमें कुल 1313 आवेदन प्राप्त हुए थे । इनमें से 1294 आवेदन स्वीकृत किए गए व 19 नागरिकों के आवेदन अपात्रता के कारण अस्वीकृत किए गए । शिविर में नगर परिषद अध्यक्ष श्री मुकेश वर्मा, क्लस्टर प्रभारी नायब तहसीलदार श्री सुरेश बामनिया, बीएमओ डॉ. आशीष मिश्रा, डॉ रविन्द्र जायसवाल, नगर परिषद से अरविंद गुप्ता, व अन्य अधिकारियों ने अपने अपने विभागों की योजनाओं की जानकारी उपस्थित नागरिकों को दी और पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किए ।

# सभी डॉक्टर ड्यूटी पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें, अनुपस्थित पर होगी कार्यवाही : कलेक्टर



## जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंदसौर

कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सुशासन भवन सभागृह में आयोजित की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री अनुकूल जैन सहित मेडिकल कॉलेज, स्वास्थ्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएससी) पर ओपीडी में पदस्थ सीएचओ, मेडिकल ऑफिसर एवं डॉक्टर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। बिना किसी लिखित सूचना के अनुपस्थित पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध सीधे निलंबन की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि पीएससी पर डॉक्टर नियमित रूप से बैठें, मरीजों की जांच कर उचित उपचार प्रदान करें तथा स्वास्थ्य सेवाओं में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। अनुपस्थित की सूचना किसी भी माध्यम से प्राप्त होने पर होगी कार्यवाही। उन्होंने निर्देश दिए कि सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलने वाली ओपीडी व्यवस्था की लाइव मॉनिटरिंग भी की जाएगी।

बैठक में एचपीवी टीकाकरण की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि एचपीवी वैक्सीन पूर्णतः सुरक्षित है। आमजन किसी भी प्रकार की गलत एवं भ्रामक बातों पर ध्यान न दें। स्वास्थ्य विभाग इस संबंध में व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाए। प्रतिदिन लक्ष्य निर्धारित कर टीकाकरण कार्य को गति दी जाए। जिला शिक्षा अधिकारी संकुल प्राचार्यों को निर्देशित करें कि स्कूल इस अभियान में सक्रिय सहयोग दें। 17 मार्च तक सभी स्कूलों में आठवी एवं नवी क्लास के बच्चों की पैरेंट्स टीचर्स मीटिंग आयोजित की जाए। जिसमें एचपीवी वैक्सीनेशन के संबंध में पेरेंट्स को जागरूक किया जाए।

# जिला चिकित्सालय में लगाए जा रहे हैं एच.पी.वी. टीके

ब्रह्मास्त्र ▸▸ खण्डवा

सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए श्री दादाजी धूनीवाले जिला चिकित्सालय खंडवा में एच.पी.वी. अर्थात ह्यूमन पैपिलोमा वायरस से बचाव के लिए टीके लगाए जा रहे हैं। सिविल सर्जन डॉ. अनिरुद्ध कौशल ने बताया कि एच.पी.वी. टीकाकरण अभियान के तहत 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरी बालिकाओं को यह टीके लगाए जा रहे हैं। उन्होंने सभी पालकों से अपील की है कि अपनी बेटियों के सुरक्षित भविष्य के लिए श्री दादाजी धूनीवाले जिला चिकित्सालय के ए ब्लॉक के प्रथम तल पर आकर टीका अवश्य लगवाएं। यह टीका भविष्य में होने वाले सर्वाइकल कैंसर के खतरे को 90 प्रतिशत तक कम कर देता है।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**सनावद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायालय मंडलेश्वर के आदेश अनुसार एवं तहसील विधिक सेवा समिति न्यायालय सनावद के निर्देशानुसार महिला दिवस सप्ताह अंतर्गत पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया जहां श्री मान न्यायाधीश महोदय श्री योगेश चालीसा ने कहा कि आप सब सम्माननीय है आप से देश हे देश की उन्नति मे आपका महत्वपूर्ण योगदान है आपको प्रणाम हे श्री मान न्यायाधीश महोदय ने कानूनी जानकारी देते हुए कहा कि महिलाओं से संबंधित अनेक कानून हे जैसे घरेलू हिंसा से संबंधित दहेज प्रथा से संबंधित शोषण संबंधित कानून हे जैसे भरण पोषण के लिए 125 खाने खर्चे कानून है पति द्वारा दहेज मांगने पर दहेज प्रथा अधिनियम हे कार्यस्थल पर शोषण संबंधित कानून हे आपके कानूनी अधिकार हे जैसे समानता और भेदभाव से मुक्तिपैतृक संपत्ति में बराबर हक , घरेलू हिंसा से सुरक्षा कानून हे समानता शिक्षा और संपत्ति के मौलिक अधिकार प्राप्त हे तो आप सब कानून एवं अधिकारों के प्रति सजग रहे एवं दूसरों को भी प्रेरित करे.

## संकल्प से समाधान अभियान 14 से 16 मार्च तक लगेंगे शिविर

खण्डवा। संकल्प से समाधान अभियान के तहत प्रत्येक व्यक्ति को उसकी पात्रता के अनुसार सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करने का प्रयास किया जा रहा है। जिला पंचायत के सीईओ डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा ने बताया कि इस अभियान के तहत नगरीय क्षेत्र ओंकारेश्वर में 12 मार्च को और पुनासा में 13 मार्च को शिविर आयोजित किए जाएंगे। खण्डवा नगर निगम क्षेत्र के अलग अलग वार्डों में 14 से 16 मार्च के बीच ये शिविर आयोजित होंगे।

## छात्रावासों में निवासरत किशोरियों को लगाए जाएंगे एचपीवी के टीके

खण्डवा। महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के उद्देश्य से एचपीवी टीकाकरण अभियान इन दिनों जारी है। इस अभियान के तहत 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों को एचपीवी के टीके लगाये जा रहे हैं। कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी और 15 वर्ष से कम उम्र की बालिकाओं को अपने निकटतम टीकाकरण केन्द्र पर ले जाकर एचपीवी का टीका अवश्य लगवाएं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 12 मार्च को अनुसूचित जाति सीनियर कन्या छात्रावास पुनासा, कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास रोशनी, नेताजी सुभाषचंद बोस बालिका छात्रावास हरसूद में एचपीवी टीके लगाए जाएंगे। जबकि 13 मार्च को पुनासा ब्लॉक के अनुसूचित जाति सीनियर कन्या छात्रावास नवीन पुनासा, हरसूद विकासखण्ड के महाविद्यालयीन कन्या छात्रावास एसटी और रमसा बालिका छात्रावास में, 14 मार्च को खण्डवा ब्लॉक के बोरगांवखुर्द कन्या छात्रावास में, 15 मार्च को बालिका छात्रावास मॉडल स्कूल हरसूद में एचपीवी के टीके लगाए जाएंगे।



ऑनलाइन ट्रोलिंग से परेशान

## अभिनेत्री लावण्या त्रिपाठी ने दर्ज कराई साइबर क्राइम शिकायत

दक्षिण भारतीय फिल्म अभिनेत्री लावण्या त्रिपाठी ने हाल ही में सोशल मीडिया पर हो रही अभद्र टिप्पणियों और ऑनलाइन उत्पीड़न के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए हैदराबाद पुलिस के साइबर क्राइम विंग में शिकायत दर्ज कराई है। अभिनेत्री ने आरोप लगाया है कि कुछ इंस्टाग्राम अकाउंट्स लगातार उनके और उनके परिवार के सदस्यों को निशाना बनाते हुए अपमानजनक और मानहानिकारक टिप्पणियां पोस्ट कर रहे हैं। इस मामले को लेकर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और संबंधित सोशल मीडिया अकाउंट्स की पड़ताल की जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, लावण्या त्रिपाठी ने मंगलवार को हैदराबाद पुलिस के साइबर क्राइम विभाग से संपर्क कर एक औपचारिक शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में उन्होंने कहा कि कई सोशल मीडिया यूजर्स अलग-अलग हैंडल के जरिए उनके खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट और भ्रामक संदेश फैला रहे हैं, जिससे उनकी छवि और निजी जीवन पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। अभिनेत्री का कहना है कि इस तरह की गतिविधियां न केवल उन्हें मानसिक रूप से परेशान कर रही हैं बल्कि उनके परिवार के सदस्यों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता पैदा कर रही हैं। शिकायत में विशेष रूप से कुछ इंस्टाग्राम अकाउंट्स का उल्लेख किया गया है जिन पर आरोप है कि वे लगातार लावण्या और उनके परिजनों के खिलाफ अपमानजनक सामग्री साझा कर रहे हैं। अभिनेत्री ने यह भी कहा कि कई पोस्ट ऐसे हैं जिनका उद्देश्य उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाना और सोशल मीडिया पर उनके खिलाफ नकारात्मक माहौल बनाना है। उन्होंने पुलिस से इन अकाउंट्स की पहचान करने और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

# मोनालिसा ने मुस्लिम बॉयफ्रेंड फरमान खान से शादी की

परिवार के विरोध के बाद पुलिस से मांगी सुरक्षा, महाकुंभ मेले में हुई थीं वायरल









महाकुंभ में अपनी खूबसूरत आंखों और मासूम मुस्कान के कारण सोशल मीडिया पर वायरल हुईं मोनालिसा एक बार फिर सुर्खियों में हैं। इस बार वजह उनकी पर्सनल लाइफ है। खबरों के मुताबिक मोनालिसा ने अपने मुस्लिम बॉयफ्रेंड फरमान खान के साथ शादी कर ली है। हालांकि इस रिश्ते को लेकर उनके परिवार ने विरोध जताया है, जिसके चलते दोनों को पुलिस से सुरक्षा मांगनी पड़ी।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार मोनालिसा और फरमान करीब डेढ़ साल से एक-दूसरे को जानते हैं। दोनों की मुलाकात सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर हुई थी और वहीं से उनकी दोस्ती धीरे-धीरे प्यार में बदल गई। जब दोनों ने शादी करने का फैसला किया तो परिवार ने इसका विरोध किया, जिसके बाद मामला और बढ़ गया।

बताया जा रहा है कि परिवार के विरोध और संभावित खतरे को देखते हुए मोनालिसा अपने बॉयफ्रेंड के साथ केरल के तिरुवनंतपुरम स्थित थंपानूर पुलिस स्टेशन पहुंचीं और पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाई। दोनों ने पुलिस को बताया कि वे अपनी मर्जी से साथ रहना चाहते हैं और उन्हें किसी तरह की धमकी या दबाव से बचाया जाए। सोशल मीडिया पर इस मामले से जुड़ा एक वीडियो भी तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें मोनालिसा और फरमान पुलिस स्टेशन में दिखाई दे रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद यह मामला और चर्चा में आ गया है।



# अदा शर्मा के पास 1 महीने से नहीं कोई काम

**वीडियो जारी कर सुनाई आपबीती, कहा- प्रोड्यूसर ने डेट्स बदलने के लिए मैनेजर को गाली दी**

द केरला स्टोरी और 1920 जैसी बेहतरीन फिल्मों में नजर आ चुकीं एक्ट्रेस अदा शर्मा को पिछले 1 महीने से कोई काम नहीं मिल रहा है। एक्ट्रेस ने एक वीडियो जारी कर बताया है कि किस तरह एक प्रोड्यूसर ने उन्हें डेट्स के लिए परेशान किया और उनका पूरा शेड्यूल डिस्टर्ब कर दिया। जब एक्ट्रेस ने जिद पर दूसरी फिल्मों का शेड्यूल बदलकर डेट्स दीं, तो वो प्रोड्यूसर कमिटमेंट से मुकर गया। उन्होंने ये भी कहा कि कुछ डायरेक्टर बहुत बदतमीज होते हैं। अदा शर्मा ने हाल ही में ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट से एक वीडियो जारी कर कहा, मैं तीन फिल्में शूट कर रही हूं। एक टाइम था, जब मेरे पास काम नहीं था। पहली फिल्म की डेट्स बार-बार चेंज होकर, बाकी की दो फिल्मों से क्लैश हो रही थी। मेरी पहली फिल्म के प्रोड्यूसर ने मेरी मैनेजर से कहा कि वही डेट्स चाहिए। गालियां दीं। मैं वो गालियां बताकर अपनी फीड खराब नहीं करूंगी।

# लाइव कॉन्सर्ट में रो पड़ीं सुनिधि चौहान

गले में खराश की वजह से आवाज खराब हुई, फैंस से मांगी माफी, कहा- 100% देना चाहती थी



भारत की मशहूर सिंगर सुनिधि चौहान इन दिनों अपने इंडिया म्यूजिकल टूर पर हैं। इसी दौरान लखनऊ में हुए एक कॉन्सर्ट में वे स्टेज पर रो पड़ीं। तबीयत खराब होने और गले में गंभीर समस्या के बावजूद सुनिधि परफॉर्मेंस देने पहुंची थीं, लेकिन आवाज साथ नहीं देने पर उनकी आंखों से आंसू निकल आए।

सुनिधि ने हजारों की भीड़ के सामने अपनी खराब परफॉर्मेंस के लिए माफी भी मांगी। 7 मार्च को लखनऊ के कूलब्रीज रिसॉर्ट्स में सुनिधि का 'आई एम होम इंडिया टूर 2025-26 का इवेंट था। सुनिधि ब्लैक कलर के बॉडीसूट में स्टेज पर आईं, लेकिन गले में खराश के कारण उन्हें गाने में काफी दिक्कत हो रही थी।

अब उनके रोने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि सुनिधि गाते-गाते रुक जाती हैं और रोने लगती हैं। हालांकि, फैंस ने उनका हौसला बढ़ाने के लिए लगातार चीयर किया।

### सुनिधि बोलीं- आज मेरी आवाज बहुत खराब

सुनिधि ने स्टेज से फैंस को संबोधित करते हुए कहा, 'मेरा गला बहुत खराब है। आज मेरी आवाज बहुत ज्यादा खराब है, लेकिन मुझे पता है कि आप मेरे साथ हैं। मेरे साथ ऐसा पहले कभी नहीं हुआ, यह बहुत शर्मनाक है। मुझे बहुत खेद है, मैं हमेशा अपना 100% देना चाहती हूं।' सुनिधि ने आगे कहा कि वे कोशिश कर रही हैं, लेकिन शायद परफॉर्मेंस वैसी न हो पाए जैसा उन्होंने सोचा था।

### मुंबई से शुरू हुआ था 'आई एम होम' टूर

सुनिधि का यह 'आई एम होम' इंडिया टूर 24 दिसंबर 2025 को मुंबई से शुरू हुआ था। इसके तहत वे अब तक दिल्ली, बेंगलुरु, अहमदाबाद और चेन्नई जैसे बड़े शहरों में लाइव शो कर चुकी हैं। लखनऊ के इस कॉन्सर्ट को लेकर फैंस काफी एक्साइटेड थे, लेकिन सुनिधि की खराब सेहत ने इस शाम को मुश्किल बना दिया।

### दो दशक से इंडस्ट्री की टॉप सिंगर हैं सुनिधि

सुनिधि चौहान पिछले 20 सालों से बॉलीवुड की टॉप सिंगर्स में शामिल हैं। उन्होंने 'शीला की जवानी', 'कमली' और 'बीड़ी जलइले' जैसे कई सुपरहिट गाने दिए हैं। सुनिधि की पर्सनल लाइफ की बात करें तो उन्होंने साल 2012 में हितेश सोनिक से शादी की थी और 2018 में उनके घर बेटे का जन्म हुआ।



### 2027 वनडे वर्ल्ड कप की तैयारी पर रहेगा फोकस, वर्कलोड मैनेज करेगा बोर्ड

# जसप्रीत बुमराह टी-20 कम, वनडे ज्यादा खेलेंगे

ब्रह्मास्त्र ›› मुंबई

भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह अब टी-20 सीरीज कम खेलेंगे। वे 2027 वर्ल्ड कप तक ज्यादा वनडे मैच खेलेंगे। टीम मैनेजमेंट और सिलेक्टर्स उनके वर्कलोड को ध्यान में रखते हुए यह रणनीति बना रहे हैं। ताकि 2027 वर्ल्ड कप के लिए उनकी तैयारी बेहतर हो सके।

न्यूज एजेंसी पीटीआई ने बीसीसीआई के सूत्रों के हवाले से लिखा है कि अगले कुछ समय में द्विपक्षीय टी20 सीरीज में बुमराह को कम मौके दिए जा सकते हैं।

**बुमराह ने 19 नवंबर 2023 के बाद वनडे नहीं खेला-** बुमराह ने 19 नवंबर 2023 के बाद कोई वनडे मैच नहीं खेला है। पिछली बार वे वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में वनडे क्रिकेट खेलने उतरे थे।

**2027 वर्ल्डकप तक टी-20 की प्राथमिकता कम-** अक्टूबर-नवंबर 2027 तक टी20 इंटरनेशनल टीम के लिए कम प्राथमिकता वाला फॉर्मेट माना जा रहा है। इसी दौरान जापान के आइची-नागोया में होने वाले एशियाई खेलों में भारतीय टीम की कप्तानी सूर्यकुमार यादव कर सकते हैं।

अब आईसीसी का अगला टूर्नामेंट 2027 का वनडे वर्ल्डकप होगा। उसी साल वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का



फाइनल भी खेला जाएगा। 2028 में अगला टी-20 वर्ल्ड कप, ओलिंपिक गेम्स और चैंपियंस ट्रॉफी शेड्यूल्ड हैं।

**आईपीएल के बाद तैयार होगी रणनीति-** आईपीएल के बाद सिलेक्शन कमेटी, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस और टीम मैनेजमेंट मिलकर आगे की रणनीति तय करेंगे। आईपीएल में बुमराह मुंबई इंडियंस के पेस अटैक की अगुआई करने वाले हैं। 19 नवंबर 2023 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले गए वनडे वर्ल्ड कप फाइनल के बाद से बुमराह ने 42 इंटरनेशनल मैच खेले हैं। इनमें 21 टेस्ट और 21 टी20 इंटरनेशनल शामिल हैं।

**बड़े टूर्नामेंट में बुमराह की फिटनेस अहम-** भारत के बड़े टूर्नामेंट अभियानों में बुमराह की फिटनेस बेहद अहम रहती है। ऐसे में उनके मैचों और फॉर्मेट को लेकर काफी सावधानी बरती जाएगी। बुमराह पिछले टी-20 वर्ल्ड कप के टॉप विकेट टेकर रहे हैं। उन्होंने 14 विकेट झटके। वे अहमदाबाद में न्यूजीलैंड के खिलाफ प्लेयर ऑफ द फाइनल भी चुने गए थे।

### संदीप पाटिल बोले-

## युवराज को धोनी ने ड्रॉप नहीं कराया, योगराज सिंह ने गलत आरोप लगाए

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

भारत के पूर्व मुख्य चयनकर्ता संदीप पाटिल ने टीम चयन से जुड़े कई पुराने विवादों पर खुलकर बात की है। उन्होंने कहा कि युवराज सिंह को टीम से बाहर करने में महेंद्र सिंह धोनी की कोई भूमिका नहीं थी।

एक यूट्यूब इंटरव्यू में पाटिल ने कहा, सिलेक्शन मीटिंग, टूर या मैचों के दौरान धोनी ने कभी यह नहीं कहा कि युवराज सिंह को टीम से बाहर किया जाए। पाटिल ने कहा कि युवराज के पिता योगराज सिंह का अपने बेटे के लिए भावुक होना गलत नहीं है, लेकिन इस मामले में आरोप गलत जगह लगाए गए हैं।

**मैंने तेंदुलकर से फ्यूचर प्लान्स के बारे में पूछा था-** पाटिल ने 2012 में सचिन तेंदुलकर से हुई मुलाकात का भी जिक्र किया। इंग्लैंड के खिलाफ नागपुर टेस्ट ड्रॉ के बाद उन्होंने और चयनकर्ता राजेंद्र सिंह हंस ने सचिन से मुलाकात कर उनके भविष्य की योजनाओं के बारे में पूछा था। पाटिल के अनुसार, जब तेंदुलकर को बताया गया कि चयन समिति भविष्य के विकल्प देख रही है तो सचिन इस पर हैरान रह गए थे। हालांकि पाटिल ने स्पष्ट किया कि चयनकताओं ने सचिन को कभी संन्यास लेने के लिए नहीं कहा। पाटिल ने बताया कि बाद में सचिन तेंदुलकर ने खुद संन्यास की घोषणा की और इसकी जानकारी उन्हें फोन पर दी।

# कुलदीप यादव वंशिका संग मसूरी में 7 फेरे लेंगे



### 14 मार्च को शादी, 17 को लखनऊ में रिसेप्शन, सीएम योगी को दिया न्योता

ब्रह्मास्त्र ›› लखनऊ

भारतीय क्रिकेट टीम के स्पिनर कुलदीप यादव अपनी बचपन की दोस्त वंशिका सिंह के साथ शादी करने जा रहे हैं। दोनों 14 मार्च को उत्तराखंड के मसूरी में सात फेरे लेंगे। तीन दिन बाद यानी 17 मार्च को लखनऊ के होटल सेंट्रम में ग्रैंड रिसेप्शन पार्टी होगी।

इस बीच, सोमवार को कुलदीप के पिता राम सिंह यादव ने लखनऊ में सीएम योगी को शादी का न्योता दिया। कुलदीप और वंशिका ने 4 जून 2025 को लखनऊ में सगाई की थी, जिसमें क्रिकेटर रिंकू सिंह, प्रिया सरोज समेत कई करीबी लोग शामिल हुए थे। पहले दोनों शादी नवंबर 2025 में तय हुई थी, लेकिन टी-20 विश्व कप की तैयारियों की वजह से तारीख आगे बढ़ा दी गई। अब विश्व कप चैंपियन बनने के बाद कुलदीप नई पारी की शुरूआत करने जा रहे हैं। कुलदीप के कोच और पारिवारिक मित्र कपिल देव पांडेय ने बताया- शादी की रस्में 13 मार्च से शुरू होंगी। इस दिन हल्दी और मेहंदी का कार्यक्रम होगा। शादी के बाद लखनऊ के होटल सेंट्रम में रिसेप्शन दिया जाएगा। इसमें जाने-माने क्रिकेटर्स, बॉलीवुड की नामचीन हस्तियां और यूपी के दिग्गज राजनेता शामिल होंगे। कुलदीप टी-20 वर्ल्ड कप 2026 जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे। टूर्नामेंट में कुलदीप ने सिर्फ एक मुकाबला खेला, जो पाकिस्तान के खिलाफ था।

लोन... लोन... लोन...
श्रीराम फाइनेंस कंपनी
द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन,
पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन,
महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे
कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154









## वित्तीय वर्ष 26 के लिए

# लोकसभा से 2.81 लाख करोड़ रुपये के अतिरिक्त खर्च की मांगी मंजूरी



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

सरकार ने वित्त वर्ष 2026 के लिए लोकसभा में 2.81 लाख करोड़ रुपये के अतिरिक्त खर्च की मंजूरी मांगी है, जानिए अनुपूरक अनुदान मांगों का पूरा गणित।

केंद्र सरकार ने चालू वित्त वर्ष के लिए अपने वित्तीय प्रबंधन और योजनाओं को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से मंगलवार को लोकसभा से 2.81 लाख करोड़ रुपये से अधिक के सकल अतिरिक्त व्यय के लिए मंजूरी मांगी है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब सरकार को विभिन्न मंत्रालयों के तहत तय बजट के अलावे धन की आवश्यकता है।

**अनुपूरक अनुदान मांगों की दूसरी खेप-** संसद में यह प्रस्ताव वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अनुपूरक अनुदान मांगों के दूसरे बैच के रूप में पेश किया गया। जब बजट में आवंटित राशि कम पड़ जाती है या किसी नए खर्च की जरूरत होती है, तब सरकार संसद से अतिरिक्त खर्च की अनुमति मांगती है। इस प्रस्ताव के तहत सरकार ने स्पष्ट किया है कि इस भारी-भरकम राशि का प्रबंधन किस प्रकार किया जाएगा।

**खर्च और फंड का पूरा गणित-** सरकार द्वारा पेश किए गए दस्तावेजों के अनुसार, संसद से कुल 2,81,289.26 करोड़ रुपये के सकल अतिरिक्त व्यय को अधिकृत करने की मांग की गई है। इस विशाल राशि को दो मुख्य हिस्सों में बांटा गया है:

**शुद्ध नकद व्यय:** इस कुल अतिरिक्त खर्च में से वास्तविक नकद निकासी या 'नेट कैश आउटगो' 2,01,142.96 करोड़ रुपये का होगा। आसान भाषा में, यह वह राशि है जो सीधे सरकारी खजाने से निकाली जाएगी।

**बचत और प्राप्तियों से भरपाई:** खर्च का बाकी हिस्सा, जो कि 80,145.71 करोड़ रुपये है, उसके लिए नए फंड की जरूरत नहीं होगी। इसकी व्यवस्था विभिन्न मंत्रालयों और विभागों की मौजूदा बचत, या फिर बढ़ी हुई प्राप्तियों और रिकवरी के जरिए की जाएगी।

## चीन समेत पड़ोसी देशों के लिए एफडीआई नियमों में ढील की खबर

# जल जीवन मिशन को 2028 तक बढ़ाने की मंजूरी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी को रफ्तार देने के लिए केंद्र सरकार ने 8.8 लाख करोड़ रुपये के अहम फैसलों को भी मंजूरी दी है। जल जीवन मिशन अभियान को भी दिसंबर 2028 तक बढ़ा दिया गया है। सूत्रों के अनुसार सरकार ने चीन सहित जमीनी सीमा साझा करने वाले देशों के लिए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश से जुड़े नियमों में ढील दी है। आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं।

केंद्र सरकार ने चीन समेत भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले देशों के लिए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) नियमों को सरल बना दिया। अब इन देशों की 10 फीसदी तक की हिस्सेदारी वाली विदेशी कंपनियां अनिवार्य मंजूरी के बिना देश में निवेश कर सकेंगी। अभी इन देशों के शेयरधारकों वाली विदेशी कंपनियों को भारत में किसी भी क्षेत्र में निवेश करने के लिए सरकार की मंजूरी अनिवार्य होती थी। हालांकि, एफडीआई मानदंडों की अन्य शर्तें, जिनमें क्षेत्रीय सीमाएं और प्रवेश मार्ग शामिल हैं, इन निवेशों पर लागू होंगी।

साथ ही देश में रणनीतिक बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी को नई रफ्तार देने के लिए भी केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को बताया कि 'स्ट्रैटेजिक इंफ्रास्ट्रक्चर एंड कनेक्टिविटी इन्वेस्टमेंट एजेंडा 2024' के तहत कैबिनेट ने कुल 8.8 लाख करोड़ रुपये की विभिन्न महत्वाकांक्षी परियोजनाओं को अपनी मंजूरी दे दी है। इन फैसलों में रेलवे, हाईवे, एविएशन और ग्रामीण जल आपूर्ति जैसे प्रमुख सेक्टर्स शामिल हैं, जो अर्थव्यवस्था को गति देने में अहम भूमिका निभाएंगे।

**व्यापार और निवेश के प्रमुख आंकड़े-** भले ही सरकार ने अब नियमों में ढील दी है, लेकिन ऐतिहासिक रूप से भारत में चीनी निवेश का हिस्सा बहुत कम रहा है। अप्रैल 2000 से दिसंबर 2021 के बीच भारत में हुए कुल एफडीआई इक्विटी प्रवाह में चीन की हिस्सेदारी मात्र 0.43% (2.45 बिलियन डॉलर) रही है।

नए नियमों के तहत, इन निवेशों से जुड़े विवरण उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग को पूर्व में देने होंगे। केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में एफडीआई नियमों से जुड़े 2020 के प्रेस नोट-3 (पीएन3) में बदलाव किया है।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया, संशोधन में लाभकारी स्वामित्व के निर्धारण के लिए परिभाषा व मानदंड का प्रावधान है, जिसका उपयोग निवेश समुदाय की ओर से मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम नियम, 2003 के तहत किया जाता है। लाभकारी स्वामित्व परीक्षण निवेशक इकाई के स्तर पर लागू होगा।

गैर-नियंत्रणकारी भूमि सीमावर्ती देशों (एलबीसी) के निवेशकों को क्षेत्रीय सीमाओं, प्रवेश मार्गों व शर्तों के अनुसार स्वचालित मार्ग के तहत 10 फीसदी तक लाभकारी स्वामित्व की अनुमति मिलेगी। सरकार ने विशिष्ट क्षेत्रों में एलबीसी से निवेश प्रस्तावों की शीघ्र मंजूरी का भी निर्णय किया है। इसके तहत, पूंजीगत व इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं-घटक, पॉलीसिलिकॉन एवं इनगॉट-वेफर या कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता वाली समिति के सुझाव पर निवेश प्रस्तावों पर 60 दिन में निर्णय होगा।



### जल जीवन मिशन को दिसंबर 2028 तक बढ़ाने की मंजूरी

कैबिनेट द्वारा मंजूर किए गए कुल 8.8 लाख करोड़ रुपये के फंड में से सबसे बड़ा हिस्सा बुनियादी जरूरतों और ग्रामीण विकास पर केंद्रित है। सरकार ने 'जल जीवन मिशन' के विस्तार के लिए 8.7 लाख करोड़ रुपये के भारी-भरकम बजट को मंजूरी दी है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि कैबिनेट ने जल जीवन मिशन को दिसंबर 2028 तक बढ़ाने की मंजूरी दे दी है।

### कनेक्टिविटी और यातायात सुविधाओं का विस्तार

बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और परिवहन को सुगम बनाने के लिए सरकार ने कई प्रमुख रेलवे और सड़क परियोजनाओं के साथ-साथ विमानन क्षेत्र के लिए अहम फैसले लिए हैं:
एविएशन सेक्टर: एक प्रमुख नीतिगत फैसले के तहत मदुरै एयरपोर्ट को इंटरनेशनल एयरपोर्ट (अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा) घोषित किया गया है।

- **रोड नेटवर्क:** जेवर एयरपोर्ट और फरीदाबाद सेक्शन को जोड़ने वाले एलिवेटेड रोड के निर्माण के लिए 3,631 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। इसके अलावा, बदनावर-थांदला-टिमरवानी राजमार्ग को 4-लेन बनाने के लिए 3,839 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है।
- **रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर:** रेल यातायात की भीड़ कम करने और माल ढुलाई को तेज करने के लिए संतरागाछी-खड़गपुर के बीच चौथी लाइन बिछाने के लिए 2,905 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है। इसी तरह सैंथिया-पाकुड़ के बीच चौथी रेलवे लाइन के लिए 1,569 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

इन मामलों में, निवेशित इकाई की अधिकांश शेयरधारिता व नियंत्रण भारतीय नागरिकों के स्वामित्व व नियंत्रण वाली भारतीय कंपनी का होगा। कोविड-19 महामारी के कारण भारतीय कंपनियों के अवसरवादी अधिग्रहणों को रोकने के लिए, सरकार ने अप्रैल, 2020 में एफडीआई नीति में संशोधन किया था।

**चीन भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बनकर उभरा है...** 2024-25 में भारत का चीन को निर्यात 14.5% घटकर 14.25 अरब डॉलर रह गया। 2023-24 में यह 16.66 अरब डॉलर था। व्यापार घाटा 2023-24 के 85 अरब डॉलर से बढ़कर 2024-25 में 99.2 अरब डॉलर हो गया।

- अप्रैल-जनवरी 2025-26 में, भारत का चीन को निर्यात 38.37 फीसदी बढ़कर 15.88 अरब डॉलर हो गया, जबकि आयात 13.82 फीसदी बढ़कर 108.18 अरब डॉलर हो गया। व्यापार घाटा 92.3 अरब डॉलर रहा।
- किसी चीनी फर्म के निवेश के लिए अब भी सरकार की मंजूरी जरूरी होगी, लेकिन अब इसमें एक क्लॉज है जिसके अनुसार देश के लिए महत्वपूर्ण कुछ चुनिंदा सेक्टरों में सरकार को 60 दिन के अंदर निवेश प्रस्ताव के बारे में फैसला लेना होगा।
- जिन निवेशक फर्म में चीनी स्वामित्व 10 फीसदी से कम है, वे अब निवेश का सामान्य रास्ता चुन सकते हैं। यह सभी क्षेत्रों पर लागू होगा। यानी सिंगापुर की पीई फर्म, जिसमें चीनी निवेश 10 फीसदी से कम है, उनके साथ सामान्य अमेरिकी पीई फर्म की तरह व्यवहार किया जाएगा।
- इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण में तय लक्ष्य हासिल करने के लिए चीन व भारत के बीच तीन आयामी गठजोड़ जरूरी है। ये हैं-चिप्स, निवेश और प्रतिभा।
- एफडीआई नीति में संशोधन का मकसद स्टार्टअप और डीप टेक के लिए वैश्विक फंडों से अधिक एफडीआई आकर्षित करना और कारोबार में सुगमता की कार्य योजना को आगे बढ़ाना है।
- भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले देश चीन, बांग्लादेश, पाकिस्तान, भूटान, नेपाल, म्यांमार व अफगानिस्तान हैं। हालांकि पाकिस्तान के साथ अभी भारत के सभी कारोबार बंद हैं।
- बढ़ता व्यापार: न्यूनतम निवेश के बावजूद, दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार कई गुना बढ़ा है और बीजिंग भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार बनकर उभरा है।
- आयात-निर्यात: वर्ष 2024-25 में चीन से भारत का आयात 11.52% बढ़कर 113.45 बिलियन डॉलर हो गया, जबकि निर्यात 14.5% घटकर 14.25 बिलियन डॉलर रहा।

# होर्मुज के पास भटके 200 जहाज, ईरान युद्ध की सिग्नल जैमिंग से वैश्विक ऊर्जा बाजार चिंता में क्यों?

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

होर्मुज जलडमरूमध्य के पास 200 से अधिक जहाजों का रहस्यमयी जमावड़ा और सिग्नल जैमिंग। जानिए कैसे ईरान युद्ध ने ग्लोबल एनर्जी मार्केट और कच्चे तेल की आपूर्ति श्रृंखला को प्रभावित किया है।

दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री व्यापारिक रास्तों में से एक- होर्मुज जलडमरूमध्य- अचानक एक रहस्यमयी 'ब्लाइंड स्पॉट' बन गया है। अमेरिका और इस्राइल के ईरान के साथ चल रहे युद्ध के बीच, इस क्षेत्र में भारी इलेक्ट्रॉनिक सिग्नल जैमिंग देखी जा रही है। हालात यह हैं कि जहाजों के नेविगेशन सिस्टम काम करना बंद कर चुके हैं और दुनिया की कच्चे तेल की सप्लाई चेन बुरी तरह चरमरा गई है। आखिर इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग पर क्या हो रहा है और इसका वैश्विक अर्थव्यवस्था पर क्या असर पड़ रहा है। आइए समझते हैं।

**सवाल:** होर्मुज जलडमरूमध्य के पास व्यापारिक जहाजों के साथ क्या अजीब घटना घट रही है?



**जवाब:** ब्लूमबर्ग द्वारा जुटाए गए ट्रैकिंग डेटा के अनुसार, होर्मुज के पास जहाजों के कम से कम एक दर्जन क्लस्टर (समूह) दिखाई दिए हैं, जिनमें से कुछ समूहों में 200 से अधिक जहाज तक शामिल हैं। ट्रैकिंग प्लेटफॉर्म्स पर ये जहाज अजीबोगरीब आकृतियां बनाते दिख रहे हैं; उदाहरण के लिए, अबू धाबी के पास जहाजों का एक गोलाकार समूह दिखा है, तो वहीं संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के रुवाइस के तट पर एक उल्टा आकार बना हुआ है। ओमान की खाड़ी में भी कई जहाजों का समूह है, जो शायद तनाव कम होने या लोडिंग की स्पष्ट तारीखें मिलने का इंतजार कर रहे हैं।

**सवाल:** इन अजीबोगरीब ट्रैकिंग आंकड़ों और 'सिग्नल जैमिंग' की असली वजह क्या है?

**जवाब:** भू-राजनीतिक तनाव और युद्ध के समय सेनाएं अक्सर 'इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर' का सहारा लेती हैं। इसी कारण इलेक्ट्रॉनिक जैमिंग के जरिए जहाजों के नेविगेशन सिस्टम में बाधा डाली जा रही है। स्टारबोर्ड मैरीटाइम इंटेलिजेंस के विश्लेषक मार्क डगलस के अनुसार, स्थिति इतनी 'अभेद्य हो गई है कि ट्रैकिंग डेटा के जरिए किसी भी जहाज का सटीक स्थान बता पाना लगभग असंभव है। कोई भी जहाज नेविगेशन के लिए जीपीएस पर भरोसा नहीं कर सकता। जैमिंग से जहाजों की स्पीड भी गलत दर्ज हो रही है; जैसे 16 नॉट्स की अधिकतम स्पीड वाला 'एस्प्रौडा' प्रोडक्ट टैंकर ट्रैकिंग में 102.2 नॉट्स (लगभग 190 किमी/घंटा) की असंभव गति से चलता हुआ दिखाई दिया।

**सवाल:** इस रुकावट से ग्लोबल एनर्जी मार्केट (कच्चे तेल) पर क्या असर पड़ा है?

**जवाब:** इस अहम मार्ग के प्रभावी रूप से बंद होने से वैश्विक ऊर्जा बाजार में भारी अव्यवस्था फैल गई है। फारस की खाड़ी के तेल उत्पादकों के पास स्टोरेज क्षमता खत्म हो रही है, जिसके चलते उन्हें अपना उत्पादन रोकना पड़ रहा है। इस सप्लाई संकट के कारण ब्रेंट क्रूड फ्यूचर्स की कीमत शुरूआत में उछलकर 120 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गई थी। हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा युद्ध के जल्द समाप्त होने के संकेत देने के बाद मंगलवार को अनुबंधों में भारी गिरावट दर्ज की गई।

## 20,000 करोड़ के बिटकॉइन घोटाले में

# डार्विन लैब्स का सह-संस्थापक गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

सीबीआई ने 20,000 करोड़ के गेन बिटकॉइन क्रिप्टो घोटाले में डार्विन लैब्स के सह-संस्थापक को गिरफ्तार किया है। जांच एजेंसी के मुताबिक, डार्विन लैब्स ने उस डिजिटल ढांचे को तैयार किया था, जिस पर कथित तौर पर चल रहे गेन बिटकॉइन घोटाले की पूरी तकनीकी प्रणाली आधारित थी। आइए पूरे मामले को विस्तार से जानते हैं।

केंद्रीय जांच ब्यूरो ने लगभग 20,000 करोड़ के बहुचर्चित गेन बिटकॉइन क्रिप्टोकरेंसी घोटाले में बड़ी कार्रवाई की है। एजेंसी ने डार्विन लैब्स के सह-संस्थापक आयुष वार्ष्णेय को गिरफ्तार कर लिया है। अधिकारियों ने बुधवार को इसकी जानकारी दी।

सीबीआई के अनुसार, वार्ष्णेय इस मामले के मुख्य आरोपियों में शामिल हैं। एजेंसी ने उनके खिलाफ पहले ही लुक आउट सर्कुलर जारी कर रखा था। सोमवार को जब वह देश छोड़कर भागने की कोशिश कर रहे थे, तब मुंबई एयरपोर्ट पर अलर्ट जारी होने के बाद उन्हें हिरासत में लिया गया। इसके बाद मंगलवार को उन्हें औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया गया।

**जांच में क्या आया सामने-** जांच एजेंसी के मुताबिक, डार्विन लैब्स ने उस डिजिटल ढांचे को तैयार किया था, जिस पर कथित तौर पर चल रहे गेन बिटकॉइन घोटाले की पूरी तकनीकी प्रणाली आधारित थी। जांच में डार्विन लैब्स प्राइवेट लिमिटेड और इसके सह-संस्थापकों आयुष वार्ष्णेय, साहिल बघला और निकुंज जैन की भूमिका सामने आई है। निकुंज जैन वर्तमान में वाओमी एआई के फाउंडर और चीफ कैपिटल ऑफिसर भी हैं।

सीबीआई का आरोप है कि इन लोगों ने मिलकर एमसीएपी नामक क्रिप्टो टोकन और उससे जुड़े ईआरसी-20 स्मार्ट कॉन्ट्रैक्ट को डिजाइन और विकसित किया था, जिसका इस्तेमाल इस कथित क्रिप्टो पोंजी स्कीम में किया गया।

जांच में यह भी सामने आया है कि डार्विन लैब्स ने कई महत्वपूर्ण डिजिटल प्लेटफॉर्म तैयार किए थे, जिनमें नामक बिटकॉइन माइनिंग पूल प्लेटफॉर्म, बिटकॉइन पेमेंट गेटवे, कॉइन बैंक बिटकॉइन वॉलेट और गेन बिटकॉइन वेबसाइट शामिल हैं। इन प्लेटफॉर्म के जरिए निवेशकों से संपर्क और निवेश कराया जाता था।

## तैयारी : सरकार ने कहा, रिफाइनरियों ने उत्पादन में 25% तक बढ़ोतरी की

# हालात संभालने को गैस का उत्पादन और बढ़ाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच सरकार ने देशवासियों से घबराकर ज्यादा बुकिंग या गैस का स्टॉक जमा नहीं करने की अपील की है। सरकार का दावा है कि कच्चे तेल और रसोई गैस की कोई कमी नहीं है। एलपीजी उत्पादन में 25 फीसदी की वृद्धि हुई है।

पेट्रोलियम मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि मांग के मुताबिक आपूर्ति के लिए पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। रिफाइनरियों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने के निर्देश देने के बाद घरेलू एलपीजी उत्पादन में 25% वृद्धि हुई है। भारत में गैस की कुल खपत 189 मिलियन मीट्रिक स्टैंडर्ड क्यूबिक मीटर प्रतिदिन (एमएमएससीएमडी) है। इसमें से घरेलू उत्पादन 97.5 एमएमएससीएमडी है, जबकि शेष आयात की जाती है। सरकार ने स्पष्ट किया कि रसोई गैस सिलेंडर की बुकिंग के ढाई दिन के भीतर आपूर्ति सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है।



### कच्चे तेल की आपूर्ति सामान्य

संयुक्त सचिव ने कहा कि देश में कच्चे तेल की आपूर्ति पूरी तरह से सामान्य है। तेल कंपनियों ने अलग-अलग देशों से कई क्रूड कार्गो सुनिश्चित किए हैं। अभी भारत 75 फीसदी कच्चा तेल स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के अलावा अन्य समुद्री रास्तों से आयात कर रहा है। उन्होंने बताया कि इससे पहले करीब 45 फीसदी आयात स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से होकर आता था।

### खाड़ी में फंसे अपने लोगों की हरसंभव मदद कर रहे : मोदी

**कोच्चि।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कांग्रेस और इसके नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उन्हें देश में हो रहे विकास की जानकारी नहीं है।

इसके साथ ही उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस पश्चिम एशिया संकट के मुद्दे पर राजनीति कर रही है। मोदी ने केरल की अपनी यात्रा के दौरान 10,000 करोड़ रुपये से अधिक की कई प्रमुख विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया और उन्हें राष्ट्र को समर्पित किया। भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए की रैली में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि केरल की जनता अब एलडीएफ (वाम लोकतांत्रिक मोर्चा) और यूडीएफ (संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा) की राजनीति से आगे बढ़ने के लिए तैयार है। केरल में एलडीएफ और यूडीएफ सरकारों के बारी-बारी से सत्ता में आने का सिलसिला राज्य के हित में अब समाप्त होना चाहिए। उन्होंने केरल की जनता से भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को अगले पांच वर्षों के लिए सत्ता में आने का मौका देने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित हुई है।

### विमान का पहिया निकलने से हड़कंप

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

थाईलैंड के फुकेट हवाई अड्डे पर बुधवार को एयर इंडिया एक्सप्रेस के बोइंग 737 मैक्स विमान की लैंडिंग के दौरान बड़ा हादसा टल गया। लैंडिंग के समय विमान के आगे के दोनों पहिए अलग हो गए। हालांकि, उसकी सुरक्षित लैंडिंग करा ली गई। घटना से यात्रियों में दहशत फैल गई, जब तक वे सुरक्षित बाहर नहीं आ गए, तब तक विमान के अंदर अफरा-तफरी का माहौल रहा। घटना के बाद विमान रनवे पर फंस गया, जिससे कुछ समय तक हवाई अड्डे पर उड़ानें बंद रहीं। विमान में छह क्रू मेंबर समेत 138 यात्री सवार थे। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सभी यात्री और चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि थाईलैंड के विमानन अधिकारियों के साथ परामर्श के बाद संबंधित प्राधिकरण घटना की जांच करेगा। एयर इंडिया एक्सप्रेस के प्रवक्ता ने बताया कि फुकेट हवाई अड्डे पर विमान के आगे के पहिए में खराबी आ गई थी।

# विपक्ष के नेता बोलना ही नहीं चाहते: शाह

## स्पीकर के खिलाफ प्रस्ताव पर चर्चा में तीखे प्रहार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

लोकसभा ने अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के लिए लाए गए विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव पर बुधवार को सदन में सरकार की ओर से गृहमंत्री अमित शाह ने जवाब दिया। अपने लगभग सवा घंटे के जवाब में विपक्ष को खासकर कांग्रेस और नेता विपक्ष राहुल गांधी को जमकर आड़े हाथ लिया।

शाह ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी दावा करते हैं कि उन्हें सदन में बोलने नहीं दिया जाता, जबकि वह खुद बोलना नहीं चाहते। उन्होंने पिछले कुछ वर्षों में सरकार द्वारा लाए गए विधेयकों और राष्ट्रपति के अभिभाषण और बजट पर हुई चचाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि नेता प्रतिपक्ष



ने अधिकतर चर्चा में भाग नहीं लिया। जब-जब महत्वपूर्ण सत्र होता है, उनका विदेश दौरा होता है। जब आप विदेश में हैं तो आप कैसे बोलेंगे। यहां वीडियो कॉन्फ्रेंस का प्रावधान नहीं है।

बजट सत्र के पिछले चरण में लोकसभा अध्यक्ष के कार्यालय में ऐसा माहौल खड़ा किया गया कि अध्यक्ष की सुरक्षा की चिंता पैदा हो गई थी। शाह ने कहा कि अगर सदन के नियमों के खिलाफ कोई बोलता है तो स्पीकर को को रोकने का अधिकार है।

शाह ने कहा कि हम भी विपक्ष में रहे हैं, तीन बार लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया, लेकिन भाजपा और एनडीए ने विपक्ष में रहते हुए कभी भी स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव नहीं लाया। हमने अध्यक्ष पद की गरिमा को संरक्षित रखी। नेहरूजी के समय सोशलिस्ट पार्टी, 1966 में एसपी और 1987 में भाकपा यह प्रस्ताव लेकर आई थी। उन सभी दलों से जुड़े लोग आज कांग्रेस के साथ मिलकर यह प्रस्ताव लाए हैं।

### देश में किफायती दामों पर इंटरनेट: वैष्णव

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

केंद्र ने बुधवार को लोकसभा में कहा, देश में किफायती दामों पर लोगों को इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। वर्तमान में 103 करोड़ लोगों तक इंटरनेट की कनेक्टिविटी है, जबकि वर्ष 2014 में यह मात्र 25 करोड़ लोगों तक थी।

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान कहा कि आज भारत में इंटरनेट सबसे किफायती माना जाता है। कहा कि इंटरनेट के लिए वैश्विक स्तर पर जो औसत टैरिफ लगता है उससे 25 गुना भारत में कम है। एआई इम्पैक्ट समिट में छह लाख लोग प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित रहेः वैष्णव ने एक अन्य सवाल के जवाब में कहा कि भारत-एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में लगभग छह लाख लोग प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित रहे और ऑनलाइन माध्यम से कुल नौ लाख से अधिक दर्शक जुड़े। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एआई सम्मेलन के दौरान रोबोट को लेकर जो विवाद उत्पन्न हुआ उस पर तुरंत कार्रवाई की गई और उस विश्वविद्यालय के स्टॉल को सम्मेलन स्थल से हटा दिया गया। केंद्रीय मंत्री ने रेल मंत्रालय से संबंधित एक पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि मुंबई में रेल आधारभूत संरचना को मजबूत करने के लिए कई परियोजनाओं पर काम किया जा रहा है। सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने के लिए कवच परियोजना पर भी काम तेजी से चल रहा है।

### स्पीकर बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव खारिज, शाह बोले- आंख मारने वाले स्पीकर पर सवाल उठा रहे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

लोकसभा में बुधवार को स्पीकर ओम बिरला को पद से हटाने वाला अविश्वास प्रस्ताव ध्वनिमत से खारिज हो गया। गृह मंत्री अमित शाह ने 56 मिनट तक प्रस्ताव पर सरकार की तरफ से जवाब दिया। इस दौरान उन्होंने राहुल गांधी और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला।

शाह ने कहा कि 18वीं लोकसभा में कांग्रेस सांसदों को बोलने के लिए भाजपा से दो गुना ज्यादा समय मिला। फिर भी विपक्ष के नेता कहते हैं कि हमें बोलने नहीं दिया जाता। जब बोलने का मौका आता है तो वे जर्मनी में होते हैं, इंग्लैंड में होते हैं।

शाह ने कहा- एक तो वे बोलना नहीं चाहते हैं। जब बोलना चाहते हैं तो नियम के अनुसार नहीं बोलना चाहते हैं। ये सदन नियम से चलेगा। स्पीकर को नियमों के उल्लघंन पर रोकने और टोकने का अधिकार है। ये सदन मेला नहीं है, जो नियम से नहीं चलेंगे, उसका माइक बंद ही होगा।

गृह मंत्री ने आगे कहा- राहुल सदन में ढट मोदी से आकर गले लग जाते हैं। आंख मारते हैं। फ्लाइंग किस देते हैं। मुझे तो बोलने में भी शर्म आती है। ये स्पीकर के आचरण पर सवाल करते हैं। अपने आचरण पर भी तो सवाल करिए। शाह के जवाब के दौरान विपक्ष ने जमकर हंगामा किया और 'अमित शाह माफी मांगो' के नारे लगाए।

कितना बोलना है इसके लिए कुछ नियम बने हैं। 17वीं लोकसभा कांग्रेस को 157 घंटे 55 मिनट का समय दिया गया। जबकि उनके 52 सदस्य थे। कांग्रेस को भाजपा से 6 गुना ज्यादा समय दिया गया। जबकि भाजपा के पास 6 गुना ज्यादा सदस्य थे

18वीं लोकसभा में भी कांग्रेस को भाजपा से दो गुना समय मिला। नेता प्रतिपक्ष कहते हैं कि हमें बोलने नहीं दिया जाता। मगर बोलने का मौका आता है तो जर्मनी में होते हैं इंग्लैंड में होते हैं। फिर शिकायत करते हैं।


## समूह-5 के अंतर्गत स्टॉफ नर्स, पैरामेडिकल स्टॉफ व अन्य समकक्ष पदों हेतु संयुक्त भर्ती परीक्षा- 2026 के आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं

| आवेदन पत्र भरने की तिथि | ऑनलाइन परीक्षा | आवेदन पत्र में संशोधन करने की तिथि |
|---|---|---|
| 13.03.2026 से 27.03.2026 तक | पद्धति समय सारणी | 13.03.2026 से 01.04.2026 तक |

| संभावित परीक्षा दिनांक | परीक्षा की पाली | अभ्यर्थियों के लिए रिपोर्टिंग समय | उत्तर अंकित का समय |
|---|---|---|---|
| 15 अप्रैल 2026 से प्रारंभ | प्रथम | प्रात: 08:00 से प्रात: 09:00 बजे तक | प्रात: 10:00 से 12:00 बजे तक (02 घंटे) |
| | द्वितीय | दोपहर 01:00 से दोपहर 02:00 बजे तक | दोपहर 03:00 से 05:00 बजे तक (02 घंटे) |

**आवेदन पत्र भरने की प्रकिया एवं महत्वपूर्ण निर्देश :-**

1. परीक्षा के नियम, विभागवार रिक्त पदों की आरक्षण तालिकाएं एवं परीक्षा संचालन नियम से संबंधित विस्तृत नियमपुस्तिका मण्डल की वेबसाइट **www.esb.mp.gov.in** पर उपलब्ध रहेगी, जिसमें उल्लेखित समस्त नियमों/जानकारी का अध्ययन करके ही आवेदन पत्र भरा जावे।
2. वेबसाइट **www.esb.mponline.gov.in** के माध्यम से आवेदन पत्र भरा जा सकता है।
3. **संभावित परीक्षा शहर-** भोपाल, इंदौर, जबलपुर, खण्डवा, नीमच, रतलाम, रीवा, सागर, सतना, सीधी एवं उज्जैन
4. **परीक्षा शुल्क***

| | |
|---|---|
| अनारक्षित अभ्यर्थियों के लिए | रु 500/- प्रति प्रश्न पत्र |
| केवल मध्यप्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/ई.डब्ल्यू.एस. एवं दिव्यांगजन अभ्यर्थियों के लिए | रु 250/- प्रति प्रश्न पत्र |
| **ऑनलाइन आवेदन-** कियोस्क के माध्यम से ऑनलाइन भरने वाले अभ्यर्थियों हेतु एम.पी. ऑनलाइन का पोर्टल शुल्क | रु 60/- |
| अतिरिक्त रजिस्टर्ड सिटीजन यूजर के माध्यम से लागिन कर फार्म भरने पर पोर्टल शुल्क | रु 20/- |

**विशेष निर्देश :**

1. अभ्यर्थी का आधार पंजीयन अनिवार्य है।
2. मण्डल द्वारा आयोजित परीक्षाओं में मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा। मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के रूप में अभ्यर्थी मतदाता पहचान पत्र, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड, पासपोर्ट, में से कोई एक को चयनित कर सकता है। यू.आई.डी.ए.आई. (UIDAI) के द्वारा सत्यपित (Verify) होने पर ही ई-आधार मान्य होगा। मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के अभाव में परीक्षार्थी को परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित किया जाएगा।
3. अभ्यर्थी को नियम पुस्तिका में विनिश्चित मूल परिचय पत्र के अतिरिक्त अपना आधार कार्ड/ई-आधार कार्ड की छायाप्रति/आधार नंबर/आधार VID की जानकारी लाना अनिवार्य है।
4. परीक्षा में प्रवेश के समय एवं परीक्षा के दौरान बहुस्तरीय बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य है। अत: जिन अभ्यर्थियों का आधार नंबर लॉक हैं वह परीक्षा दिनांक को परीक्षा केंद्र पर उपस्थिति के पूर्व आधार अनलॉक करवाना सुनिश्चित करें।
5. परीक्षार्थियों को परीक्षा में रिपोर्टिंग समय तक परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति होगी। इसके पश्चात विलम्ब से आने पर अभ्यर्थियों की प्रवेश की पात्रता नहीं होगी।
6. परीक्षा कक्ष में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस यथा मोबाइल फोन, कैलकुलेटर, लॉग टेबल्स, डिजीटल घड़ी, नकल पर्चा एवं Sun Glasses (धूप का चश्मा) आदि का उपयोग पूर्णत: वर्जित है।
7. ऑनलाइन आवेदन-पत्र क्रमांक के द्वारा ही ऑनलाइन परीक्षा हेतु अभ्यर्थी अपना प्रवेश-पत्र प्राप्त कर सकते हैं। अत: आवेदन-पत्र क्रमांक आवश्यक रूप से संभाल कर रखें, जिसकी समस्त जिम्मेदारी आवेदक की ही होगी।
8. परीक्षा केंद्र पर आवेदक को काला बाल प्वाइंट पेन तथा परीक्षा हाल में प्रवेश हेतु मण्डल वेबसाइट से डाउनलोड किये गये प्रवेश-पत्र साथ लाना अनिवार्य है।
9. किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के पश्चात् परीक्षा समाप्ति तक परीक्षा कक्ष छोड़ने की अनुमति नहीं होगी।
10. आवेदन-पत्र भरते समय उम्मीदवारों के किसी भी प्रमाण पत्र का परीक्षण मण्डल द्वारा नहीं किया जाकर नियुक्ति प्रकिया के दौरान सम्बंधित विभाग द्वारा किया जाता है। अत: कम्प्यूटर आधारित (Online) परीक्षा में उम्मीदवारों की पात्रता (Eligibility) पूर्णत: प्रावधिक (Provisional) होगी।

**विशेष नोट : मण्डल अपनी सुविधानुसार परीक्षा तिथि/परीक्षा पाली/शहरों/केन्द्रों एवं अन्य बिन्दुओं में परिवर्तन कर सकता है।**

विज्ञापन क्र. 106 /2026

संचालक
ESB मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल
Madhya Pradesh Employees Selection Board(MPESB)
'चयन भवन' मेन रोड नं. - 1, चिनार पार्क (ईस्ट) भोपाल - 462011
FAX : +91-0755-2550498, Website : www.esb.mp.gov.in

म.प्र. माध्यम/124871/2026

### भारत आ रहे थाई जहाज पर मिसाइल से हमला, भारत ने निंदा की

# अमेरिका और इजरायल की ईरान से जारी जंग के बीच होर्मुज जलमार्ग के पास अटैक




ब्रह्मास्त्र ▸▸ बैंकॉक

ईरान ने बुधवार को होर्मुज जलमार्ग में भारत आ रहे थाईलैंड के कार्गो जहाज मयूरी नारी पर मिसाइल से हमला किया। इस हमले में जहाज पर सवार क्रू के तीन सदस्य लापता हैं, जबकि 20 अन्य को ओमान की रॉयल नेवी ने बचा लिया। भारत ने मयूरी नारी जहाज पर ईरानी हमले की निंदा की है।

ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने दावा किया कि यह कार्रवाई इन जहाजों द्वारा रुकने की चेतावनी को नजरअंदाज करने के बाद की गई। ईरान ने होर्मुज में ही लाइबेरिया के झंडे वाले एक अन्य जहाज एक्सप्रेस रोम पर भी हमला करने की बात कही है। ईरानी गार्ड्स की नौसेना के कमांडर अलीरेजा तंगसिरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ह्यएक्सह्न पर पोस्ट में कहा कि कोई भी जहाज जो यहां से गुजरने का इरादा रखता है, उसे ईरान से अनुमति लेनी होगी।

मयूरी नारी पर हमले के बाद जहाज में आग लग गई और इसे काफी नुकसान पहुंचा। बुधवार को जापान के झंडे वाले एक कंटेनर जहाज पर भी मिसाइल हमला किया गया।

## गुजरात के कांडला पोर्ट के लिए निकला था जहाज

रिपोर्ट के अनुसार मयूरी नारी नाम का यह जहाज प्रेशियस शिपिंग द्वारा ऑपरेट किया जा रहा था। जहाज संयुक्त अरब अमीरात के खलीफा पोर्ट से निकला था और गुजरात में कांडला पोर्ट के लिए जा रहा था। बुधवार की सुबह करीब 10 बजे उस पर हमला हुआ। रॉयल थाई नेवी के अनुसार दो प्रोजेक्टाइल(मिसाइल जैसी चीज) जहाज से टकराए हैं, जिससे जहाज के पिछले हिस्से और इंजन रूम में धमाके हुए। इसके बाद जहाज में आग लग गई। जहाज पर सभी 23 क्रू मेंबर थाई नागरिक थे।

## लाइफबोट से बाहर निकले क्रू मेंबर

हमले के बाद 20 क्रू मेंबर्स लाइफराफ्ट का इस्तेमाल करके जहाज से बाहर निकले, बाद में ओमान की रॉयल नेवी ने उन्हें बचाया और सुरक्षित रूप से ओमान के खासाब ले जाया गया। बाकी तीन क्रू मेंबर्स के लिए सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा है, जिनके बारे में माना जा रहा है कि वे अभी भी जहाज पर हैं और ईंजन में फंसे हुए हैं। हमले में जहाज को काफी ज्यादा नुकसान हुआ है। रॉयल थाई नेवी ने कहा कि खोज और बचाव के लिए यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस की मदद ली जा रही है।

## ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट में एक दर्जन माइंस बिछाई

सूत्रों के हवाले से रॉयटर्स ने बताया है कि ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट में एक दर्जन माइंस बिछाई हैं। इस कदम से इस संकरे पानी के रास्ते को फिर से खोलना मुश्किल हो सकता है। एक सूत्र ने कहा कि ज्यादातर माइंस की जगहें पता हैं, लेकिन यह बताने से मना कर दिया कि अमेरिका उनसे कैसे निपटने की योजना बना रहा है। उधर, अमेरिकी सेना ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के पास ईरान की 16 माइन-लेइंग (सुरंग बिछाने वाली) जहाजों को नष्ट कर दिया है। ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक अल-सैद ने ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन के साथ फोन पर बातचीत की, जिसमें उन्होंने ओमानी क्षेत्र पर जारी हमलों पर अपनी नाराजगी जताई

## जलमार्ग में बाधा के लिए अमेरिका दोषी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

ईरान ने होर्मुज जलमार्ग से कच्चे तेल और गैस की ढुलाई में आई बाधाओं के लिए अमेरिका को जिम्मेदार ठहराया है। ईरान ने कहा कि समस्या का मूल कारण वाशिंगटन की अस्थिरता पैदा करने वाली कार्रवाइयां हैं। ईरान के विदेश मंत्रालय ने बुधवार को विज्ञप्ति जारी कर विदेश मंत्री एस जयशंकर और ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची के बीच मंगलवार रात फोन पर हुई वार्ता का विवरण प्रदान करते हुए यह बात कही। अराघची ने जयशंकर को पिछले 11 दिनों में अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान के खिलाफ किए गए अपराधों का विवरण प्रदान किया, जिसमें मीनाब शहर में बालिका विद्यालय पर मिसाइल हमला और उसके बाद नागरिक ठिकानों पर हमले शामिल हैं। विज्ञप्ति में कहा गया है कि अराघची ने ईरान की अखंडता की व्यापक रूप से रक्षा करने के ईरान के दृढ़ संकल्प पर जोर दिया। दोनों विदेश मंत्रियों ने होर्मुज जलडमरूमध्य में तेल टैंकरों की आवाजाही में आई बाधाओं से उपजे हालात पर भी चर्चा की।

## चीन में 56 जातीय समूहों को एकजुट करने नया कानून

चीन में जिनपिंग सरकार एक नए कानून को मंजूरी देने की तैयारी कर रही है, जिसमें अलग-अलग जातीय समूहों (एथनिक ग्रुप्स) को एक ही राष्ट्रीय पहचान दी जाएगी। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक इस कानून का नाम ह्यलॉ ऑन प्रोमोटिंग एथनिक यूनिटी एंड प्रोग्रेसह्न है। चीन में हान, उइगुर, तिब्बती, मंगोल जैसे 56 जातीय समूह हैं। चीन की सरकार पर लंबे समय से आरोप लगते रहे हैं कि वह देश के जातीय अल्पसंख्यकों (एथनिक माइनॉरिटी) को दबाने वाली नीतियां अपनाती है और उन्हें जबरन बहुसंख्यक हान चीनी संस्कृति में घुलने-मिलने के लिए मजबूर करती है।

रिपोर्ट के मुताबिक अब चीन की संसद के सालाना सत्र में एक नया कानून पास होने वाला है। एक्सपर्ट्स और ह्यूमन राइट एक्टिविस्ट का कहना है कि यह कानून अल्पसंख्यकों के अधिकारों तथा उनकी संस्कृति के लिए खतरा बढ़ाएगा।

हालांकि चीन सरकार का कहना है कि यह कानून देश में लोगों के बीच एकता बढ़ाने और देश को आधुनिक बनाने के लिए जरूरी है। सरकार इसे ह्यजातीय एकता और प्रगति को बढ़ावा देने वाला कानूनह्न बता रही है। मंदारिन को ज्यादा अहमियत दी जाएगी। दूसरी भाषाओं का दर्जा घटेगा।

अलग-अलग जातीय समूहों के बीच शादी को प्रोत्साहन मिलेगा और ऐसी शादी रोकने की कोशिशों को गलत माना जाएगा। माता-पिता को बच्चों को यह सिखाना होगा कि वे चीनी कम्युनिस्ट पार्टी से प्रेम करें। अगर कोई व्यक्ति, संगठन या गतिविधि ऐसी बात कहे या करे जिससे अलग-अलग जातीय समुदायों के बीच झगड़ा, नफरत या अलग होने की मांग बढ़े, तो उस पर रोक लगाई जाएगी। नए कानून में प्रावधान है कि बच्चों को माता-पिता कम्युनिस्ट पार्टी से प्रेम करना सिखाएं।

### जिनपिंग की नीति को मजबूत करेगा नया कानून

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग पहले भी कई बार धर्म के चीनीकरण की बात कर चुके हैं। इसका मतलब है कि धार्मिक परंपराएं और प्रथाएं भी कम्युनिस्ट पार्टी के हिसाब से चीनी संस्कृति और मूल्यों के अनुरूप होनी चाहिए। एक्सपर्ट्स मानते हैं कि नया कानून इसी नीति को और मजबूत करेगा। पेनसिल्वेनिया यूनिवर्सिटी के एरन ग्लासरमैन के मुताबिक, मंदारिन को बढ़ावा देने और अल्पसंख्यकों की पहचान तथा धार्मिक अभिव्यक्ति पर नियंत्रण जैसी नीतियां पहले भी लागू थीं। अब चीन सरकार इन नीतियों को सिर्फ नीति नहीं बल्कि कानून का रूप दे रही है।

चीन में कुल 56 आधिकारिक जातीय अल्पसंख्यक समुदाय हैं। इनमें कुछ की आबादी हजारों में है तो कुछ की लाखों में। लेकिन सरकार को सबसे ज्यादा चिंता कुछ खास क्षेत्रों को लेकर रहती है, जैसे शिनजियांग और तिब्बत।

# दावा-सैटेलाइट से अमेरिकी लोकेशन ट्रैक कर रहा था चीन

### ईरान पर पहली मिसाइल गिरने से पहले ही चीनी कंपनी ने दी थी हमले की जानकारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बीजिंग

28 फरवरी को ईरान पर पहली मिसाइल चलने से पहले ही चीनी सोशल मीडिया पर संकेत मिलने लगे थे कि अमेरिका बड़ा हमला करने की तैयारी कर रहा है। इंटरनेट पर अमेरिकी सैन्य तैयारियों से जुड़ी सैटेलाइट तस्वीरें तेजी से फैलने लगी थीं। इन तस्वीरों में रनवे पर खड़े लड़ाकू विमान, रेगिस्तानी एयरफील्ड पर उतरते ट्रांसपोर्ट प्लेन और भूमध्यसागर में किसी विमानवाहक पोत के डेक पर तैनात फाइटर जेट दिखाई दे रहे थे। इन तस्वीरों की खास बात यह थी कि इनमें असामान्य रूप से बहुत ज्यादा जानकारी दी गई थी और यह जानकारी अंग्रेजी में नहीं बल्कि मंदारिन (चीनी भाषा) में लिखी हुई थी।



मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक तस्वीरों में अलग-अलग विमानों के नाम बताए गए थे, मिसाइल रक्षा सिस्टम को साफतौर पर चिह्नित किया गया था और सैनिकों की तैनाती को सटीक लोकेशन के साथ दिखाया गया था। इन सैटेलाइट तस्वीरों को एक चीनी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कंपनी ने ऑनलाइन साझा किया था। एक तस्वीर में इजराइल के ओवदा एयरबेस पर लॉकहीड मार्टिन के ऋ22 स्टेल्थ फाइटर खड़े दिखाई दे रहे थे। दूसरी तस्वीर में सऊदी अरब के प्रिंस सुल्तान एयरबेस पर विमानों और सपोर्ट सिस्टम की बढ़ती तैनाती दिखाई गई थी। इसके अलावा कतर, जॉर्डन और बहरीन में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों को भी नक्शे पर चिह्नित किया गया था। ये सभी तस्वीरें शंघाई स्थित जियोस्पेशियल इंटेलिजेंस कंपनी मिजार विजन ने साझा की थीं, जिसमें 200 से कम कर्मचारी काम करते हैं।

28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल ने मिलकर ह्यऑपरेशन एपिक फ्यूरीह्न के तहत ईरान पर हवाई हमले शुरू किए। इसके जवाब में तेहरान ने मिसाइल और ड्रोन हमले किए।

लेकिन इस संघर्ष के बीच एक और चीज समानांतर रूप से चल रही थी। इंटरनेट पर लगातार सैटेलाइट तस्वीरें सामने आ रही थीं, जिनमें अमेरिकी विमानों, मिसाइल रक्षा सिस्टम और नौसैनिक गतिविधियों को दिखाया जा रहा था। ये सभी तस्वीरें शंघाई स्थित जियोस्पेशियल इंटेलिजेंस कंपनी मिजार विजन द्वारा साझा की जा रही थीं। बताया जाता है कि पहली बड़ी तस्वीरों का सेट 20 फरवरी को आसपास सामने आया था। मिजार विजन ने हाई-रेजोल्यूशन सैटेलाइट तस्वीरों का एक संग्रह जारी किया, जिसमें दक्षिणी इजराइल के ओवदा एयर बेस पर अमेरिकी विमानों की तैनाती, सऊदी अरब और कतर समेत मिडिल ईस्ट के कई देशों में फाइटर जेट की मौजूदगी, अरब सागर में नौसैनिक गतिविधियां और विमानवाहक पोतों की आवाजाही दिखाई गई।

## अमेरिका-इजरायल के जहाज को निशाना बनाएंगे: ईरान

ईरान की सेना ने बुधवार को कहा कि होर्मुज जलमार्ग से गुजरने वाले अमेरिका, इजरायल या उनके सहयोगियों के किसी भी जहाज को निशाना बनाया जाएगा। सरकारी टीवी द्वारा प्रसारित बयान में सेना की केंद्रीय परिचालन कमान, खातम अल-अंबिया ने कहा, कोई भी पोत जिसका तेल कार्गो या वह पोत स्वयं अमेरिका, इजरायल या उनके सहयोगियों का है, उसे निशाना बनाया जाएगा। बयान में दोहराया गया कि ईरान के सशस्त्र बल इस जलडमरूमध्य से एक लीटर तेल भी नहीं गुजरने देंगे।

ओमान के दक्षिणी शहर सलालाह के पोर्ट पर तेल स्टोरेज टैंकों पर ड्रोन हमला हुआ है।ओमानी सरकारी मीडिया के मुताबिक ड्रोन हमले के बाद पोर्ट के फ्यूल स्टोरेज टैंकों में आग लग गई, हालांकि किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |


## वर्ग पहेली



### बाएं से दाएं
1. कंठ, गला-3
3. पक्षियों का शोर-4
5. शारीरिक उंचाई-2
6. पाचन शक्ति-3
7. मां की माता-2
8. प्यार, प्रेम (अंग्रेजी-2)
10. रचना करने वाला-5
12. शोरबा, तरी-3
15. खाद्य सामग्री-3
17. दोनों हाथों को पीटना-5
20. भाग्य (अंग्रेजी-2)
22. कदली, एक फल-2
23. उपासना, शीश झुकाना-3
24. घ्राणेन्द्रिय, नासिका-2
25. तहखाना-4
26. दया-3

### ऊपर से नीचे
1. मर्यादा, सीमा-2
2. कहानी लिखने वाला-5
3. अचरज भरा कार्य-3
4. वर, इच्छित वस्तु देना-4
5. जलजला-3
7. मां के पिता-2
9. चिकनाई-2
11. हशीश, एक प्रकार का मादक पदार्थ-3
13. बोलने का तरीका-3
14. तमीजवाला-5
15. परंपरा, रिवाज-4
16. राजनीतिक पार्टी-2
18. आफत, मुसीबत-2
19. नाट्य, कथा मंचन-3
21. कमी-3
24. संबोधन-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 100 | | 4 | | 2 | | 30 | = | 20 |
| | | | | | | | | |
| 30 | | 2 | | 2 | | 20 | = | 50 |
| | | | | | | | | |
| 50 | | 25 | | 5 | | 2 | = | 60 |
| | | | | | | | | |
| 2 | | 20 | | 3 | | 4 | = | 23 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 10 | | 11 | | 15 | | 16 | = | 33 / 22 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मी | र | कु | मा | र | अ | फ | न | प | र |
| न | ला | क | प | ई | ब्रे | र्जु | शि | या | इ | म |
| अ | दा | म | ला | र | ग | न | द | द | प | थि |
| प्र | ग | ल | न | व | दू | सिं | प | या | लि | ला |
| त | प | अ | सौं | वी | जा | ह | कि | नि | ला | स |
| आ | इ | व | मो | व | आ | व | त | धि | लू | पा |
| ग | जी | ल | मु | व | प | जा | न | मा | प्र | स |
| र | रि | भा | र | ख | प | स | द | र | सा | वा |
| क | म | ल | ला | थ | र्जी | ज | जी | न | द | न |
| न | ट | व | र | सिं | ह | श्रा | र | अ | प | श |
| व | शि | वा | जी | पा | टि | ल | ता | प | क | र |


## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | | | | 1 | |
| 1 | 30 | 2 | 37 | 6 | 31 | |
| | 1 | 6 | | | 2 | |
| 6 | 37 | 3 | 34 | 1 | 25 | 5 |
| | 7 | | 6 | | 2 | |
| | 33 | 4 | 32 | 4 | 30 | 2 |
| | 3 | | 4 | | 6 | |


## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...




## रंग भरकर चित्र बनाओ



# महाकुंभ की 'वायरल गर्ल' ने मुस्लिम बॉयफ्रेंड से की शादी

# पुलिस से मांगी सुरक्षा, पिता से बताया खतरा; डायरेक्टर बोले- ये लव जिहाद



**प्रयागराज महाकुंभ 2025 में रुद्राक्ष की माला बेचते हुए सोशल मीडिया पर वायरल हुई मध्यप्रदेश के खरगोन जिले के महेश्वर की रहने वाली मोनालिसा भोंसले ने केरल में अपने बॉयफ्रेंड फरमान खान से मंदिर में शादी कर ली। शादी से पहले बुधवार को दोनों तिरुवनंतपुरम के थंपानूर पुलिस स्टेशन पहुंचे थे। यहां मोनालिसा ने पुलिस से सुरक्षा मांगी और कहा कि उनके पिता उन्हें जबरन घर वापस ले जाने की कोशिश कर रहे हैं। पुलिस के मुताबिक, मोनालिसा ने कहा कि वह बालिग हैं और अपनी मर्जी से फरमान के साथ रहना और उससे शादी करना चाहती हैं। डायरेक्टर सनोज मिश्रा ने इसे लव जिहाद बताया।**

## रुद्राक्ष की माला बेचने गई थीं महाकुंभ

मोनालिसा महेश्वर की रहने वाली हैं। वह परिवार के साथ प्रयागराज महाकुंभ में रुद्राक्ष की माला बेचने गई थीं। इसी दौरान एक कंटेंट क्रिएटर ने उनका वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, जो उनकी मुस्कान और आंखों की वजह से तेजी से वायरल हो गया। वह इतनी चर्चित हो गई कि उनकी तस्वीरों वाली टी-शर्ट तक बिकने लगीं। बाद में उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा था कि भीड़ और लगातार घिरने की वजह से वह परेशान हो गई थीं और माला भी नहीं बेच पा रही थीं। इसी कारण वह महाकुंभ छोड़कर घर लौट आई थीं। इसके बाद डायरेक्टर सनोज मिश्रा ने उन्हें फिल्म का ऑफर दिया और वह रातोंरात चर्चा में आ गई थी।



## मोनालिसा को ब्रेक देने वाले कौन हैं सनोज मिश्रा

- पिछले एक दशक से बतौर डायरेक्टर- राइटर हिंदी सिनेमा से जुड़े हैं।
- 2014 में अजय कुमार झा के साथ भोजपुरी फिल्म बेताब का निर्देश किया था।
- गांधीगिरी (2016), तराना: द ब्लैक स्टोरी( 2018) राम की जन्मभूमि (2019) लफंगे नवाब( 2019) श्रीनगर( 2022) द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल जैसी फिल्मों का निर्देशन।
- द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल, शशांक, गजनवी और श्रीनगर जैसी फिल्मों के निर्देशन के साथ कहानी भी लिखी है।
- द डायरी ऑफ मणिपुर के अलावा काशी टू कश्मीर भी अपकमिंग फिल्मों में शामिल।

[redacted]


## थाने से शादी तक पूरी टाइमलाइन



- **सुबह करीब 10:00 बजे**
  मोनालिसा भोंसले अपने बॉयफ्रेंड फरमान खान और फिल्म यूनिट के कुछ लोगों के साथ तिरुवनंतपुरम के थंपानूर पुलिस स्टेशन पहुंचीं। उन्होंने पुलिस को बताया कि परिवार उनकी शादी का विरोध कर रहा है और उन्हें सुरक्षा चाहिए।
- **करीब 10:30 – 11:30 बजे**
  पुलिस ने मोनालिसा और फरमान से अलग-अलग पूछताछ की। दस्तावेजों की जांच कर पुष्टि की गई कि मोनालिसा बालिग हैं और अपनी मर्जी से आई हैं। पुलिस ने उनके परिवार से संपर्क करने की कोशिश भी की।
- **दोपहर करीब 12:00 बजे**
  जांच के बाद पुलिस ने स्पष्ट किया कि किसी तरह की जबरदस्ती या अपहरण की बात सामने नहीं आई है। इसके बाद दोनों को अपनी इच्छा से जाने की अनुमति दे दी गई।
- **दोपहर 1:00 – 2:00 बजे के बीच**
  पुलिस स्टेशन से निकलने के बाद मोनालिसा और फरमान पास के एक मंदिर पहुंचे, जहां शादी की तैयारी की गई।
- **दोपहर बाद करीब 2:30 – 3:00 बजे**
  तिरुवनंतपुरम के अरुमनूर मंदिर में दोनों ने शादी कर ली। बाद में शादी की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए।







## फिल्म शूटिंग के दौरान हुई मुलाकात

मोनालिसा इन दिनों अपनी डेब्यू फिल्म ह्रद डायरी ऑफ मणिपुरह्र की शूटिंग के सिलसिले में केरल आई हुई हैं। इसी दौरान फरमान खान से उनकी मुलाकात हुई। दोनों ने बताया कि फिल्म में साथ काम करने के दौरान बातचीत शुरू हुई और धीरे-धीरे रिश्ता प्यार में बदल गया।

फरमान खान ने कहा, हम दोनों एक फिल्म में साथ काम कर रहे थे। वहीं हमारी बातचीत शुरू हुई। पहले मोनालिसा ने मुझे प्रपोज किया था। मैंने मना कर दिया, लेकिन बाद में हम दोनों को गहरा प्यार हो गया।ह्र

मोनालिसा के मुताबिक उनका और फरमान का रिश्ता करीब छह महीने पुराना है। उन्होंने बताया कि घरवाले गांव में ही किसी और से उनकी शादी कराना चाहते थे, जो उन्हें मंजूर नहीं था।



## डायरेक्टर ने लगाया साजिश का आरोप

मोनालिसा को फिल्म में मौका देने वाले डायरेक्टर सनोज मिश्रा ने इस शादी पर फेसबुक पोस्ट में नाराजगी जताई है। उन्होंने लिखा कि जिस लड़की को मौका देने के लिए उन्होंने 10 करोड़ रुपए का कर्ज लेकर फिल्म बनाई, उसने एक मुस्लिम युवक के साथ भागकर सब बर्बाद कर दिया। उन्होंने इसे लव जिहाद बताते हुए इसके पीछे साजिश होने का आरोप लगाया।



### मीडिया पर भड़के मोनालिसा के परिजन

महेश्वर में बुधवार रात करीब 9:30 बजे जब स्थानीय मीडिया कर्मी मोनालिसा के परिवार से बात करने उनके घर पहुंचे, तो परिजन मीडिया को देखकर भड़क गए। उन्होंने पत्रकारों से अभद्र व्यवहार किया और वीडियो-फोटो बनाने से मना कर दिया। इतना ही नहीं, कुछ मीडियाकर्मियों से वीडियो डिलीट करवाने की भी कोशिश की।

■ वर्ष-12 अंक-127 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बृहस्पतिवासरः 12 मार्च, 2026

## सुभाषितानि

**अथाहिंसा क्षमा सत्यं ह्रीश्रद्धेन्द्रिय संयमा:।**
**दानमिज्या तपो ध्यानं दशकं धर्म साधनम्।।**

**भावार्थ** : अहिंसा, क्षमा, सत्य, लज्जा, श्रद्धा, इन्द्रियों पर नियंत्रण, दान, यज्ञ, तप और ध्यान- ये दस धर्मों के साधन हैं।

**अलसस्य कुतः विद्या अविद्यस्य कुतः धनम्।**
**अधनस्य कुतः मित्रम् अमित्रस्य कुतः सुखम्।।**

**भावार्थ** : आलसी के लिए ज्ञान कहाँ है, अनपढ़ के लिए धन कहाँ है या मूर्ख के लिए कहाँ है, गरीबों के लिए मित्र कहाँ है और अमित्र के लिए सुख कहाँ है।

## सम्पादकीयम्

### मित्रराष्ट्रेषु विवादः

दलस्य राज्याध्यक्षः तस्य एकस्य विधायकस्य कृते कारणं दर्शयति इति सूचनां दत्तवान्। अम्बर्नाथ्-नगरे काङ्ग्रेस-पक्षः स्वपार्षदान् निलम्बितवान्। मित्रराष्ट्रेषु विवादः। स्थानीयनेतारः सामान्यतया परिस्थित्याधारितं निर्णयं कर्तुं स्वतन्त्राः भवन्ति। परन्तु एते गठबन्धनानि राज्ये बृहत्तरं राजनैतिकगतिशीलतां अपि सूचयन्ति। सत्ताधारी इख्डा-पक्षस्य शिवसेना-पक्षस्य (शिण्डे-गुटस्य) च मध्ये विच्छेदः अनेकवारं प्रकटितः अस्ति। गतवर्षस्य नवम्बरमासे उभयपक्षेण परस्परं शिकारनेतृणां आरोपः कृतः। तस्मिन् समये शीर्षस्तरीयः सम्झौता अभवत् यत् ते परस्परं नेतारं न नियुक्तं करिष्यन्ति इति। अजीतपवारस्य असन्तुष्टिः - यद्यपि एतेन परस्परं असन्तुष्टिः निवारिता स्यात तथापि एतेन तस्य समाधानं न दृश्यते। ज्ञातव्यं यत् सत्ताधारी गठबन्धनस्य अन्येन मित्रपक्षेण सह उपसीएम अजीतपवारेन सह अपि सम्बन्धाः अस्थिराः अभवन्। भ्रष्टाचारसम्बद्धे तस्य एकस्मिन् वक्तव्ये संस्थायाः तीक्ष्णप्रतिक्रिया अभवत्। जनद्रोहः : गठबन्धनस्य भागिनानां मध्ये असहमतिः सामान्या अस्ति। कदाचित् वैचारिकभेदाः महत्त्वपूर्णाः भवन्ति, परन्तु यदा ते एतावत्पर्यन्तं वर्धन्ते यत् ते विपक्षेण सह मिलित्वा परस्परं निवारयन्ति तदा जनस्य विश्वासघातः एव यत्र वैचारिकसंरेखणं नास्ति तत्र सत्तायाः कृते हस्तं मिलित्वा शुद्धः अवसरवादः एव। येषां दलानाम् राजनैतिकपदं परस्परं विरुद्धम् अस्ति, ये च केन्द्रात् राज्यपर्यन्तं प्रतिद्वन्द्विनः सन्ति, ते जनहिताय एकत्र कार्यं कर्तुं शक्नुवन्ति वा?

**एयर इण्डिया इत्यस्य एतत् कदमः अन्यविमानसेवानां**

# प्रभावं कर्तुं शक्नोति इति विमान यात्रा उद्योगस्य विशेषज्ञाः मन्यन्ते




ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

विमानसेवायाः परिचालनव्ययस्य प्रमुखः घटकः जेट्-इन्धनं भवति, यत् कुलव्ययस्य प्रायः ३० तः ४० प्रतिशतं यावत् भवति। फलतः ईंधनस्य मूल्यवृद्ध्या विमानभाडानां प्रत्यक्षः प्रभावः भवति। विमानसेवानां कृते एतान् वर्धमानव्ययान् दीर्घकालं यावत् अवशोषयितुं न शक्यते, अतः ते यात्रिकाणां उपरि किञ्चित् भारं ईंधनस्य अतिरिक्तशुल्कद्वारा पारयन्ति।

एयर इण्डिया इत्यनेन अपि एकस्मिन् वक्तव्ये उक्तं यत् कम्पनी निरन्तरं विपण्यस्थितेः निरीक्षणं कुर्वती अस्ति तथा च यात्रिकाणां उपरि अतिरिक्तं भारं न्यूनीकर्तुं प्रयतते। परन्तु वर्तमानपरिस्थितौ परिचालनव्ययस्य निवार्हार्थं ईंधनस्य अतिरिक्तशुल्कस्य वृद्धिः आवश्यकी अभवत्। कम्पनी इदमपि सूचितवती यत् यदि अन्तर्राष्ट्रीय-इन्धनस्य मूल्यं स्थिरं भवति अथवा न्यूनं भवति तर्हि भविष्ये अतिरिक्तशुल्कस्य समीक्षा भवितुं शक्नोति।

एयर इण्डिया इत्यस्य एतत् कदमः अन्यविमानसेवानां प्रभावं कर्तुं शक्नोति इति विमानयात्रा उद्योगस्य विशेषज्ञाः मन्यन्ते। यदि ईंधनस्य मूल्यं उन्नतं भवति तर्हि अन्ये विमानसेवाः अपि स्वभाडां संशोधितुं वा ईंधनस्य अतिरिक्तशुल्कं योजयितुं वा शक्नुवन्ति। एतेन भविष्ये आन्तरिक-अन्तर्राष्ट्रीय-विमानयानानां मूल्यानि अधिकानि भवितुम् अर्हन्ति।

यात्राविश्लेषकाः वदन्ति यत् मार्च-एप्रिल-मासाः सामान्यतया पर्यटनस्य व्यापारयात्रायाः च व्यस्ताः मासाः भवन्ति। अस्मिन् काले भाडायाः वृद्धिः यात्रिकाणां योजनां बाधितुं शक्नोति। परन्तु केचन विशेषज्ञाः मन्यन्ते यत् यदि तैलविपण्यं शीघ्रं सामान्यं भवति तर्हि भाडानां वृद्धिः सीमितं भवितुम् अर्हति।

इदानीं वैश्विक ऊर्जाविपण्यस्य निरीक्षणं कुर्वन्तः विशेषज्ञाः चेतवन्तः यत् यदि पश्चिम एशियायां द्वन्द्वः दीर्घकालं यावत् निरन्तरं भवति तर्हि तस्य प्रभावः केवलं विमानन-उद्योगे एव सीमितः न भविष्यति। पेट्रोल-डीजलतः आरभ्य परिवहनं रसदं च यावत अनेकक्षेत्रेषु व्ययः वर्धयितुं शक्नोति, अन्ततः उपभोक्तृभ्यः प्रभावं जनयति। इदानीं कृते एयर इण्डिया इत्यनेन स्पष्टीकृतं यत् टिकटबुकिंग समये यात्रिकाः नूतनदराणां विषये सूचनां प्राप्नुयुः। विमानसेवा इत्यनेन अपि उक्तं यत् पारदर्शितायाः निवार्हार्थं टिकटभाडेषु ईंधनस्य अतिरिक्तशुल्कं स्पष्टतया।

**बिहारराजनीत्यां समीकरणे**

# परिवर्तनं जातम् एनडीए-पक्षे भाजपा सर्वाधिकशक्तिशाली

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

विगतदशकद्वये बिहारराजनीत्यां महत् परिवर्तनं दृश्यते। एकः समयः आसीत् यदा राष्ट्रियलोकतान्त्रिकगठबन्धने जनतादलः (संयुक्तः) प्रबलशक्तिः आसीत्, भारतीयजनतापक्षः तस्य मित्रपक्षः इति गण्यते स्म। परन्तु कालान्तरे राजनैतिकसमीकरणेषु सर्वथा परिवर्तनं जातम्, अधुना बिहारे एनडीए-अन्तर्गतं भाजपा-पक्षः सर्वाधिकप्रभावशाली दलरूपेण उद्भूतः, यदा तु जदयू-पक्षस्य स्थितिः तुल्यकालिकरूपेण दुर्बलतां प्राप्तवती अस्ति

बिहारस्य मुख्यमन्त्री नीतीशकुमारस्य राज्यसभाप्रवेशस्य अद्यतननिर्णयस्य अनन्तरं एतत् परिवर्तनं अधिकं स्पष्टं दृश्यते। निकटभविष्यत्काले प्रथमवारं बिहारे भाजपायाः स्वकीयः मुख्यमन्त्री भवितुम् अर्हति इति अनुमानं क्रियते। राज्यराजनीत्यां दीर्घकालं यावत् केन्द्रभूमिकां निर्वहन्त्याः जदयू-पक्षस्य कृते एषा स्थितिः राजनैतिक-मोक्षबिन्दुः सिद्धः भवितुम् अर्हति।

राजनैतिकविश्लेषकाणां मते एतत् परिवर्तनं बहुवर्षपूर्वम् आरब्धम्। अटलबिहारीवाजपेयी-लालकृष्ण-आडवाणी-युगे एनडीए-राजनीतिः गठबन्धन-राजनीति-आधारिता आसीत्। तस्मिन् समये प्रादेशिकदलानां प्रबलभूमिका आसीत्, अनेकेषु राज्येषु भाजपायाः मित्रराष्ट्रैः सह कार्यं कर्तव्यम् आसीत्। बिहारे जदयू पिछड़ाजातीयानां समर्थनस्य कारणेन गठबन्धने प्रबलशक्तिः आसीत्, यदा तु भाजपा उच्चजातीयानां, व्यापारिणां, नगरीयमतदातृणां च समर्थनं प्राप्तवती २००५ तमे वर्षे विधानसभानिर्वाचने जदयू-भाजपा-गठबन्धनेन राष्ट्रियजनतादलस्य दीर्घकालं समाप्तम्।

### गृहमन्त्रालयस्य एषा उपक्रमः पुलिसिंगस्य पारम्परिकप्रतिरूपात्

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

संवेदनशीलप्रकरणेषु गोपनीयता, पीडितानां परिचयस्य रक्षणं, अन्वेषणसम्बद्धसूचनानाम् सन्तुलितप्रकाशनं च सुनिश्चितं कर्तव्यम्। मन्त्रालयेन सामान्यमार्गदर्शिकानां पालनस्य, कानूनीप्रावधानानाम् अनुसारं सामग्रीसाझेदारी च सल्लाहः दत्तः अस्ति। गृहमन्त्रालयस्य एषा उपक्रमः पुलिसिंगस्य पारम्परिकप्रतिरूपात परं गमनम् अस्ति तथा च अन्तरक्रियाशीलं सहभागितापूर्णं च प्रतिरूपं सूचयति। सर्वकारस्य स्पष्टः सन्देशः अस्ति यत् केवलं सत्कार्यं करणं पर्याप्तं नास्ति; समाजे तस्य प्रसारणं अपि तथैव महत्त्वपूर्णम् अस्ति। यदि एषा व्यवस्था प्रभावीरूपेण कार्यान्विता भवति तर्हि पुलिस-जनतायाः सम्बन्धे सकारात्मकपरिवर्तनं कर्तुं शक्नोति तथा च कानूनव्यवस्थाव्यवस्थायाः विश्वसनीयतां अधिकं सुदृढां कर्तुं शक्नोति।

## राशिफल

**मेष** : मेष राशि वालों के लिए समय अभी खास है, आपको इस समय किसी भी तरह का गुस्सा नहीं करना है।

**वृषभ** : शैक्षिक और बौद्धिक कार्यों में आपका मन लगेगा। इस समय अपना काम ईमानदारी और आत्मविश्वास से करना होगा।

**मिथुन** : मिथुन राशि वालों के लिए आपके पास कई ऐसे मौके आ रहे हैं, जब जिम्मेदारियां प्रोफेशनल लाइफ में बढ़ सकती हैं।

**कर्क** : वाहन की प्राप्ति हो सकती है। इस समय आपको लाइफ पार्टनर से भी लाफ के योग बन रहे हैं। सही तालमेल बनाए रखें।

**सिंह** : आज का दिन शुभ रहेगा। इस पर ज्यादा ध्यान ना दें। एक छोटा बदलाव नई चीजों के लिए रास्ता खोलता है।

**कन्या** : जीवनसाथी के साथ समय व्यतीत करेंगे।शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए ये समय किसी वरदान से कम नहीं है।

**तुला** : धन- लाभ होगा। लेकिन सच को अपनाने से तनाव कम होगा और चीजें साफ दिखने लगेंगी।

**वृश्चिक** : सेहत अच्छी रहेगी, लेकिन ओवरवर्क से बचें। बस उसे पहचानने की जरूरत है। काम पर फोकस करें।

**धनु** : परिवार के साथ संग बिताएं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**मकर** : परिवार का साथ मिलेगा। पानी पर्याप्त मात्रा में पीते रहिए। पैसों में जरूरत से ज्यादा भरोसा न करें।

**कुंभ** : भाई-बहनों का सहयोग मिल सकता है। परिवार के साथ समय बिताने से मन खुश रहेगा।

**मीन** : आर्थिक स्थिति सही रहेगी। कहीं बाहर जाने की प्लानिंग कर सकते हैं। सेहत सही रहेगी।

## ज्योतिष/वास्तु

# 13 मार्च से इन तीन राशियों को रहना होगा सावधान, शनि के अस्त होने पर बढ़ सकती हैं मुश्किलें

न्याय के देवता शनि 13 मार्च 2026 को मीन राशि में अस्त हो जाएंगे। इसके बाद 22 अप्रैल 2026 तक शनि अस्त अवस्था में ही रहेंगे। ज्योतिष के अनुसार शनि के अस्त होने से कुछ राशियों पर नकारात्मक प्रभाव देखने को मिल सकता है। खासकर शनि की अपनी राशियों और तुला राशि के जातकों को इस दौरान जीवन के अलग-अलग क्षेत्रों में चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में कुछ सरल उपाय अपनाकर शनि के अशुभ प्रभाव को कम किया जा सकता है। आइए जानते हैं ये राशियां कौन सी हैं और इसके लिए कौन से उपाय किए जा सकते हैं।



**तुला राशि-** ज्योतिष शास्त्र के अनुसार शनि तुला राशि में उच्च के माने जाते हैं, इसलिए इस राशि के जातकों पर सामान्य तौर पर शनि का सकारात्मक प्रभाव रहता है। लेकिन जब शनि अस्त होते हैं तो इसका असर उल्टा भी पड़ सकता है। 13 मार्च के बाद आपको आर्थिक मामलों में सावधानी बरतने की जरूरत होगी। अचानक आपको खर्च बढ़ सकते हैं और जमा किया हुआ धन भी खर्च हो सकता है। लेन-देन करते समय विशेष सतर्कता बरतनी होगी। सामाजिक जीवन में भी बातचीत के दौरान शब्दों का चयन सोच-समझकर करें।

**उपाय-** शनिवार के दिन सरसों के तेल का दान करना लाभकारी माना जाता है।

**मकर राशि-** मकर राशि के स्वामी स्वयं शनि देव हैं, इसलिए शनि का अस्त होना इस राशि के लोगों के लिए चुनौतीपूर्ण समय ला सकता है। इस दौरान आत्मविश्वास में कमी महसूस हो सकती है। यदि कोई मामला कोर्ट-कचहरी में चल रहा है तो उससे जुड़ी परेशानियां बढ़ने की संभावना है। आर्थिक मामलों में भी सावधानी जरूरी है, खासकर उधार लेने या देने से बचना चाहिए। सामाजिक जीवन में महिलाओं के साथ सम्मानजनक व्यवहार रखें, अन्यथा प्रतिष्ठा प्रभावित हो सकती है। जो लोग नौकरी या रोजगार की तलाश में हैं, उन्हें पहले से अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है।

**उपाय-** नियमित रूप से हनुमान चालीसा का पाठ करें।

**कुंभ राशि-** कुंभ राशि के स्वामी ग्रह भी शनि ही हैं, इसलिए शनि के अस्त होने का असर इस राशि के जातकों पर भी पड़ सकता है। आपको करियर और कारोबार से जुड़े मामलों में विशेष सतर्कता रखने की जरूरत है। कोई भी बड़ा निर्णय जल्दबाजी में न लें। इस समय आपका स्वभाव थोड़ा कठोर हो सकता है, जिससे सामाजिक छवि प्रभावित हो सकती है।

आर्थिक मामलों में लापरवाही करने से नुकसान होने की संभावना है और धन संबंधी परेशानियां बढ़ सकती हैं। साथ ही प्रेम और वैवाहिक जीवन में भी कुछ तनाव देखने को मिल सकता है।

**उपाय-** काले कुत्ते को रोटी खिलाना शुभ माना जाता है।

## खबर एक नजर...

### इंगोरिया में आमने-सामने भिड़ी बाइक, 3 घायल

**उज्जैन।** इंगोरिया क्षेत्र में मंगलवार-बुधवार रात को आमने-सामने बाइक में भिड़ंत हो गई। एक बाइक पर सवार राकेश और उसके पिता राजाराम निवासी दंगवाड़ा घायल हो गये। दूसरी बाइक पर गुजरात का रहने वाला अजय पिता जस्सूभाई सवार था, वह घायल हुआ है। तीनों को अस्पताल लाने पर सामने आया कि राकेश अपने पिता और पुत्री अनुष्का के साथ ग्राम चंदूखेड़ी शादी में आया था। जहां से वापस लौट रहे थे। पुत्री अनुष्का दुर्घटना में बाल-बाल बच गई। वहीं अजय ने बताया कि वह गुजरात से फसल कटाई के लिये हार्वेस्टर लेकर इंगोरिया आया हुआ है। रात में वह बाइक से बाजार गया था, जहां से वापस खेत लौट रहा था। पुलिस ने मामले में जांच शुरू की है। तीनों घायलों की हालत खतरे से बाहर बताई गई है।

### छत्रीचौक गार्डन में जुआ खेल रहे 2 युवक गिरफ्तार

**उज्जैन।** छत्री चौक गार्डन में रात के समय पेड़ की आड़ में 2 युवक ताश-पत्ती से जुआ खेल रहे थे। खाराकुआ थाना एसआई लिवान कुजूर सर्कल भ्रमण पर निकले और गार्डन स्थित चौकी पर पहुंचे तो उन्हे जुआरियों की जानकारी मिली। उन्होंने तत्काल आरक्षक वीरेन्द्र शर्मा के साथ गार्डन में दबिश दी और दोनों युवको हिरासत में लिया। उनके पास से नगद राशि और ताश-पत्ती बरामद की गई। पूछताछ करने पर युवकों के नाम अजय उर्फ बिल्ला पिता नानु गुजराती 23 वर्ष निवासी बाबा रामदेव मंदिर के पास उदूपुरां और आकाश पिता गेंदालाल बामने 20वर्ष, निवासी भैरूलाल सामने आये। दोनों के खिलाफ सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलने के मामले में जुआ एक्ट अधिनियम की धारा 13 में प्रकरण दर्ज किया गया। छत्री चौक गार्डन में रात के समय असामाजिक तत्वों का जमघट लग जाता है। यहां नशाखोरी भी होती है।

### दौंड एक्सप्रेस ट्रेन से युवती का लेपटॉप रखा बेग चोरी

**उज्जैन।** सूरत की रहने वाली वंशिका पिता राजकुमार जैन दोस्तों के साथ दौंड एक्सप्रेस ट्रेन के कोच बी-6 में यात्रा कर बडोदरा से इंदौर जा रही थी। देवास स्टेशन के पास वंशिका का बेग अज्ञात बदमाश ने चोरी कर लिया। जिसमें 30 हजार कीमत का लेपटॉप, आईपेड, 2 मोबाइल और 5 हजार रखे थे। ट्रेन के उज्जैन पहुंचने पर वंशिका ने मामले की शिकायत जीआरपी को दर्ज कराई है। इससे पहले गोरखपुर का रहने वाला मदनमणी त्रिपाठी परिवार के साथ अहमदाबाद-गोरखपुर ट्रेन से उज्जैन आ रहा था। बदमाशों ने उज्जैन पहुंचने से पहले बेग चोरी किया। जिसमें सोने का मंगलसूत्र, चेन, टॉप्स, अंगूठी के साथ 15 साड़ी रखी थी। उक्त मामले में भी चोरी की शिकायत जीआरपी को दर्ज कराई गई। लम्बी दूरी की ट्रेनों में हर दूसरे दिन यात्रियों के साथ चोरी होना सामने आ रहा है। ट्रेनों में आरपीएफ के जवानों की तैनाती होती है, जो एक कोच से दूसरे कोच तक सर्चिंग भी करते है, बावजूद बदमाश वारदातों को अंजाम दे रहे है।

### मासूम को टक्कर मारने के बाद बाइक छोड़ भागा चालक

**उज्जैन।** ग्राम हमीरखेड़ी में रहने वाले धारासिंह पिता सेवाराम परमार 52 साल अपने 6 वर्षीय पोते सूर्यप्रताप उर्फ शौर्य पिता सोहनसिंह के साथ बादलखेड़ी फंटा चंद्रावतीगंज से पैदल लौट रहे थे। उसी दौरान बाइक क्रमांक एमपी 13 एफआर 7719 का चालक तेजगति से आया और मासूम सूर्यप्रताप को टक्कर मार दी। मासूम गंभीर घायल हो गया। इस दौरान बाइक सवार भी गिर गया था, वह मौके पर ही बाइक छोड़ पैदल भाग निकला। मामले में चिंतामण गणेश थाना पुलिस ने बाइक जप्त कर घायल मासूम के दादा की शिकायत पर चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज किया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 445-3 | 370-0 |
| मेन बाजार | 499-2 | - |
| मिलन डे | 568-9 | 780-5 |
| मिलन नाइट | 179-7 | 458-7 |

| | | |
|---|---|---|
| 3 | 4 | 7 |

### आत्महत्या के लिये उकसाने वाली पत्नी 2 साल बाद पकडाई

# गिरफ्तारी पर था 5 हजार का इनाम, जेल भेजा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

पति द्वारा की गई फांसी लगाकर आत्महत्या के मामले में जांच के दौरान पत्नी और उसके प्रेमी द्वारा उकसाने की जानकारी सामने आई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया था। मृतक की पत्नी फरार थी, जिसे 2 साल बाद बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया।

चिमनगंज थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि 17 सितंबर 2023 को संजयनगर में रहने वाले सोनू पिता सालगराम सोनगरा ने सूचना देकर बताया था कि खिलचीपुर में किराये से रहने वाले राजकुमार पिता मूलचंद 45 साल ने साड़ी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मामले में मर्ग कायम कर जांच



में लिया गया था। इस दौरान तथ्य सामने आये कि मृतक की पत्नी माया के अवैध संबंध सोनू सोनगरा से थे। राजकुमार को इस बात की जानकारी लग गई थी कि दोनों के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा है। जिसके चलते उसका माया से विवाद होता था। माया और सोनू के संबंध से राजकुमार मानसिक प्रताड़ित हो चुका था, जिसके चलते उसने फांसी लगाई थी। मामले में प्रकरण दर्ज कर सोनू को गिरफ्तार कर लिया गया था। पत्नी माया फरार हो गई थी। जिसकी काफी तलाश करने पर भी नहीं मिली। उसकी गिरफ्तारी पर 5 हजार का इनाम घोषित किया गया। माया ग्राम धतुरिया थाना खुड़ैल जिला इंदौर की रहने वाली थी। 2 साल बाद सूचना मिली कि माया का हाल मुकाम गारी पिपलिया थाना क्षिप्रा जिला इंदौर है। जहां वह रह रही है। तत्काल फरार इनामी आरोपिया को गिरफ्तार करने के लिये टीम रवाना की गई। जहां से उसे गिरफ्तार कर उज्जैन लाया गया। बुधवार को उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। थाना प्रभारी के अनुसार सोनू वर्तमान में भी केन्द्रीय जेल भैरूगढ़ में बंद है।

# हिरासत में नाबालिग का शोषण करने वाला मुंहबोला मामा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

रंगपंचमी की रात घर के पास रहने वाली मुंहबोली नाबालिग भांजी के साथ शराब के नशे में गलत काम कर धमकाने वाले मामा को बुधवार दोपहर पुलिस ने हिरासत में ले लिया। जिसे गुरूवार को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा जायेगा।

चिमनगंज थाना क्षेत्र में रहने वाला सतीश चौहान क्षेत्र में ही फल-फ्रूट का ठेला लगाता है। उसने अपने पड़ोस में रहने वाली महिला को मुंहबोली बहन बना रखा है। दोनों के परिवार में संबंध भी अच्छे थे। जिसके चलते एक-दूसरे के घर आना-जाना था। रंगपंचमी की रात सतीश शराब पीकर घर पहुंचा। इस दौरान पत्नी से उसका विवाद हो गया, सतीश अपने घर से मुंहबोली बहन के घर आ गया और रात में वहीं सोया। रात में नींद खुलने पर उसने कमरे में 12 साल की भांजी को अकेला देखा तो उसके साथ जबरदस्ती गलत काम किया और किसी को नहीं बताने की धमकी दी। सुबह सतीश के जाने पर नाबालिग ने अपनी बहन को घटनाक्रम बताया। नाबालिग को लेकर परिजन थाने पहुंचे और मामले की शिकायत दर्ज कराई। मामला गंभीर और रिश्तों का शर्मसार करने वाला सामने आने पर पुलिस ने धारा 64 (2) (एफ), 64 (2) (एम), 65 (1), 351 (3) बीएनएस के साथ धारा 3/4, 5 (एल)/ 6, 5 (एन)/ 6 पास्को एक्ट का प्रकरण दर्ज किया। आरोपी की तलाश कर बुधवार को उसे हिरासत में लिया गया है। जिससे पूछताछ की जा रही है। थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया के अनुसार गुरूवार दोपहर आरोपी का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद न्यायालय में पेश किया जायेगा।

### चैक बाउंस होने पर दर्ज कराई धोखाधड़ी की शिकायत

# प्रापर्टी में इंवेस्ट का झांसा देकर न्यूरोसर्जन से ठगे 35 लाख रु.

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

प्रापर्टी में इंवेस्ट करने और कुछ दिनों में ही लाखों का मुनाफा होने का झांसा देकर प्रापर्टी का काम करने वाले ने न्यूरो सर्जन को 35 लाख की चपत लगा दी। महिनों गुजर जाने के बाद सर्जन ने रुपए लौटाने को कहा तो उसने चैक थमा दिये। बाउंस होने पर सर्जन ने मामले में धोखाधड़ी की शिकायत पुलिस को दर्ज कराई।

संत कबीर नगर में रहने वाले डॉ. रूपेश पिता प्रेमनारायण खत्री न्यूरो सर्जन है। 10 अक्टूबर 2024 को उनका संपर्क नानाखेड़ा क्षेत्र के रहने वाले कमलेश कोचट्टा से हुआ था। कमलेश प्रापर्टी संबंधित काम करता है। उसने डॉ. खत्री को मित्रनगर में 15 सौ स्क्वायर फीट का मकान 35 लाख का होना बताया और कहा कि इंवेस्ट करना फायदे का सौदा होगा। वह कुछ दिनों में ही 8 से 10 लाख अधिक दिलवा देगा। डॉ. खत्री उसकी बातों में आ गये और 20 लाख रुपए नीलगंगा क्षेत्र में दिये, वहीं 15 लाख की राशि कमलेश को घर पर जाकर दी। कुछ दिनों के साथ महिनों गुजर गये, लेकिन इंवेस्ट की राशि मुनाफे के तौर पर नहीं मिली। ना ही खरीदी गई प्रापर्टी उनके नाम हो पाई। डॉ. खत्री ने कमलेश से रुपए मांगे तो आनाकानी करने लगा। जानकारी निकालने पर पता चला कि कमलेश ने उनसे लिये 35 लाख से जो मकान खरीदा था, उसकी रजिस्ट्री खुद के नाम करा ली है। डॉ. खत्री ने इंवेस्ट किये रुपए लौटाने को कहा तो कमलेश ने 10-10 लाख के चैक कुछ माह बाद के दिये। लेकिन कमलेश के खाते में रुपए नहीं होने पर चैक बाउंस हो गये। चैक बाउंस होने और 35 लाख वापस नहीं मिलने पर मामले की शिकायत नीलगंगा थाना पुलिस से की गई। पुलिस ने जांच के बाद मामले में कमलेश कोचट्टा के खिलाफ बीएनएस की धारा 318 (4), 316 (5) में प्रकरण दर्ज कर लिया। थाना प्रभारी तरूण कुरील के अनुसार मामले में विवेचना की जा रही है। जल्द कमलेश को गिरफ्तार कर पूछताछ की जायेगी।

# काल भैरव मंदिर के बाहर युवक को मारे चाकू

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

काल भैरव मंदिर के बाहर बुधवार शाम एक युवक को बदमाश ने चाकू मार दिये। घायल युवक को भैरवगढ़ थाना पुलिस ने उपचार के लिये चरक अस्पताल में भर्ती किया है।

बताया जा रहा है कि पुष्पांजलि नगर आगररोड का रहने वाला निहाल पिता स्व. रामेश्वर मालवीय काल भैरव मंदिर के बाहर धार्मिक कुर्तो की दुकान लगाता है। शाम को आगर नाका का रहने वाला सुमित श्रीवास अचानक आया और चाकू से हमला कर दिया। चाकू मारने के बाद वह भाग निकला। आसपास के दुकानदारों को निहान ने संभाला और पुलिस को सूचना दी। पुलिस घायल को अस्पताल लेकर पहुंची। जहां जांघ पर लगे चाकू के घाव का उपचार टांके लगाकर किया गया और भर्ती किया गया।

### मोबाइल से हुई मृतक मिले युवक की पहचान

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

मक्सीरोड रेलवे ट्रेक पर मृत मिले युवक की पहचान मोबाइल से कर ली गई। मृतक 2 दिनों से घर नहीं लौटा था। बुधवार सुबह परिजनों के आने पर पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। पंवासा थाना प्रधान आरक्षक शेखर हरियाला ने बताया कि मंगलवार-बुधवार रात थाना क्षेत्र के मक्सीरोड रेलवे ट्रेक से एक युवक का शव बरामद किया गया था। संभवतः उसकी ट्रेन से गिरने पर मौत हुई थी। मृतक का शव अस्पताल पहुंचाया गया, इस दौरान घटनास्थल से क्षतिग्रस्त मोबाइल मिला। जिसकी सीम को दूसरे मोबाइल में डालकर उसमें दर्ज नम्बरों पर चर्चा शुरू की गई।

# गिरफ्त में आया दोपहिया वाहनों में आग लगाने वाला पति

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

2 साल से अलग रहने वाली पत्नी के घर जाकर उसकी स्कूटी और ससुर की बाइक में आग लगाने वाला पति बुधवार को पुलिस की गिरफ्त में आ गया। जिसे कोर्ट में पेश किया गया, आगजनी के मामले में उसे जेल भेजा गया है।

बड़नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि 8-9 मार्च की रात बम कालोनी में रहने वाली पूजा पति जगदेव पाल के घर के ढालिये में खड़ी उसकी स्कूटी क्रमांक एमपी 13 डीएस 0331 और पिता कैलाशचंद्र की बाइक



क्रमांक एमपी 13 डीआर 6801 में आग लगाने की शिकायत दर्ज कराते हुए पति पर आग लगाकर भागने का आरोप लगाया था। मामले में प्रकरण दर्ज कर पति की तलाश शुरू की गई, जो बड़नगर के ही पंचवटी स्कूल के पास रहने वाला था। बुधवार को उसके घर आने की खबर मिलने पर एसआई हेमंत कटारे, प्रधान आरक्षक राहुलसिंह राठौर, सैनिक भूपेन्द्र बैरागी और धर्मेन्द्र डाबी को गिरफ्तारी के लिये रवाना किया गया। जहां से जगदेव को गिरफ्तार किया गया। उसे दोपहर में कोर्ट पेश कर जेल भेजा गया है।

### पति-पत्नी में 2 साल से चला रहा विवाद

थाना प्रभारी के अनुसार पूजा और जगदेव के बीच 2 सालों से विवाद चला आ रहा है। पति द्वारा दहेज के लिये प्रताड़ित किया जा रहा था। पूजा ने न्यायालय में केस लगा दिया था और मायके में रहकर ब्यूटी पार्लर का काम करने लगी थी। विवाद और न्यायालय प्रकरण के चलते ही जगदेव ने आगजनी को अंजाम दिया था।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com